# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 278, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसक्स में 174 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक टूटकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ। } 10

## भारत की न्याय प्रणाली होंगी सबसे आधुनिक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार बताते हुए कहा इससे आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली बन जाएगी। } 12



# जोएल मोकिर, फिलिप एगियन और पीटर हॉविट को अर्थशास्त्र का नोबेल

एजेंसी




स्टॉकहोम। आर्थिक विकास पर नवाचार के प्रभाव की व्याख्या और रचनात्मक विनाश नाम की एक प्रमुख आर्थिक अवधारणा पर शोध के लिए जोएल मोकिर, फिलिप एगियन और पीटर हॉविट को सोमवार को इस साल के अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। नोबेल समिति ने कहा कि विजेता अर्थशास्त्र के प्रति विपरीत, लेकिन पूरक दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। मोकिर एक आर्थिक इतिहासकार हैं, जिन्होंने ऐतिहासिक स्रोतों का इस्तेमाल करके दीर्घकालिक रुझानों का गहन अध्ययन किया, जबकि हॉविट और एगियन ने यह समझाने के लिए गणित का सहारा लिया कि रचनात्मक विनाश कैसे काम करता है। रचनात्मक विनाश से आशय उस आर्थिक अवधारणा से है कि जब एक नया और बेहतर उत्पाद या प्रौद्योगिकी बाजार में दस्तक देती है, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली या पुरानी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने वाली कंपनियां घाटे में आ जाती हैं। नीदरलैंड में जन्मे मोकिर (79) नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी से, फ्रांस में जन्मे एगियन (69) कॉलेज डी फ्रांस और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से तथा कनाडा में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# इजरायल-हमास के बीच रुका युद्ध, कैदियों को किया रिहा



एजेंसी

दीर अल बला। हमास ने सोमवार को युद्धविराम के तहत सभी 20 जीवित बंधकों को रिहा कर दिया। इस युद्धविराम ने गाजा पट्टी में दो साल से चल रहे युद्ध को रोक दिया है, जिसमें हज़ारों फलस्तीन मारे गए। इस समझौते के तहत, इजराइल ने 1,900 से ज्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है, बंधकों की यह रिहाई ऐसे समय में हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम एवं बंधक समझौते ...शेष पृष्ठ 10 पर

## नेतन्याहू ने ट्रम्प के लिए मांगा नोबेल



तेल अवीव। मिस्त्र के शर्म अल-शेख में आज 20 से ज्यादा देशों के नेता गाजा शांति समझौते पर बैठक करेंगे। इसकी अगुआई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी करेंगे। इसमें ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे देशों के नेता शामिल होंगे। ट्रम्प ने इजराइली संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा- यह युद्ध का ही अंत नहीं बल्कि आतंक के दौर का भी अंत है। यह मिडिल ईस्ट के लिए नई शुरूआत है। ट्रम्प ने कहा कि बंदूकें शांत हैं, यह इलाका शांत है और आशा करता हूं आगे भी बना रहेगा। इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने संसद में भाषण दिया। उन्होंने ट्रम्प के लिए अगले साल के नोबेल पीस प्राइज की मांग की। नेतन्याहू ने ट्रम्प को इजराइल का सर्वोच्च सम्मान देने की भी घोषणा की और कहा कि जब कई देशों ने इजराइल का साथ छोड़ दिया था, तब ट्रम्प ने उनका साथ दिया था।

## संक्षेप

### ईपीएफओ से अब 100 प्रतिशत तक निकासी कर सकेंगे सदस्य

नयी दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सोमवार को अपने सात करोड़ से अधिक सदस्यों को आंशिक निकासी के नियमों में बड़ी छूट देते हुए पात्र राशि के 100 प्रतिशत तक की निकासी की मंजूरी दे दी। सेवानिवृत्ति कोष निकाय के केंद्रीय न्यासी मंडल (सीबीटी) की बैठक में यह फैसला किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने की। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि अब ईपीएफओ के अंशधारक सदस्य भविष्य निधि में कर्मचारी एवं नियोक्ता के हिस्से सहित पात्र शेष राशि का 100 प्रतिशत तक निकाल सकेंगे। इसके साथ आंशिक निकासी के जटिल 13 प्रावधानों को आसान बनाने हुए अब तीन श्रेणियों में शामिल कर दिया गया है। इनमें आवश्यक जरूरतें (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवासीय जरूरतें और विशेष परिस्थितियां शामिल हैं।

### कफ सिरप मामला : दवा कंपनी का लाइसेंस रद्द

चेन्नई। तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मास्युटिकल कंपनी का विनिर्माण लाइसेंस पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है, जिसने मिलावटी कफ सिरप कोल्ड्रिफ का कथित तौर पर उत्पादन किया था। कंपनी को अब बंद करने का आदेश भी जारी किया जा चुका है। राज्य सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। राज्य औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने एक निरीक्षण के दौरान पाया कि कफ सिरप में 48.6 प्रतिशत डायएथिलीन ग्लाइकॉल नामक एक पदार्थ मौजूद था, जो कि एक जहरीला पदार्थ है। यह दवा मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत से कथित तौर पर जुड़ी है। अधिकारियों ने यह भी पाया कि कंपनी में उचित अच्छी विनिर्माण प्रथाओं और अच्छी प्रयोगशाला प्रथाओं का अभाव था और उन्होंने 300 से अधिक गंभीर और बड़े उल्लंघन दर्ज किए।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- भारत के ब्रांड एम्बेसडर हैं प्रवासी भारतीय (पृष्ठ-02)
- आपदा प्रभावितों के लिए 10 करोड़ मंजूर (पृष्ठ-02)
- रुपया पांच पैसे बढ़कर 88.67 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-12)
- खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 1.54 प्रतिशत पर (पृष्ठ-12)
- वायदा बाजार में कच्चे तेल का भाव 96 रुपये चढ़ा (पृष्ठ-12)


# योगी ने इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन को दी मंजूरी

## फोकस कंट्री डेस्क के माध्यम से होगा जापान, कोरिया, जर्मनी और खाड़ी देशों के निवेशकों से सक्रिय संवाद

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की पहली बैठक में प्रदेश के औद्योगिक निवेश ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी। नए ढांचे के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। साथ ही मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यालयों के संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जाए।




मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्गठन का उद्देश्य इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता-आधारित और निवेशक-केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। बैठक में 11 महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक पदों पर कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। साथ ही, दो संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पीसीएस संवर्ग) को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने तथा भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें दो पीसीएस अधिकारी (उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी स्तर) तैनात होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ढांचे को त्वरित प्रभाव से लागू किया जाए और प्रत्येक प्रकोष्ठ का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से परिभाषित हो, ताकि निवेश संवर्धन की दिशा में समन्वित और परिणामोन्मुख व्यवस्था विकसित हो सके। बैठक में बताया गया कि बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्ट्रियां स्थापित हुईं, जिससे कुल संख्या लगभग 27,000 तक पहुंच गई है। वर्ष 2022-23 तक प्रतिवर्ष औसतन 500 नई इकाइयां स्थापित हो ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जन-जन की सेवा, सम्मान व सुरक्षा ही सरकार का ध्येय : सीएम योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर सोमवार की भांति इस बार भी 'जनता दर्शन' किया। प्रदेश के कई जनपदों से आये पीड़ितों की समस्या मुख्यमंत्री ने स्वयं सुनी, फिर अफसरों को निर्देश दिया कि निश्चित समयावधि में समाधान कराएं और पीड़ित से फीडबैक भी लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन-जन की सेवा, सुरक्षा और सम्मान ही सरकार का ध्येय है। सरकार पहले दिन से ही निरंतर इसी धारणा के साथ कार्य कर रही है। सोमवार सुबह 'जनता दर्शन' में प्रदेश के 50 से अधिक पीड़ित पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी के पास गए, उनका प्रार्थना पत्र लिया और अफसरों को तत्काल उचित निराकरण का निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में लोग पुलिस, बिजली, आर्थिक सहायता, जमीनी विवाद आदि की समस्या को लेकर पहुंचे। वहीं बुलंदशहर निवासी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## करूर भगदड़ की जांच करेगी सीबीआई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के करूर में पिछले महीने हुई भगदड़ की सीबीआई जांच का आदेश देते हुए सोमवार को कहा कि इस घटना ने राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। भगदड़ में 41 लोगों की जान चली गई थी।

अभिनय से राजनीति में आए विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने घटना की स्वतंत्र जांच के लिए एक याचिका दायर की थी। इसपर फैसला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच करेगी और इसकी (जांच की) निगरानी के लिए शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश अजय रस्तोगी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय पर्यवेक्षी समिति गठित की। पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा गठित एसआईटी और राज्य सरकार की ओर से एक सदस्यीय जांच आयोग गठित करने के निर्देशों को स्थगित करते हुए तमिलनाडु सरकार से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को पूरा सहयोग देने को कहा। शीर्ष अदालत ने घटना से जुड़ी याचिकाओं पर विचार करने, एसआईटी जांच का आदेश देने तथा टीवीके और ...शेष पृष्ठ 10 पर

# लालू, राबड़ी व तेजस्वी के खिलाफ आरोप तय

## अदालत में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शुरू होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आईआरसीटीसी घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके बेटे व राज्य में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय किए। इसके साथ ही बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले उनके खिलाफ मुकदमे की तैयारी शुरू हो गई है।





बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों में छह और 11 नवंबर को होंगे। लालू प्रसाद नीत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों में से एक है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है और भूमि हस्तांतरण के संबंध में गंभीर संदेह है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने न्यायाधीश द्वारा आरोप पढ़े जाने के बाद खुद को निर्दोष बताया और मुकदमे का सामना करने की बात कही। यह मुकदमा अक्टूबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने की संभावना है। इस मुद्दे का इस्तेमाल उनके राजनीतिक विरोधी चुनाव प्रचार में कर सकते हैं। विशेष न्यायाधीश ने मामले में राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के साझा आरोप तय किए, जो भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दबिश के दौरान युवक नदी में कूदा, कोतवाल व चौकी प्रभारी समेत तीन सस्पेंड

कन्नौज। जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में रविवार को दबिश देने गई पुलिस की कथित लापरवाही से एक युवक के नदी में डूब जाने के मामले में तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सोमवार को बताया कि विगत 10 जनवरी को एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर साथ ले जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी थी। गुरसहायगंज क्षेत्र के देवीपुरवा गांव निवासी कमलेश कुमार के बड़े बेटे किशनपाल की तलाश में पुलिस रविवार को उसके घर पहुंची थी। कुमार के अनुसार, घर में किशनपाल का छोटा भाई रामजीत मिला। पुलिस तफ्तीश के लिये रामजीत को लेकर उसके खेत पहुंची। वहां काम कर रहे उसके भाई धर्मवीर ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# धामी कैबिनेट में आठ अहम फैसलों को मंजूरी

## नेपाल, भूटान व तिब्बती नागरिकों को विवाह पंजीकरण की मिली अनुमति

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई जनहितकारी प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। बैठक में लिए गए आठ महत्वपूर्ण निर्णयों का सीधा प्रभाव राज्य की महिलाओं, कर्मचारियों, आम नागरिकों और राजस्व प्रणाली पर पड़ेगा। साथ ही, सरकार ने विदेशी नागरिकों और स्थानीय निवासियों के हित में भी उल्लेखनीय कदम उठाए हैं।

राज्य के सचिव शैलेश बगोली ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस सत्र की



तिथि निर्धारण का अधिकार मुख्यमंत्री को सौंपा गया है।

कैबिनेट ने देहरादून के रायपुर क्षेत्र के फ्रिज जोन में निर्माण पर लगी रोक में आंशिक संशोधन किया है। अब इस क्षेत्र में छोटे मकान (लो-डेंसिटी हाउसिंग) और छोटी दुकानों के निर्माण की अनुमति दी गई है। सचिव बगोली के अनुसार, इससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। निर्माण से संबंधित सभी मानक आवास विकास विभाग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे। राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अंतर्गत ऑनलाइन विवाह पंजीकरण प्रणाली को और व्यवहारिक बनाते हुए विदेशी नागरिकों को भी इसमें सम्मिलित किया है। अब नेपाल, भूटान और तिब्बती मूल के व्यक्ति नागरिकता प्रमाण पत्र अथवा भारत में 182 दिनों से अधिक निवास का वैध प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीकरण करा सकेंगे। कैबिनेट ने राज्य कर्मचारियों के लिए पदोन्नति नियमों में भी ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** प्रधानमंत्री मोदी से मिलीं कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद, दोनों देशों ने जल्द मंत्रिस्तरीय चर्चा शुरू करने का किया फैसला

# भारत–कनाडा संबंधों को नयी गति देने के प्रयास

एजेंसीर

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मुलाकात के दौरान भारत-कनाडा संबंधों खास तौर पर व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में सहयोग को रेखांकित किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल जून में हुई कनाडा यात्रा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ बेहद सार्थक बैठक की थी।

बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच व्यापार, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि और लोगों के संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए हुए सहयोग का जिक्र किया। मोदी ने कहा कि वह कार्नी के साथ होने वाली आगामी मुलाकातों का इंतजार कर रहे हैं। अनीता आनंद रविवार शाम नयी दिल्ली पहुंची थीं। वह तीन देशों की अपनी यात्रा के क्रम में चीन और सिंगापुर भी जाएंगी। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह



निज्जर की हत्या के भारत से संभावित संबंध होने से जुड़े तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद 2023 में भारत और कनाडा के बीच संबंध बेहद खराब हो गए थे। हालांकि, अप्रैल में संसदीय चुनावों में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी की जीत और उनके प्रधानमंत्री बनने के साथ ही दोनों देशों ने संबंधों को सुधारने के लिए कई कदम उठाए हैं। जून में कनाडा के कनानास्किस में हुए जी7 शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री मोदी और कार्नी के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों के संबंधों में गर्मजोशी आई है। ऊर्जा क्षेत्र में कनाडा-भारत मिनिस्ट्री लेवल ऊर्जा डिस्कशन को फिर से शुरू किया जाएगा। एलएनजी, एलपीजी व्यापार, तेल-गैस खोज, साफ तकनीक, हरी हाइड्रोजन, जैव ईंधन, कार्बन कैप्चर, इलेक्ट्रिक वाहन पर सहयोग बढ़ेगा। बिजली प्रणाली प्रबंधन, उत्सर्जन कम करना, डिजिटीलरण, आपदा प्रबंधन पर दोनों देश बेस्ट तरीके साझा करेंगे। क्लाइमेट चेंज से निपटने के लिए दोनों देश सहयोग बढ़ाएंगे।

# यूपी : सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत, 3 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सीतापुर, बांदा, शाहजहांपुर, शामली और बरेली जिले में हुए सड़क हादसों में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीतापुर जिले के मिश्रिख थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो भाइयों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान महोली थाना क्षेत्र के दुलामऊगांव के निवासी मकू (53) और हरिनाम (48) के रूप में हुई है। वहीं, बांदा जिले में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। घटना बबेरू थाना क्षेत्र के कमासिन कस्बे के पछौहां रोड पर तब हुई जब बालू से लदे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार परसौली निवासी रामप्रताप यादव (55) और उसके भतीजों रामजस (21) और सुरेश (22) की मौत हो गई।

जबकि शाहजहांपुर जिले में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, रविवार देर रात पुवाया थाना क्षेत्र के चौडरा गांव के निवासी अजीत अपने किसी रिश्तेदार की मृत्यु होने पर अपनी मोटरसाइकिल ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभायेंगे यूपी के युवा : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया राष्ट्रीय युवा उत्सव में विजेता प्रतिभागियों को सम्मान, 16 हजार युवक व महिला मंगल दलों को किया खेल सामग्री का वितरण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल जनसंख्या के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य है, बल्कि प्रतिभाशाली युवाओं से भरा प्रदेश भी है, जो खेल, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का रास्ता

- **मुख्यमंत्री ने विधायक-सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**

उत्तर प्रदेश से होकर गुजरता है और इस दिशा में विकसित उत्तर प्रदेश अभियान को अपार जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री सोमवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025 और यूथ पार्लियामेंट-2025 के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और टैबलेट प्रदान कर सम्मानित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विधायक व सांसद खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया साथ ही युवा संवर्धन केंद्रों की शुरूआत की और 16,000 युवक मंगल दल और महिला मंगल दलों को खेल सामग्री (स्पोर्ट्स किट) प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दीपावली से पहले खेल सामग्री का वितरण युवाओं के लिए सरकार का एक विशेष उपहार है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 1.05 लाख से अधिक युवक और महिला मंगल दल सक्रिय रूप से कार्यरत हैं और अब तक 80 हजार से अधिक मंगल दलों को खेल किट उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में खेलकूद की प्रतियोगिताएं शुरू होंगी, ग्राम स्तर से लेकर न्याय पंचायत, ब्लॉक, विधानसभा और संसदीय क्षेत्र स्तर तक यही प्रतियोगिताएँ आगे चलकर विधायक और सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का रूप लेंगी। उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को स्वस्थ रखने का माध्यम है। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा ही विकास की प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल खेलकूद तक सीमित न रहें, बल्कि गांवों में लोक गायन, लोक कथा, नाटक मंचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने सोनभद्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां बुजुर्गों के बीच रस्साकशी प्रतियोगिता कराकर समाज में उत्साह का वातावरण बना दिया गया। सीएम योगी गांवों में आयोजित होने वाले रामलीला के मंचन का उदाहरण देते हुए कहा कि यहां गांव के लोग खुद चंदा इकट्ठा कर रामलीला का आयोजन करते हैं और खुद अलग-अलग किरदार अदा कर मंचन भी करते हैं। हमारे युवाओं को इसमें भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोक गायन और लोक कथाएँ हमारे इतिहास और पूर्वजों की गाथाएं हैं। इन्हें जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार का महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर ह्यमिशन शक्तिह्न का पंचम चरण चल रहा है। इस पंचम चरण के पीछे का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता और महिलाओं के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर क्या-क्या कार्यक्रम हुए हैं, इन कार्यक्रमों के बारे में महिलाओं को जागरूक करना और उनको बताना है। महिला मंगल दल का दायित्व बनता है कि अपने-अपने ग्राम पंचायत के साथ उन कार्यक्रमों से जुड़ें और उसे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। सीएम योगी ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश अभियान को लेकर प्रदेश में 28 घंटे की विधानसभा चर्चा के बाद व्यापक जनसंवाद चलाया गया। इसमें 300 से अधिक बुद्धिजीवियों को 1,000 अकादमिक संस्थानों में भेजा गया और 57,600 ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, जिला पंचायतों और ब्लॉक समितियों से सुझाव प्राप्त किए गए।

### मंडल मुख्यालयों पर स्थापित होंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र : सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी मंडल मुख्यालयों पर दिव्यांग पुनर्वास केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी दिव्यांगजन समाज की मुख्यधारा से वंचित न रहे। प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर अत्याधुनिक पुनर्वास केंद्र विकसित किए जाएं, जहां दिव्यांग व्यक्तियों को चिकित्सकीय, शैक्षिक, मनोवैज्ञानिक और व्यावसायिक सहायता एक ही स्थान पर मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार 'सेवा, संवेदना और सम्मान' के भाव से दिव्यांगजनों के समग्र सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन जिलों में पहले से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र संचालित हैं, उनकी सेवाओं को और सशक्त करते हुए मॉडल केंद्रों के रूप में विकसित किया जाए। वहीं जहां केंद्र नहीं हैं, वहां उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय जिला या सरकारी अस्पतालों के परिसर में स्थापित किया जाए ताकि चिकित्सकीय सुविधाओं के साथ इनका सहज समन्वय बन सके। यदि सरकारी अस्पताल में स्थान पर्याप्त नहीं है तो अलग भवन की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा

- **प्राथमिकता के आधार पर स्थानीय जिला या सरकारी अस्पतालों के परिसर में स्थापित होंगे दिव्यांग पुनर्वास केंद्र**

कि इन केंद्रों में फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, ऑर्थोटिक व प्रॉस्थेटिक सेवाएं, उपकरण वितरण आदि सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। बैठक में यह जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 37 जिलों में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र कार्यरत हैं, इनमें 11 मंडल मुख्यालयों पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों में तकनीकी संसाधन और विशेषज्ञ मानवबल को सुदृढ़ किया जाए। प्रत्येक केंद्र में प्रशिक्षित फिजियोथेरेपिस्ट, क्लिनिकल साइकॉलजिस्ट, प्रॉस्थेटिस्ट, ऑर्थोटिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट और काउंसलर की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए तकनीकी प्रशिक्षण, डिजिटल पंजीकरण, और ऑनलाइन ट्रैकिंग सिस्टम की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए ताकि सेवाओं की पारदर्शिता और निगरानी बनी रहे। बैठक में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में केंद्र संचालन समिति के स्वरूप पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन केवल सहानुभूति के पात्र बनकर न रहें, बल्कि आत्मनिर्भर और योगदानकारी नागरिक के रूप में समाज की मुख्यधारा में शामिल हों। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कुमार कश्यप सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# भारत के ब्रांड एम्बेसडर हैं प्रवासी भारतीय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/बुडापेस्ट।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को बुडापेस्ट स्थित अमृता शेरगिल सांस्कृतिक केंद्र में हंगरी में रह रहे भारतीय समुदाय से भेंट की। इस अवसर पर भारत के राजदूत अंशुमन गौर एवं काउंसिल के चेयरमैन भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान महाना ने उत्तर

- **बुडापेस्ट में प्रवासी भारतीयों संग महाना की मुलाकात, कहा, संस्कृति और मातृभूमि से जुड़ाव बनाये रखें**

प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने राज्य में औद्योगिक निवेश, आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था और पर्यटन के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की प्रगति पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित भारतीय समुदाय ने अत्यंत रुचि और गर्व के साथ देखा। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के अनुरूप हम सबको एक साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने के बजाय सहयोग की



भावना से कार्य करेंगे, तभी एक परिवार जैसा भाव समाज में स्थापित होगा।

महाना ने कहा कि भारतवंशी जहां भी हैं, वे अपनी मेहनत, ईमानदारी और परिश्रम से न केवल स्वयं का बल्कि देश का भी नाम रोशन करते हैं। पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन आया है। इसी प्रकार वैश्विक स्तर पर भी भारत का सम्मान और प्रभाव निरंतर बढ़ा है। आज विश्वभर के देशों में भारतीय नागरिकों को आदर और सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हंगरी में रह रहे भारतीय नागरिकों को इस देश के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता रखनी चाहिए, साथ ही भारत, उसकी संस्कृति और विरासत से भी आत्मिक जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। अध्यक्ष ने कहा कि विदेशों में रहने वाला भारतीय समुदाय वास्तव में भारत का ब्रांड एम्बेसडर है, जो अपने कर्म, संस्कृति और व्यवहार से भारत की पहचान को विश्व मंच पर और सशक्त बनाता है। अध्यक्ष महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज भारत का ग्रोथ इंजन बन चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि में ऐतिहासिक बदलाव आया है और आज पूरी दुनिया भारत को नई दृष्टि से देख रही है।

## आपदा प्रभावितों के लिए 10 करोड़ मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश के राजस्व विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा घोषित विभिन्न आपदाओं से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों/परिवारों को राहत सहायता प्रदान किये जाने के लिए 10 करोड़ रुपए मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार वाराणसी के लिए 60 लाख रुपए, झांसी के लिए 1.50 करोड़ रुपए, कुशीनगर के लिए 50 लाख रुपए, सीतापुर के लिए 1.50 करोड़, खीरी के लिए 02 करोड़ रुपए, आगरा के लिए 01 करोड़ रुपए, सोनभद्र के लिए 2.40 करोड़ रुपए तथा महोबा के लिए 50 लाख रुपए मंजूर किये गये हैं। शासन द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि स्वीकृत धनराशि का निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित जनपदीय कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट (डी.बी.टी.) के माध्यम से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

# त्योहारों में विद्युत आपूर्ति को मिशन मोड में लें : चेयरमैन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने सोमवार को लखनऊ की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा में निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये।

अध्यक्ष ने लेसा के मुख्य अभियन्ताओं से पूॅछा कि ट्रिपिंग की

- **ट्रिपिंग के कारण गोमती नगर के अधिशाषी अभियन्ता एवं एसडीओ को किया स्थानान्तरित**

शिकायतें क्यों आ रही हैं। मौसम में बदलाव के कारण विद्युत मांग कम हुई है। लोड लगभग 30 प्रतिशत कम है फिर भी लखनऊ के अनेक क्षेत्रों से ट्रिपिंग की शिकायतें आ रही है। गोमती नगर में ट्रिपिंग की बढ़ी शिकायतों को लेकर उन्होंने वहॉ के अधिशाषी अभियन्ता एवं एसडीओं को लखनऊ से स्थानान्तरित करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहाकि धनतेरस एवं दीपावली में राजधानी सहित पूरे प्रदेश में निर्बाध एवं उच्च गुणवत्ता युक्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। इसके लिये अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियॉ कर लें। अध्यक्ष ने कहाकि अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी तैनाती स्थल पर ही रहें एवं फोन उठायें। 1912 पर आने वाली शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें। स्थानीय दोष यदि हों तो कम से कम समय में ठीक करके विद्युत आपूर्ति बहाल करें। विद्युत आपूर्ति यदि स्थानीय दोषों के कारण बाधित हो तो उसकी सूचना वाट्सएप ग्रुप और अन्य संचार माध्यमों से उपभोक्ता को सूचित करें। त्योहारों में विद्युत आपूर्ति को मिशन मूड में लें। उन्होंने कहाकि अधिकारी क्षेत्र में निकलें। राजधानी के जेई, एसडीओं एवं अधिशाषी अभियन्ता उपभोक्ताओं से विद्युत आपूर्ति का फीड-बैक लें। उनसे सम्पर्क करें। अलग-अलग मोहल्लों में जायें। अध्यक्ष ने कहाकि शहरी क्षेत्रों में इतने अनुरक्षण कार्यों के बाद ट्रिपिंग क्यों हो रही है, इसे रोकना है। उन्होंने कहा कि लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की विद्युत आपूर्ति ट्रिपिंग विहीन बनानी है इसके लिये जो भी कार्य करना है वह करिये। अध्यक्ष ने कहा कि हर फीडर का लोड चेक किया जाये। अवर अभियन्ता से लेकर सभी वरिष्ठ अधिकारी पेट्रोलिंग करें। ट्रांसफार्मर, फीडर आदि का लोड चेक हो। अध्यक्ष ने ट्रांसमिशन के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वितरण से सामंजस्य बनायें रखें जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री राजधानी की विद्युत आपूर्ति को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ हम इसे उनकी आशा के अनुरूप बनाये। शक्ति भवन में वीडियों कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से उन्होंने कहाकि महत्वपूर्ण त्योहारों का सीजन चल रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप ट्रिपिंग विहीन विद्युत प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के लिये वितरण में लगे सभी कार्मिक पूरी सजगता बरतें। वरिष्ठ अधिकारी आपूर्ति की रेग्यूलर समीक्षा करें। कहीं भी कोई बड़ा विद्युत व्यवधान आये तो उसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भी दें। प्रत्येक वाट्सएप ग्रुप में लगभग 1000 लोग जुड़ें। अध्यक्ष ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दशहरा में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने कटौती मुक्त निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की। जिसमें 1 एवं 2 अक्टूबर को पूरे प्रदेश में चौबीस घण्टे विद्युत आपूर्ति दी गयी। जिसकी उपभोक्ताओं द्वारा सराहना की गयी। आगामी त्योहारों में भी इसी तरह बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करिये। समीक्षा में लेसा सहित प्रदेश के वितरण निगमों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार ने भी समीक्षा में विद्युत आपूर्ति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकाम : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग पीड़ित और प्रताड़ित है। सरकार के आंकड़े झूठे और फर्जी है। भाजपा झूठे आंकड़ों से जनता को गुमराह करती है। सरकार हर मोर्चे पर नाकाम है। दलितों, महिलाओं के साथ उत्पीड़न और अन्याय चरम पर है। इस सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। अपनी नाकामी छिपाने के लिए पीड़ितों पर दबाव बनाकर समझौता कराया जाता है। अपराधी तत्वों को सरकार का संरक्षण है।

अखिलेश यादव ने कहा कि रायबरेली के बाल्मीकि समाज के युवक की हत्या समेत प्रदेश में कई घटनाएं हुई है जहां पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला। भाजपा सरकार सामंती मानसिकता से कार्य कर रही है। संविधान और कानून नहीं मान रही है। सत्ता के संरक्षण में दबंग गरीबों की जमीनें छीन रहे हैं। तरह-तरह से परेशान कर रहे हैं। सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। भाजपा भूमाफियों के साथ है। भाजपाई सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रहे है और बजट लूट रहे हैं। पूरे प्रदेश में अराजकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता का दुरुपयोग कर गरीबों और पीडीए की आवाज को दबा रही है। भाजपा पीडीए की एकजुटता से घबराई हुई है। पीडीए के लोगों की नौकरियां और आरक्षण छीना जा रहा है। भाजपा पीडीए को कमजोर करने का षड्यंत्र कर रही है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, जातीय उत्पीड़न, भेदभाव, अन्याय से त्रस्त हो चुकी है।

## बुर्केवाली महिला मतदाता के लिए नये निर्देश वापस लिये जाये

**लखनऊ।** सपा ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन सपा के प्रतिनिधिमंडल केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र सिंह और राधेश्याम ने सौंपा। इसमें सपा ने मांग की है कि निर्वाचन आयोग द्वारा बुर्केवाली महिला मतदाताओं की पहचान आंगनवाड़ी सेविकाओं से कराये जाने और जांच के बाद ही बुर्केवाली महिला मतदाता को मतदान करने सम्बन्धित नये निर्देश वापस लिए जायें। जिससे देश में पारदर्शी स्वतंत्र भयमुक्त निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो सके। निर्वाचन आयोग ने बिहार विधान सभा चुनाव में अपने निर्देश को सख्ती से लागू करने और आगामी विधान सभा एवं लोकसभा चुनावों में भी इसे लागू करने को कहा है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को सम्बोधित ज्ञापन मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र

- **सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उठायी मांग**

लखनऊ को देते हुए कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त का नया निर्देश भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत है क्योंकि भारत निर्वाचन आयोग की हैड बुक फार रिटर्निंग ऑफिसर के पृष्ठ संख्या-143 के पैराग्राफ 13.6.9 प्रोसेस आफ आईडेंटिफिकेशन आफ वोटर बाय पोलिंग ऑफिसर में मतदान के दिन मतदान अधिकारी को मतदाता की आईडी (मतदाता पहचान पत्र की जांच करने का अधिकार दिया गया है। ज्ञापन में कहा गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत जाकर नया निर्देश जारी किया है जो आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़ा कर रहा है। इस नये नियम से देश में एक विशेष सम्प्रदाय के मतदाताओं को निशाना बनाया गया है यह अलोकतात्रिक और असंवैधानिक है। चुनाव आयोग का फैसला गलत है, नया निर्देश एक विशेष सम्प्रदाय को निशाना बनाने वाला है।

## यूपी तेजी से बन रहा विश्व का आध्यात्मिक पर्यटन हब : जयवीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन को सेवन स्टार्स लग्जरी हॉस्पिटैलिटी एंड लाइफस्टाइल अवार्ड्स 2025 में बेस्ट स्पिरिचुअल टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। पुर्तगाल में भारत के राजदूत पुनीत रॉय कुंदल ने उत्तर प्रदेश की ओर से 11 अक्टूबर को आयोजित समारोह में यह सम्मान ग्रहण किया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह

- **यूपी बेस्ट स्पिरिचुअल टूरिज्म डेस्टिनेशन अवार्ड से सम्मानित**

प्रतिष्ठित सम्मान उत्तर प्रदेश की उस विशिष्ट पहचान को वैश्विक मंच पर और सशक्त बनाता है, जिसके केंद्र में आस्था, भक्ति और दिव्यता की सदियों पुरानी परंपरा निहित है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यह उपलब्धि न केवल राज्य की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण है, बल्कि विश्व पर्यटन मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की अग्रणी स्थिति को और मजबूत करता है। इस सम्मान के साथ उत्तर प्रदेश ने यह संदेश दिया है कि जहां आस्था संस्कृति से मिलती है, वहीं से सच्चे अर्थों में स्पिरिचुअल टूरिज्म का मार्ग प्रशस्त होता है। पर्यटन मंत्री ने आगे बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि राज्य को एक प्रतिष्ठित वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाए, जहां पर्यटक न केवल आध्यात्मिक अनुभवों का आनंद लें, बल्कि यहां के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ग्रामीण पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म और ईको टूरिज्म जैसी विविधताओं का भी अनुभव प्राप्त कर सकें। आने वाले वर्षों में प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की आधुनिक सुविधाओं, सशक्त आधारभूत संरचना, उत्तम मेहमाननवाजी और अभिनव पर्यटन पहलों को विस्तार दिया जाएगा, ताकि हर पर्यटक का अनुभव और भी समृद्ध, आनंददायक और यादगार बने।

## रेलकर्मियों को सीपीआर का महत्व बताया



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में 13 से 15 अक्टूबर तक मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में मण्डल के चिकित्सालयों पर सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन) सप्ताह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऐशबाग पोलिक्लिनिक में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय तिवारी ने दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए सीपीआर की शपथ के साथ कर्मचारियों और रेलवे परिवार के सदस्यों को सीपीआर के महत्व के बारे में समझाया। सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी पुनर्जीवन) एक आपातकालीन जीवन-रक्षक प्रक्रिया है जो किसी मरीज की सांस या दिल की धड़कन रुकने पर की जाती है। इसकी जानकारी से अधिक से अधिक लोगों की जान बचायी जा सकती है। इस अवसर पर पैरा मेडिकल स्टॉफ, रेलवे परिवार के सदस्यों के साथ कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

## स्टेशन पर हुई स्वच्छता स्लोगन प्रतियोगिता

**लखनऊ।** भारतीय रेल द्वारा 01 से 15 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 चलाया जा रहा है। इसके तहत आज पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छ स्पर्धा दिवस मनाया गया। इसी क्रम में गोण्डा जं पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गोण्डा परिक्षेत्र में स्थित लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय एवं गाँधी विद्यालय के छात्र-छात्राओं, चाइल्ड हेल्प लाइन के सदस्य, ठेकदार श्रमिकों तथा पर्यवेक्षकों के द्वारा स्टेशन पर आयोजित स्वच्छता स्लोगन प्रतियोगिता में सक्रिय भागीदारी की गयी। मण्डल में आम जनमानस में सफाई संबंधी जागरुकता के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से स्टेशनों तथा रेलवे परिसरों में गंदगी फैलने से होने वाले नुकसान को यात्रीजनों एवं आम जनमानस तक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से संदेशों को पहुॅचाया जा रहा है।

# पूर्व-चेतावनी प्रणालियां रणनीतिक निवेश : डॉ. पीके मिश्र

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्र ने भारत की बहु-एजेंसी संरचना की रूपरेखा प्रस्तुत की, जो एक कॉमन अलर्ट प्रोटोकॉल यानी कॉम्प्लायंट इंटीग्रेटेड एलर्ट सिस्टम के माध्यम से मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एकीकृत करती है।

डॉ. मिश्र ने नवाचार, समावेशी वित्तपोषण और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के माध्यम से स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों को क्रियान्वित करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जी-20 आपदा जोखिम न्यूनीकरण मंत्रिस्तरीय बैठकः भारत ने वित्तपोषण और पूर्व-चेतावनी सहयोग के क्षेत्र में नेतृत्व को दर्शाया। आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) पर जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के पहले दिन, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्र ने दो उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों एकजुटता और अनुकूलनः पूर्व-चेतावनी प्रणालियों के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और एकजुटता में डीआरआर का विस्तार और डीआरआर निवेश को बढ़ाने के लिए तकनीकी नवाचार और राजनीतिक नेतृत्व का सेतु निर्माण में भारत का प्रतिनिधित्व किया। एकजुटता और अनुकूलन सत्र में, डॉ. मिश्र ने इस बात पर जोर दिया कि पूर्व-चेतावनी प्रणालियां तकनीकी विलासिता नहीं, बल्कि अनुकूलन को लेकर रणनीतिक निवेश हैं। उन्होंने भारत की बहु-एजेंसी संरचना के बारे में चर्चा की, जिसमें मौसम विज्ञान, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और समुद्र विज्ञान संस्थानों को एक सामान्य चेतावनी प्रोटोकॉल-अनुपालक एकीकृत चेतावनी प्रणाली के माध्यम से एकीकृत किया गया है, जो पहले ही 109 बिलियन से अधिक अलर्ट जारी कर चुकी है। डीआरआर के वित्तपोषण पर आयोजित कार्यक्रम में, डॉ. मिश्र ने जी20 स्वैच्छिक उच्च-स्तरीय सिद्धांतों के सिद्धांत 2 और 4 के अनुरूप भारत की पांच-स्तंभ वित्तपोषण रणनीति का विस्तृत विवरण दिया। इस अवसर पर डॉ. मिश्र ने दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। दक्षिण अफ्रीका के सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलाबिसा के साथ अपनी बैठक में, उन्होंने सीडीआरआई सदस्यता सहित संयुक्त क्षमता निर्माण से जुड़े क्रियाकलापों को प्रोत्साहित किया। डॉ. मिश्र ने ऑस्ट्रेलिया की आपातकालीन प्रबंधन मंत्री क्रिस्टी मैकबेन के साथ डीआरआर के लिए अलग-अलग वित्तपोषण योजनाओं पर व्यापक चर्चा की। डॉ. मिश्र ने नीदरलैंड के उप मंत्री प्रो. डॉ. मार्टेन वान आल्स्ट के साथ अपनी बैठक में, पूर्व-चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने, इसके प्रसार के लिए प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपदा अनुकूलन बढ़ाने में संस्थागत सहयोग को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। 2024 में ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान रखी गई मजबूत नींव को याद करते हुए, ब्राजील के उप मंत्री वाल्डेर रिबेरो के साथ अपनी बैठक में डॉ. मिश्र ने अनुकूलन आधारित भरपाई, प्रकृति-आधारित समाधानों और सतत पुनर्निर्माण पर संयुक्त पहल जारी रखने की भारत की मंशा व्यक्त की।

# पंचायत चुनाव को लेकर रालोद ने तय की रणनीति

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश कार्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संयोजन त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संयोजक डॉ. कुलदीप उज्जवल ने किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे उपस्थित रहे। इसकी अध्यक्षता एवं संचालन अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से पंचायत चुनाव समिति के सदस्य हवलदार यादव, विकास कादियान, मोहम्मद जैद और रोहित प्रताप मौजूद रहे। साथ ही अवध क्षेत्र के सभी जिलाध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। डॉ. कुलदीप उज्जवल ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव केवल स्थानीय निकाय का चुनाव नहीं बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि रालोद ने पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर प्रदेशभर में मण्डलवार बैठकों का कार्यक्रम तय किया है। डॉ. उज्जवल ने यह भी जोड़ा कि प्रत्येक जिला अध्यक्ष अपने जिले में पांच सदस्यीय समिति का गठन करेगा, जिसकी जिम्मेदारी होगी कि निष्पक्ष, कर्मठ और साफ-सुथरी छवि वाले उम्मीदवारों को पंचायत चुनाव में उतारा जाए। हमारा लक्ष्य संगठन को गांव के हर मतदाता तक पहुंचाना और हर पंचायत को रालोद के विचारों का केंद्र बनाना है। इस अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि रालोद किसानों, मजदूरों और नौजवानों की आवाज है। हमारी राजनीति सत्ता नहीं, सेवा पर आधारित है। पंचायत चुनाव संगठन के लिए परीक्षा का अवसर है जहां हर कार्यकर्ता को अपनी भूमिका निभानी होगी। रालोद का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर गांव-गांव में पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को समझाए, यही सच्ची राजनीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने गांव और किसान को उपेक्षित किया है।

## किसानों के हित में योगी सरकार का बड़ा निर्णय

**लखनऊ।** आलू किसानों के हित में योगी सरकार का बड़ा निर्णय लिया है। इसमें विभागीय आलू बीज के विक्रय दर पर 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट देने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि वर्तमान वर्ष में विभागीय आलू बीज की विक्रय दरें उत्पादन लागत के आधार पर 2760 रुपये से 3715 रुपये प्रति कुंतल तक निर्धारित थीं, जबकि निजी बीज कंपनियों की आलू बीज की औसत दरें लगभग 2500 से 3500 रुपए के मध्य है। अब किसानों को गुणवत्तायुक्त सभी श्रेणी के

- **विभागीय आलू बीज के विक्रय दर पर 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट**

विभागीय आलू बीज की दरों में 800 रुपये प्रति कुंतल की छूट दी जायेगी। शोध संस्थाओं एवं सरकारी संस्थाओं को छूट प्रदान नहीं की जायेगी। अब किसानों के लिए सभी विभागीय आलू बीज की दरें 1960 रुपये से 2915 रुपये प्रति कुंतल के बीच रहेगी। यह निर्णय किसानों को आलू की खेती के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता से प्रदेश में आलू उत्पादन में वृद्धि होगी। मंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों तक यह लाभ शीघ्र पहुंचाया जाए और बीज वितरण की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराई जाए।

# वेयरहाउस में थर्माकोल और कूड़ा जलाने पर 50 हजार का जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राजधानी में प्रदूषण फैलाने और पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी करने वालों पर नगर निगम ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। बीबीडी क्षेत्र स्थित क्राउन प्लाजा मॉल के पास एक वेयरहाउस में थमाकोल और कूड़ा जलाने के मामले में नगर निगम की जोन-7 टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही 50,000 का जुर्माना वसूला।

- **गन्दगी फैलाने वालों और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों से वसूला गया जुर्माना**

जोनल सेनेटरी ऑफिसर देवेंद्र कुमार वर्मा और कर अधीक्षक राम अचल के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ एसएफआई रूपेंद्र भास्कर भी मौजूद थे। नगर निगम ने बताया कि यह कार्रवाई नगर आयुक्त ाैरव कुमार के निर्देश पर की गई ।सोमवार सुबह निरीक्षण के दौरान क्राउन मॉल के पास स्थित एक वेयरहाउस से काले धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। संदेह होने पर अधिकारी तत्काल मौके पर पहुँचे, जहाँ उन्होंने पाया कि वेयरहाउस के अंदर थमाकोल और अन्य कचरे को जलाया जा रहा था।

जांच में पता चला कि वेयरहाउस की सफाई का कार्य चल रहा था। सफाई के दौरान निकले थमाकोल और अन्य अपशिष्ट को ठेकेदार ने आग के हवाले कर दिया था। यह कार्य वहां कार्यरत ठेकेदार जाकिर नामक व्यक्ति की ओर से किया जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर ही राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का हवाला देते हुए कार्रवाई की। एनजीटी के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्लास्टिक, थमाकोल और अन्य गैर-पर्यावरणीय कचरे को जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। जोनल टीम ने मौके पर ही ठेकेदार जाकिर पर 50,000 का जुमार्ना लगाया, जिसे उसने तत्काल जमा भी कर दिया। अधिकारियों ने ठेकेदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसी गतिविधि दोहराए जाने पर कानूनी कार्रवाई और अधिक भारी दंड लगाया जाएगा। नगर निगम अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे इस तरह की घटनाओं की सूचना निगम नियंत्रण कक्ष या हेल्पलाइन नंबर पर दें, ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके और पर्यावरण को नुकसान से बचाया जा सके।

**एक ही दिन में 90,800 रुपए का जुर्माना वसूला गया :** सोमवार को शहर के विभिन्न जोनों में गंदगी फैलाने और कूड़ा जलाने के मामलों पर सख्त रुख अपनाया गया। सभी जोनों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, इस दिन कुल ?90,800 का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर भी कार्रवाई की गई और विभिन्न जोनों से 57,500 का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम का कहना है कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जा रहा है ताकि दीपावली से पहले शहर को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाया जा सके।

**इस महीने में अब तक की वसूली :** इस महीने में अब तक विभिन्न जोनों में गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को लेकर लाखों रुपये के जुमार्ने वसूले जा चुके हैं। जोन-1 में अब तक 12,400 गंदगी फैलाने और 39,000 प्लास्टिक उपयोग पर वसूले गए हैं। जोन-2 में 17,300 गंदगी फैलाने और 37,500 प्लास्टिक उपयोग पर जुर्माना लगाया गया। जोन-3 में 15,300 गंदगी फैलाने तथा 15,500 प्लास्टिक पर वसूला गया। जोन-4 में 3,500 गंदगी फैलाने और 7,000 प्लास्टिक उपयोग पर जुर्माना वसूला गया। जोन-5 में 13,100 गंदगी फैलाने और 13,500 प्लास्टिक पर दंड लगाया गया। जोन-6 में 5,350 गंदगी फैलाने और 20,000 प्लास्टिक पर वसूला गया। जोन-7, जहाँ हाल की कार्रवाई हुई, वहाँ अब तक 75,000 गंदगी फैलाने और 69,500 प्लास्टिक उपयोग पर जुर्माना लगाया गया है। जोन-8 में 4,500 गंदगी फैलाने और 31,000 प्लास्टिक पर वसूला गया है ।नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि निगम शहर को स्वच्छ, हरित और प्रदूषणमुक्त बनाने के लिए शून्य सहनशीलता की नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसी भी क्षेत्र में कूड़ा जलाने या प्लास्टिक उपयोग की शिकायत मिलते ही तत्काल मौके पर पहुँचकर जुमार्ना वसूला जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ के नागरिकों की सहभागिता के बिना यह प्रयास सफल नहीं हो सकता। इसलिए लोग कचरा जलाने या खुले में फेंकने की बजाय इसे निगम के निर्धारित डस्टबिन या वाहनों में डालें। नगर निगम का लक्ष्य है कि दीपावली से पहले शहर को पूरी तरह स्वच्छ बनाया जाए ताकि नागरिक एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में त्योहार मना सकें।

# राष्ट्र प्रेरणास्थल का 25 दिसंबर को उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** राजधानी में आगामी 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्र प्रेरणास्थल का उद्घाटन करेंगे। यह स्थल देश के महान राष्ट्रनायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और प्रेरणा स्रोत व्यक्तित्वों की याद में बनाया गया है, जहां आगंतुक देशभक्ति, आदर्श और त्याग की भावना को महसूस कर सकेंगे। कार्यक्रम में वीवीआईपी अतिथियों की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए विशेष गेस्टहाउस का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम चरण में पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार, एलडीए के चार वरिष्ठ अधिकारी साइट पर रोजाना निरीक्षण कर रहे हैं ताकि निर्माण कार्य, सौंदर्यीकरण और सुरक्षा इंतजामों में कोई कमी न रह जाए। स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, भीमराव अंबेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अन्य महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इसके साथ ही यहां एक डिजिटल गैलरी और लाइट शो का भी निर्माण किया जा रहा है, जो युवा पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं इस परियोजना की प्रगति पर नजर रख रहे हैं और अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# बिजली संविदाकर्मियों के बढ़े वेतन में हो रहा है गोलमाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन संविदाकर्मियों का वेतन 18 हजार करने के लिए बीते माह सभी डिस्काम को पत्र भेजता है। पत्र पहुचने के बाद भी डिस्काम अभी तक कोई भी फैसला नही ले पाता है। वर्तमान में संविदाकर्मियों का वेतन 9 हजार के लगभग मिल रहा है। संविदा कर्मियों के नेता देवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि डिस्काम और पावर कार्पोरेशन नही चाहता है कि संविदा कर्मियों का वेतन बढ़े। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने स्वम कहा है कि किसी भी विभाग में संविदा कर्मी तैनात है उनको वेतन बढ़ा कर दिया जाता चाहिए। उन्होंने कहा कि पावर उपकेन्द्र पर कार्य ज्यादा संविदाकर्मियों का है लेकिन आधे से भी कम कर्मचारी मजबूरी में कार्य कर रहे है जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि वेतन बढ़ाने के नाम पर पावर कार्पोरेशन और डिस्काम पत्र-पत्र खेल रहे है। जबकी पावर कार्पोरेशन ने साफ आदेश किया है कि संविदाकर्मियों का वेतन 18 हजार कर दिया जाय। लेसा सिस गोमती सेंन्ट्रल जोन के मुख्य अभियंता ने बताया कि संविदा कर्मियों का वेतन बढ़ाने का कोई भी आदेश अभी तक नही मिला है। लेसा में लगभग 295 संविदा कर्मी तैनात है। इसके अलावा कंम्पयूटर आपरेटर सहित कुशल और अकुशल कर्मचारी संविदा पर तैनात है।

# दीपावली और छठ पर्व को लेकर सफाई अभियान तेज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** त्योहारों के मद्देनजर नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर राजधानी लखनऊ में नगर निगम की ओर से सफाई अभियान युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। दीपावली और छठ पूजा जैसे प्रमुख पर्वों को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी जोनों में सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्रीय निरीक्षण कर घाटों और प्रमुख पूजा स्थलों पर विशेष साफ-सफाई, कचरा निस्तारण और रंग-रोगन का कार्य कर रही हैं।

- **सभी जोनों में घाटों की विशेष साफ-सफाई शुरू**

नगर निगम प्रशासन का लक्ष्य है कि आगामी पर्वों के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसी के तहत छठ पूजा को लेकर शहर के सभी प्रमुख घाटों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी घाटों की नियमित सफाई के साथ-साथ प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। नगर निगम के विभिन्न जोनों में छठ पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। जोन-1 में लक्ष्मण मेला स्थल स्थित छठ पूजा घाट और झूलेलाल घाट की सफाई शुरू कर दी गई है। यहां घाटों की सफाई के साथ रास्तों की धुलाई और प्रकाश व्यवस्था की जांच भी की जा रही है। जोन-3 में मनकामेश्वर वाटिका घाट, कदम रसूल वार्ड मोहन, और अयोध्यादास वार्ड द्वितीय बंधा बैरल नंबर-2 घाट पर सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। जोन-4 के तहत चिनहट प्रथम वार्ड में छोहरिया माता मंदिर प्रांगण स्थित तालाब और काल्विन कॉलेज-निशातगंज वार्ड के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे बने छठ घाट की सफाई व रंगाई-पुताई की जा रही है। जोन-5 में गौरी क्षेत्र में हीरा लाल लॉ कॉलेज के बगल, रनियापुर में नवनिर्मित छठ पूजा घाट, सरोजनी नगर सैनिक स्कूल के पास और आजाद नगर सरोजनी नगर के घाटों की साफ-सफाई व साज-सज्जा का कार्य पूरा होने के अंतिम चरण में है। जोन-6 में कुड़िया घाट की सफाई के साथ वहां प्रकाश व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। जोन-7 में कुकरैल पिकनिक स्पॉट के पास चयनित घाट पर सफाई व सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। जोन-8 में कई स्थानों पर छठ पूजा की तैयारियां हो रही हैं, जिनमें दुर्गा पुरी कॉलोनी सामुदायिक केंद्र के पास, शाहीनूर कॉलोनी, राजा राहुल सिटी, पाठकपुरम रायबरेली रोड, उतरेठिया, हिंद नगर एडीए कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी लोक कालेश्वर मंदिर, सेक्टर आई एलडीए कॉलोनी, सरस्वतीपुरम पीजीआई, रूचिखंड-2 नागेश्वर मंदिर के पास और सरोजनी नगर द्वितीय छठ पूजा घाट प्रमुख हैं। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। छठ पूजा के दौरान घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, कचरा प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे साफ-सफाई में सहयोग करें और कूड़ा जलाने या घाटों पर गंदगी फैलाने जैसी गतिविधियों से परहेज करें।

# नगर निगमों में काला फीता बांध कर विरोध जताया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर 10 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर पूरे प्रदेश के निकाय कर्मचारियों ने काला फीता बांध कर सरकार का ध्यान आकर्षण कराया। कार्यक्रम के अंतर्गत लखनऊ नगर निगम में भी विरोध किया गया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि कुमार मिश्र मिश्र ने बताया 10 सूत्री मांग पत्र को लेकर 9 अक्टूबर को जीपीओ पार्क लखनऊ में धरना के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया गया था, तत्पश्चात नगर विकास विभाग ने 16 अक्टूबर को महासंघ की मांगों पर वार्ता के लिए कर्मचारी प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। मिश्र ने बताया कि 6-7 बार पूर्व में वार्ता हुई पर ऐसी वार्ता से विश्वास उठ गया है। इसलिए निकाय के कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर सरकार का ध्यान आकर्षण करा रहा है और 16 अक्टूबर को सार्थक निर्णय न होने की दशा में आन्दोलन का तृतीय चरण का आन्दोलन घोषित किया जायेगा। गत 9 अक्टूबर को महासंघ ने अपने ज्ञापन में 10 नवंबर तक मांगो के आदेश/ निर्णय किए जाने का अनुरोध किया था, उसके बाद अनिश्चितकालीन कार्यबंदी करने पर विवस होना पडेगा। महासंघ की ओर से मंत्री नगर विकास को भी पत्र भेजे गए किंतु आज तक कोई कार्यवाही नही हुई। ध्यानाकर्षण आन्दोलन नगर निगम मुख्यालय सहित सभी जोन कार्यालयों, आर आर, उद्यान में भी कर्मचारियों ने काला फीता बांध कर विरोध प्रकट किया जिसमें मुख्य रूप से सै.कैसर रजा, आनन्द मिश्र रामकुमार रावत, जितेन्द्र सिद्धार्थ, विजय यादव, बिन्दू सिंह ,कबीर दास, संजय चन्द्रा,विष्णु तिवारी,ओम प्रकाश उप्रेती,सुनीता तिवारी,आनन्द सिन्हा,पियूष शुक्ला,खुशी पान्डे,सोनम वर्मा,राजकुमार, सर्वेश पाल,बचान सिंह, गोमती त्रिवेदी,मनोज वर्मा,चन्द्र मोहन,हरिशंकर पान्डे,विजय शंकर पान्डेय, राशिद अकरम, रिषी धानुक, कुसुम,कुंवर जय सिंह, नितिन त्रिवेदी,आकाश गुप्ता आदि सैकडो कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ठाकुरगंज में अवैध अपार्टमेंट, चौक में कॉम्पलेक्स व दुबग्गा में गोदाम सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने चौक, ठाकुरगंज व दुबग्गा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना निर्मित किये जा रहे पांच मंजिला अपार्टमेंट व व्यावसायिक कॉम्पलेक्स समेत 03 अवैध निर्माण सील किये गये। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि शहबाज अली खान, शोएब अहमद खान व शकील खान द्वारा ठाकुरगंज की सज्जादबाग कालोनी में मेंहदी घाट के पास लगभग 1300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से पांच मंजिला कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह मोहम्मद इरफान व अन्य द्वारा चौक के रकाबगंज में सुभाष मार्ग पर लगभग 100 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा शिवशंकर, हरिशंकर व सरवन गुप्ता द्वारा दुबग्गा के काकराबाद में लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर गोदाम व भवन आदि का निर्माण किया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन तीनों निर्माण कार्यों के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने सोमवार को मौके पर कार्रवाई करते हुए उक्त निमार्णाधीन भवनों को सील कर दिया।

- **प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने की कार्रवाई**

# यूपी को शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य के लिए तैयार होना होगाः डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ऐतिहासिक प्रस्ताव सौंपा है, जिसमें ्अक आधारित व्यक्तिगत शिक्षा नीति 2050का खाका प्रस्तुत किया गया है। इस प्रस्ताव में उत्तर प्रदेश को शिक्षा नवाचार की राजधानी और वैश्विक ज्ञान केंद्र बनाने की परिकल्पना की गई है। डॉ. सिंह ने कहा, शिक्षा किसी भी राज्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जब पूरी दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपना रही है, तब उत्तर प्रदेश को भी भविष्य की शिक्षा व्यवस्था की दिशा में निर्णायक कदम उठाना चाहिए। उन्होंने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के विद्वान हावर्ड गार्डनर का उद्धरण देते हुए कहा कि 2050 तक पारंपरिक कक्षाओं का स्थान अकसंचालित, जिज्ञासा-आधारित और परियोजना-केंद्रित शिक्षा मॉडल लेंगे। शिक्षक अब शिक्षणकर्ता नहीं, बल्कि लर्निंग मेंटर की भूमिका निभाएंगे, जो विद्यार्थियों की जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार को दिशा देंगे। परियोजना आधारित शिक्षा, टीमवर्क और वास्तविक समस्याओं के समाधान पर बल दिया जाएगा। शिक्षकों को अकउपकरणों की मदद से प्रत्येक छात्र की प्रगति को ट्रैक करने की सुविधा मिलेगी। प्रत्येक छात्र को टैबलेट, इंटरनेट और विश्वसनीय बिजली की सुविधा दी जाएगी ।10,000 करोड़ का डिजिटल इक्विटी फंड स्थापित किया जाएगा, जिससे हार्डवेयर, कनेक्टिविटी और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा ।वर्ष 2030 तक 1 लाख एआई सक्षम स्मार्ट स्कूल स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। रटने पर आधारित परीक्षाओं की जगह निरंतर मूल्यांकन प्रणाली लागू की जाएगी। अकउपकरणों के माध्यम से छात्रों की कौशल, योग्यता और रचनात्मकता का आकलन किया जाएगा, न कि केवल याददाश्त का। अर्ली-इंटरवेंशन एनालिटिक्स के माध्यम से कमजोर छात्रों की पहचान कर उन्हें विशेष सहायता प्रदान की जाएगी। अकटीचर ट्रेनिंग मिशन के अंतर्गत 10 लाख शिक्षकों को भविष्य की शिक्षा के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा।

- **विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपा अक संचालित शिक्षा नीति 2050 का प्रस्ताव**

# ज्ञान धारा कंपनी ने भव्य डिस्ट्रीब्यूटर मीट का आयोजन

**लखनऊ।** सोमवार को होटल सेन्ट्रम में ज्ञान धारा कंपनी की ओर से एक भव्य डिस्ट्रीब्यूटर मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से आए 200 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स को उनके कार्य एवं योगदान के आधार पर सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मिर्जापुर और जमतारा जैसी वेबसीरीज कर चुके अभिनेता श्री अमित सियाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। डिस्ट्रीब्यूटर्स ने उनके साथ बातचीत की, फोटो खिंचवाईं और कंपनी की कार्यप्रणाली तथा दृष्टिकोण को और निकटता से समझा। कंपनी की टीम ने इस मौके पर अपनी अब तक की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए आने वाले समय की नई योजनाओं और लक्ष्यों की जानकारी भी साझा की। कार्यक्रम में कंपनी की एम.डी.रितु अग्रवाल, जय अग्रवाल एवं अनुज अग्रवाल सहित कंपनी का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

# हरभज राम कृपा देवी अस्पताल ने मनाया 64वां स्थापना दिवस

**लखनऊ।** श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट धर्मार्थ चिकित्सालय का 64वां स्थापना दिवस सोमवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल प्रशिक्षु महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. लालजी निर्मल ने अस्पताल द्वारा रोगियों की सेवा के लिए किया किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. लाल जी प्रसाद निर्मल ने कहा कि श्री हरभज राम कृपा देवी अस्पताल गरीबों, वंचितों को मुफ्त इलाज, परामर्श एवं दवाई प्रदान कर रहा है। साथ ही सिलाई कढ़ाई, कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसा कौशल निशुल्क प्रदान कर रहा है।

# पत्रकारिता, फेक न्यूज और एआई के नये आयामों पर हुई सार्थक चर्चा

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ के तत्वावधान में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में वातार्लाप मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना और फेक न्यूज जैसे समसामयिक विषयों पर संवेदनशील बनाना था।

- **पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ ने वातार्लाप मीडिया कार्यशाला का किया आयोजन**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए पोषण माह के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि बच्चे पोषित रहें, स्वस्थ रहें और संस्कार से जुड़े रहें। यही सरकार की प्राथमिकता और प्रयास है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि येलो जर्नलिज्म से लेकर फेक न्यूज और अब डीपफेक के दौर तक पत्रकारिता काफी चुनौतीपूर्ण हो गई है। पत्रकारों को फेक न्यूज की पहचान और सत्यापन की समझ देने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभागाध्यक्ष डॉ. मुकुल श्रीवास्तव ने भी प्रस्तुति दी। उन्होंने स्लाइड शो के माध्यम से पत्रकारों को फेक न्यूज पहचानने के व्यावहारिक तरीकों पर जानकारी दी और इसके फैलने के आठ प्रमुख कारण बताए।

एसजीपीजीआई के डॉ. गौरव अग्रवाल ने युवाओं में बढ़ते तंबाकू सेवन और उससे जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर चिंता व्यक्त की। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. उत्कर्ष सिन्हा ने कार्यशाला के समापन सत्र में कहा कि आज के समय में यह स्वीकार करना होगा कि सच्चाई और एआई दोनों आवश्यक हैं। बस ध्यान यह रखना है कि आप मशीन का उपयोग करें, मशीन आपका नहीं। कार्यक्रम की शुरूआत में पत्र सूचना कार्यालय, लखनऊ के निदेशक दिलीप शुक्ल ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए पत्रकारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता एक बड़ी जिम्मेदारी है और सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आयोजन का संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर ने किया। कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारी, विश्वविद्यालय परिवार और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेरा ने 6 रियल एस्टेट परियोजनाओं को दी मंजूरी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने राज्य में रियल एस्टेट क्षेत्र को पारदर्शी, जवाबदेह और संगठित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए 186वीं बैठक में 6 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

- **176.28 करोड़ के निवेश से 501 नई आवासीय एवं वाणिज्यिक इकाइयाँ बनेंगी**
- **अयोध्या, लखनऊ, नोएडा, झांसी, मुरादाबाद और प्रयागराज में विकसित होगी**

बैठक की अध्यक्षता यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने की । इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया ।इन 6 परियोजनाओं में कुल 176.28 करोड़ का निवेश होगा और इनके माध्यम से कुल 501 नई इकाइयाँ जिनमें फ्लैट्स और दुकानों (शॉप्स) का समावेश है बनाई जाएंगी। यह स्वीकृति राज्य में आवास और वाणिज्यिक ढांचे के विकास को और गति देगी तथा निवेशकों और घर खरीदारों दोनों के लिए विश्वास को सुदृढ़ करेगी।

मंजूर की गई परियोजनाएँ अयोध्या, नोएडा, झांसी, मुरादाबाद, लखनऊ और प्रयागराज में फैली हुई हैं। यह वितरण इस तथ्य को रेखांकित करता है कि रियल एस्टेट विकास अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं है, बल्कि अयोध्या और झांसी जैसे तेजी से उभरते शहरों में भी सक्रिय रूप से बढ़ रहा है। इससे राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित और समावेशी आर्थिक विकास को बल मिलेगा। इन परियोजनाओं के अंतर्गत बनने वाली 501 नई इकाइयाँ प्रदेश में आवास आपूर्ति को सुदृढ़ करेंगी और मध्यम एवं किफायती आवास की मांग को पूरा करने में सहायक होंगी ।इन परियोजनाओं में होने वाला 176.28 करोड़ का निवेश न केवल निर्माण क्षेत्र में, बल्कि सीमेंट, स्टील, पेंट, फर्नीचर, इलेक्ट्रिकल्स, टाइल्स और वित्तीय सेवाओं जैसे सहायक उद्योगों में भी रोजगार और व्यावसायिक अवसरों को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा रेरा की पारदर्शी और सख्त अनुमोदन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि हर परियोजना निर्धारित मानकों का पालन करे। 6 नई परियोजनाओं को दी गई मंजूरी यह संकेत है कि उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट क्षेत्र स्थिरता और विश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

# आरटीओ का सर्वर फेल, आवेदक परेशान

**लखनऊ।** स्कूली वाहनों की फाईल, स्थाई डीएल, कामर्शियल गाड़िया ट्रांसफर, और अन्य कार्य नही हो पा रहा है। रुक-रुक कर सर्वर चला जाता है जिससे आवेदक परेशान हा रहे है। महानगर से आये राजकुमार ने बताया आरटीओ का हाल कभी भी नही सुधर सकता है। परिवहन विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था ध्वस्त होने के कगार पर है। सर्वर लगातार बढ़ते दबाव के चलते स्लो हो गया है। इससे चंद मिनटों के काम में आवेदकों को घंटों आरटीओ कार्यालय में भटकना पड़ता है। सर्वर स्लो होने से वाहनों के खरीदारों के प्रपत्र अपलोड नहीं हो रहे हैं। आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि लखनऊ के करीब 160 डीलर प्वाइंट से बिक्री होने वाली बाइक से लेकर हल्के और भारी वाहनों के करीब 20 हजार रजिस्ट्रेशन लंबित हैं। इससे बगैर नंबर वाहन सड़कों पर दौड़ने को मजबूर हैं। ऐसे में बिना नंबर वाले वाहन कोई अपराध करते हैं तो पकड़ना बड़ी चुनौती होगी। ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में सर्वर की समस्या 10 वर्षो से बनी हैं। यहां सरकारी टेलीकॉम कंपनी के सर्वर लगे हैं, जो काफी सुस्त है या चलते ही नहीं।

# लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था में जल्द होगा बड़ा बदलाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नगर निगम की ओर से तैयार लखनऊ व्यापक गतिशीलता योजना की अंतिम कार्ययोजना सोमवार को पेश की गई। यह प्रस्तुतीकरण अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी सभागार में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। बैठक में मेसर्स यूएमटीसी संस्था की ओर से पुनरीक्षित विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस योजना का उद्देश्य लखनऊ को ट्रैफिक जाम, प्रदूषण और असंगठित परिवहन से मुक्त कर एक बेहतर, पर्यावरण-संवेदनशील और सुचारु यातायात प्रणाली प्रदान करना है।

- **व्यापक गतिशीलता योजना की हो रही प्लानिंग**
- **स्मार्ट सिटी सभागार में हुई बैठक में विभिन्न संगठनों और विशेषज्ञों ने दिये सुझाव**

बैठक में सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, उद्योग संघों और यातायात से जुड़े प्रतिनिधियों ने योजना पर अपने विचार रखे। प्रतिभागियों ने इस बात पर बल दिया कि लखनऊ की बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या को देखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन चरणबद्ध और स्थायी समाधान आधारित होना चाहिए।

बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों में प्रमुख रूप से अध्यक्ष टैम्पो-टैक्सी/ऑटो संयुक्त मोर्चा, अध्यक्ष ई-रिक्शा एंड ई-ऑटो चालक संयुक्त मोर्चा, अध्यक्ष सिटी बस लखनऊ ओनर्स एसोसिएशन, आशुतोष सोठी (शुभम साथी फाउंडेशन), राहुल दूबे (इंदु प्रकाश फाउंडेशन), अमित सक्सेना (सूजन फाउंडेशन), अजित (हमराह फाउंडेशन), अभिषेक श्रीवास्तव (कंज्यूमर गिल्ड), तथा टीवीसी सदस्य अशोक कुमार गुप्ता, शिव कुमार रावत, कैलाश नाथ श्रीवास्तव, अख्तर हुसैन, गोकुल प्रसाद, साथ ही व्यापार जगत से सुरेश छाबली (अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल), अशोक गौतम (युवा उद्योग व्यापार मंडल), अनुज पंडित (अमीनाबाद व्यापार मंडल), विकास सक्सेना (बाजारखाला व्यापार मंडल), राजीव कक्कड़ (निशातगंज व्यापार मंडल), मनीष अग्रवा अरुण भाटिया (लघु उद्योग भारती), मोहित सुरी (इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन) और विनय अग्रवाल शामिल रहे। बैठक में उन सभी संगठनों से भी सुझाव मांगे गए हैं।

**सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने की दिशा में कदम :** बैठक के दौरान योजना प्रस्तुत करने वाली संस्था ने बताया कि लखनऊ में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने, सड़क ढांचे को सुधारने और वैकल्पिक परिवहन साधनों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। मेट्रो, बस, ई-रिक्शा और साइकिल जैसे साधनों के समन्वित उपयोग से शहर में निजी वाहनों पर निर्भरता घटाने की दिशा में कार्य होगा। इसके साथ ही सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने, प्रमुख चौराहों का पुनर्विकास करने और यातायात संकेतों के आधुनिकीकरण पर भी बल दिया गया है।

**शहर को स्वच्छ और सतत गतिशीलता वाला मॉडल सिटी बनाने का लक्ष्य :** अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि यह योजना लखनऊ को ्सस्टेनेबल अर्बन मोबिलिटी मॉडल सिटी् के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की भागीदारी से ही यह परियोजना सफल होगी। बैठक में तय किया गया कि नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, स्मार्ट सिटी मिशन और लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन मिलकर इस योजना के क्रियान्वयन में समन्वय करेंगे। उन्होंने ने कहा कि योजना के लागू होने से लखनऊ की ट्रैफिक व्यवस्था, पर्यावरण गुणवत्ता और नागरिक जीवन स्तर में बड़ा सुधार आएगा। इसके साथ ही सभी संगठनों से उनके सुझाव भी मांगे गए हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# प्रेमी-प्रेमिका ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित किसानपथ आउटर रिंगरोड के पास कार के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने के बाद युवक ने अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी।मौके पर पहुंचे परिजनों ने इलाज के लिए प्रेमी जोड़े ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

सुशान्त गोल्फ सिटी के सुल्तानपुर हाइवे पर किसानपथ आउटर रिंग रोड के पास रविवार रात जानकीपुरम के अजनहर गांव निवासी सुभाष रावत (21) अपनी आलमबाग के गढ़ कनौरा निवासी नाबालिग 15 वर्षीय प्रेमिका अमिता के साथ कार के सुशान्त गोल्फ सिटी के किसान पथ पहुंचे जहां कार के अंदर दोनो नेजहरीला पदार्थ खा लिए। परिजनों के मुताबिक सुभाष ने जहरीला पदार्थ खाने के बाद फोन कर इसकी जानकारी भी दी। सूचना मिलते ही उसके परिजन मौके पर पहुंचे, और दोनों को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे ,जहाँ इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक सुभाष कार चालक था। वह ओला में अपनी कार चलता था। जबकि किशोरी हाईस्कूल की छात्रा थी। दोनों विवाह करना चाहते थे लेकिन परिजन किसी के भी राजी नही थे। जिसके कारण रविवार की रात बहाने से घर से निकले और किसान पथ के पास आकर कार के अंदर जहरीला पदार्थ खा लिया।

## दबंगों ने फौजी पर किया धारदार हथियार से हमला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**आलमबाग।** आशियाना थाना इलाके में बीते शनिवार रात्रि तेज आवाज में गाना बजाने का विरोध करने पर दबंग ने अपने साथियों के साथ मिलकर पड़ोसी फौजी पर धारदार हथियार से हमलाकर लहूलुहान कर दिया और मौके से धमकी दे फरार हो गया।

वही पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से गाजीपुर थाना जंगीपुर के रहने वाले दिव्यांशु सिंह पुत्र विद्याशंकर सिंह आशियाना के शारदा नगर रजनी खंड में किराए पर रहकर 44 कंपनी सप्लाई डिपो में कार्यरत है। पीड़ित फौजी के अनुसार 11-12 की रात्रि वह ड्यूटी से अपने कमरे पर लौट आराम कर रहे थे। आरोप है कि उस दौरान पड़ोस में रहने वाला सोनू रावत नामक युवक अपने कमरे में तेज आवाज में गाना बजा रहा था जिसपर उन्होंने विरोध किया था तो वह द्वेष के चलते उसने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर असलहा व धारदार हथियार से पीड़ित फौजी समेत उनके साथी सुजीत सिंह पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर अधमरे हालात में छोड़ फरार हो गया। वही पीड़ित का कहना था उसने अपना व साथी सुजीत का प्राथमिक उपचार कराने के बाद स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित फौजी की लिखित शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में 5000 डॉक्टरों की कमी

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दिए गए जवाब से स्पष्ट हुआ है कि प्रदेश के सरकारी अस्पतालों व मेडिकल कॉलेजों में लगभग पाँच हजार डॉक्टरों की कमी है। न्यायालय ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए, कार्यरत डॉक्टरों व पैरा-मेडिकल स्टाफ का ब्यौरा तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने विराज खंड रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी की ओर से वर्ष 2017 में दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका में प्रदेश में मरीजों की चिकित्सा के समुचित व्यवस्था के लिए दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका पर जवाब देते सुए राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा कैडर के 19659 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं जबकि वर्तमान में 11018 डॉक्टर ही नियमित रूप से नियुक्त हैं जबकि 283 पुनर्नियोजन के आधार पर तथा 404 डॉक्टर वॉक-इन इंटरव्यू के द्वारा तैनात किए गए हैं। बताया गया कि 2508 डॉक्टर एनएचएम के द्वारा कार्यरत हैं और इस प्रकार प्रदेश में कुल 14213 डॉक्टर कार्यरत हैं। इस पर न्यायालय ने कहा कि इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि कम से कम पाँच हजार सरकारी डॉक्टरों की कमी प्रदेश में है, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में प्रदेशवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए योग्य डॉक्टरों की उपलब्धता प्रमुख है। न्यायालय ने राज्य सरकार को बेहतर शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश देते हुए कहा है कि वह जिलेवार ब्यौरा दे कि प्रदेश में कितने सरकारी अस्पताल व मेडिकल कॉलेज हैं और उनमें कितने डॉक्टरों व पैरा मेडिकल स्टाफ के पद स्वीकृत हैं तथा उनमें से कितने वास्तव में कार्यरत हैं। मामले की अगली सुनवायी दो माह पश्चात होगी।

## ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगा कर दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** अवध विहार कॉलोनी निवासी आयशा खातून ने अपने पति जैद खान व ससुराल पक्ष पर दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। आयशा ने बताया कि उसका विवाह 30 जनवरी 2023 को प्रेम विवाह के रूप में हुआ। विवाह के बाद पति के परिजनों ने उसे घर में रहने नहीं दिया, जिससे दंपति मायके में रहने लगे। कुछ माह पूर्व ससुराल पक्ष ने पति पर दबाव बनाया कि वह या तो पत्नी-बेटी को छोड़ दे या ?40 लाख और कार लेकर आए। विरोध करने पर जैद ने कई बार मारपीट की। 21 मई 2025 को वह आयशा और उसकी बेटी अनायजा (10 माह) को पीटकर छोड़ गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आरोपी कार चालक भेजा गया जेल

नगराम। नगराम निगोहां मार्ग पर शनिवार रात कार की टक्कर से समेसी गांव निवासी बाइक सवार युवक अतुल शुक्ला की मौत के मामले में कार चालक सतगुरु को गिरफ्तार कर नगराम पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि समेसी पावर हाउस के पास शनिवार रात कार की टक्कर से गंभीर रूप घायल बाइक सवार अतुल शुक्ला को ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया गया था रविवार की रात मौत हो गई थी मृतक के पिता सत्य देव शुक्ला ने कार चालक सतगुरु के खिलाफ रविवार के दिन मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे के आधार पर कार कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में लिया गया था जिसे गिरफ्तार कर सोमवार के दिन न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया ।

## प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय नौसेना में तैनात जितेन्द्र कुमार शुक्ल ने ह्लट्रस्टस टाउन कंपनीह्व के सीएमडी अनिल कुमार सिंह और उनके सहयोगियों पर प्लॉट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का आरोप लगाया है।

पीड़ित जितेन्द्र, जो बाराबंकी के जरौली के निवासी हैं, ने बताया कि उन्होंने कंपनी के बिजनौर क्षेत्र में प्लॉट संख्या 202 और 203 के लिए 2020 में कई किश्तों में रकम जमा की, परंतु न तो प्लॉट की रजिस्ट्री की गई और न ही पैसा लौटाया गया।

जब उन्होंने दबाव डाला, तो आरोपियों ने गाली-गलौज, धमकी और मारपीट की। जितेन्द्र ने पहले पीजीआई थाने में शिकायत दी, जहाँ सीएमडी ने पैसा लौटाने का आश्वासन दिया और ?50,000 लौटाए, लेकिन शेष रकम नहीं दी। अंततः पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से शिकायत की, जिस पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**खाताधारक के बैंक यूपीआई के माध्यम से जालसाजों ने उड़ाये 68500 रुपये:** आलमबाग कोतवाली इलाके मे रहने वाले एक खाताधारक के खाते से जालसाजों ने बीते माह बैंक यूपीआई के माध्यम से दो बार में खाते से 68500 रुपए पार कर दिया। वही पुलिस ने घटना के दो सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित फतेह अली रेलवे कालोनी आवास मे रहने वाले राज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व राम आसरे पाण्डेय के अनुसार उनके बैंक यूपीआई द्वारा बीते 26 सितम्बर को जालसाजों ने पहली बार में 50 हजार रुपये व दूसरी बार में 18500 रुपये पार कर हड़प लिया । जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## करोरा गांव से लगभग चार कुंतल अवैध पटाखे बरामद

● दो के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

नगराम। नगराम पुलिस द्वारा सोमवार शाम करोरा गांव में आबादी के अंदर दुकान में छिपाकर रखे गए करीब चार कुंतल अवैध पटाखे बरामद किए गए । कारोबारी मौके से भाग निकला जिसके विरुद्ध नगराम पुलिस द्वारा विस्फोटक अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है ।

सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलाल गंज रजनीश वर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि करोरा गांव में आबादी के अंदर बनी दुकान में दीपावली में खपाने के लिए अवैध पटाखे छिपाकर रखे गए हैं । सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी द्वारा उपनिरीक्षक संदीप कुमार व टीम में शामिल पुलिस टीम के साथ छापेमारी की गई दुकान का शटर खोलने पर उसके अंदर कागज के गत्तों में छिपाकर रखे छोटे बड़े करीब चार कुंतल अवैध पटाखे बरामद हुए । ए सी पी ने कहा कि आरोपी बाहरी जिलों से पटाखे मंगाकर दीपावली पर बिक्री की तैयारी कर रहे थे।इसी क्रम में नगराम थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा भंडारण गोदाम का भंडाफोड़ किया। यहां से करीब 4 कुंटल अवैध पटाखे बरामद हुए । नगराम पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में करोरा गांव निवासी मोहम्मद अहमद उर्फ मुन्ना व मोहर्रम के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके पूर्व नगराम पुलिस द्वारा नगराम कस्बा स्थित तीन घरों से करीब दस कुंतल विस्फोटक बरामद कर चार आरोपी जेल भेजे जा चुके हैं ।

## बाइक रिपेयरिंग की दुकान में लगी भीषण आग

लखनऊ। जानकीपुरम में तिवारी चौराहे पर स्थित अंगद आटो सर्विस सेंटर में रविवार देर रात आग लग गई। मोबाइल ऑयल, कैन में रखे पेट्रोल और टायर ट्यूब के कारण आग कुछ ही देर में भयावह हो उठी। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। तिवारी चौराहे के पास स्थित अंगद आटो सर्विस सेंटर से आग की लपटें और धुआं निकलते देख रविवार देर रात स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आग की लपटें बढ़ती देख लोगों ने खुद पानी फेंककर काबू पाने का प्रयास किया और दमकल को सूचना दी। सर्विस सेंटर में रखे पेट्रोल और मोबिल आयल के कारण कुछ ही देर में आग और भयावह हो उठी। बीकेटी फायर स्टेशन अफसर और उनकी टीम पहुंची। पानी फेंकना शुरू किया। कटर से शटर को काटा गया। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। दमकल कर्मियों ने बताया कि घटना के समय सर्विस सेंटर बंद था। आशंका है कि शार्ट सर्विस से आग लगी थी। सीएफओ अंकुश मित्तर ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया था। कोई हताहत नहीं हुआ है।

## नीरज सिंह और आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ की स्वदेशी मेले में खरीदारी



**लखनऊ।** भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह और भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार की शाम को लखनऊ विश्वविद्यालय खेल मैदान मे चल रहे यूपी ट्रेड शो 2025- स्वदेशी मेले में जाकर स्वदेश उत्पादों की खरीदारी की। नीरज सिंह ने वोकल फार लोकल को प्रोत्साहन के लिए स्वदेशी मेले में चिकनकारी, जरदोजी, दरी कालीन, मिट्टी से निर्मित लक्ष्मी गणेश व अन्य मूर्तियां, दिए, महिलाओं द्वारा तैयार सजावट के समान, अचार, नमकीन व खाद्य वस्तुओं के स्टॉल पर भी गए और दुकानदारों से सरकार द्वारा चलाएं जा रहे स्वदेशी अपनाओ अभियान के संबंध में चर्चा की। एमएसएमई और जिला उद्योग प्रोत्साहन विभाग अधिकारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ और लखनऊ चिकनकारी का अंग वस्त्र भेंट कर नीरज सिंह और आनंद द्विवेदी का स्वागत किया। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संयोजक अभिषेक खरे, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, राकेश सिंह, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, मुन्ना त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता मयंक बाजपाई, दीपा मिश्रा उपस्थित रहे और मुख्य अतिथियों को हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी थीम पर आधारित स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या तरंग का आयोजन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चंद्रलोक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक संध्या तरंग का आयोजन चंद्रलोक पार्क, अलीगंज (लखनऊ) में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. नीरज बोरा (विधायक, लखनऊ उत्तर) और विशिष्ट अतिथि पवन सिंह (विधायक, विधान परिषद) रहे। दीप प्रज्वलन संरक्षक सरोज भाटिया ने किया, जबकि संयोजिका सीमा सक्सेना ने अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह और शाल भेंटकर किया। ओंकार शंखधर एवं साथियों द्वारा गीत, नृत्य व मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसका संचालन डॉ. मालविका त्रिवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति के साथ आयोजन समिति में न्यायमूर्ति अनिल कुमार (संरक्षक), नवीन सिंह (सचिव), संजय महाजन (प्रचार मंत्री) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**मामूली कहा सुनी को लेकर पिता पुत्र को पीटा:** मामूली कहा सुनी में दबंगों ने बाप बेटे से गाली गलौज की बाद घर में घुसकर पीट दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने पर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी। पुलिस ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उत्कृष्ट छात्रों को मिला परवाज राइजिंग स्टार अवॉर्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** परवाज फाउंडेशन द्वारा कुव्वते परवाज कार्यक्रम का आयोजन उर्दू अकादमी, गोमती नगर में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुई, जिसे श्री दानिश उस्मानी ने पढ़ा और उसका अनुवाद प्रस्तुत किया। इसके बाद श्री तारिक खान और फैसल हुसैन ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में उन छात्रों की सफलता की कहानियाँ साझा की गईं, जिन्हें परवाज फाउंडेशन ने पहले सहयोग दिया और जिन्होंने जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कीं। इनमें सैफ अली खान, जो दिव्यांग होते हुए भी सफाई मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस कर रहे हैं; शाहीस्ता बानो, इंडिगो में सीनियर केबिन अटेंडेंट मंतशा बानो, बैंक में सीनियर रिलेशनशिप मैनेजर और सालेहा बानो, जो एमबीबीएस कर रही हैं विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं।

उत्कृष्ट बोर्ड छात्रों को परवाज राइजिंग स्टार अवॉर्ड और 10 शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवॉर्डह्व से सम्मानित किया गया। साथ ही वंचित परिवारों के छात्रों की छात्रवृत्ति के चेक वितरित किए गए। फाउंडेशन की डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई और दो अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। अध्यक्ष डॉ. कौसर उस्मान ने शिक्षा के जरिए समुदाय को सशक्त करने की अपील की, जबकि तारिक सिद्दीकी ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 250 से अधिक लोग शामिल हुए जिनमें कई गणमान्य अतिथि, शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे।

## भगवान तथागत के पवित्र अवशेष शांति, करूणा और आध्यात्मिक विरासत के प्रतीक : केशव

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को काल्मिकिया गणराज्य, रूस स्थित ट्रेइत्स्कोये खुरुल मठ में पूज्य भिक्षुगण को संबोधित किया तथा भगवान बुद्ध की विरासत की भावना के प्रतीक के रूप में मठ के मुख्य मठाध्यक्ष को मंगोलियाई भाषा में मूल्यवान कंजूर भेंट किया।

केशव प्रसाद मौर्य ने एलिस्ता, काल्मिकिया गणराज्य, रूस स्थित राष्ट्रीय काल्मिकिया रिपब्लिकन संग्रहालय में बोधिचित्त प्रदर्शनी का उद्घाटन कर देखा। इस अवसर पर भारत और रूस के बौद्ध धर्मावलंबियों के बीच एक ऐतिहासिक समझौता हुआ, जिसमें काल्मिक बौद्धों के केंद्रीय आध्यात्मिक प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के बीच एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता भारत और रूस के बीच स्थायी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को मजबूत करता है और दोनों राष्ट्रों के बीच संवाद एवं सहयोग का पुल बनकर वैश्विक सद्भाव एवं करुणामय विश्व की साझा दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

उप मुख्यमंत्री व प्रतिनिधि मण्डल के साथ काल्मिकिया के प्रमुख लोगो के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी, जिसमे भगवान तथागत बुद्ध के सन्देशो व उपदेशों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिकता व महत्व पर प्रकाश डाला गया। काल्मीकिया मे एक साक्षात्कार मे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा भगवान तथागत बुद्ध की करूणा, दया और क्षमा की शिक्षा आज के परिपेक्ष्य में भी बहुत प्रासंगिक हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में जब से देश की बागडोर संभाली है तब से उन्होने विश्व के बड़े से बड़े मंच से भी खड़े होकर यह कहा कि हमने संसार को भगवान तथागत बुद्ध को दिया, युद्ध नहीं दिया। बुद्ध की शरण मे जाने से शांति है, प्रगति है, आध्यात्मिक उन्नति भी है।

आज वह देख रहे हैं कि काल्मीकिया में तो कई शताब्दियों पूर्व भगवान तथागत बुद्ध का संदेश आ चुका और आज यहां पूरी तरह काल्मिकिया गणराज्य बुद्धमय, बौद्धमय हो गया है। उन्होने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दुनिया भर के अंदर भगवान तथागत बुद्ध के अनुयायियो की संख्या बढ़ेगी, क्योंकि शान्ति, प्रगति, क्षमा और आध्यात्मिक उन्नति का रास्ता भगवान तथागत बुद्ध के उपदेशों, संदेशों, उनकी शिक्षा व उनके जीवन से मिलता है।

## थाने पर न सुनी तो डीसीपी से की शिकायत

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र मेंएक महिला ने अपने देवर सहित अन्य लोगों पर मारपीट व लूटपाट करने तथा कपड़े फाड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।पीड़िता ने पुलिस पर भी देर रात तक थाने में बैठाए रहने के बाद भी उचित कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के मुजफ्फरनगर घुसवल महमूदपुर के रहने वाले चन्द्रशेखर लोधी की पत्नी नीलम लोधी के कहना है कि वह रविवार की शाम अपने पति पुत्र व भांजे के साथ पैतृक निवास पर गई थी।जहां पहले से मौजूद रामेश्वर कुंजन कुलदीप बीरपाल अनुराग व अभिराज सहित अन्य लोग उसे मारने पीटने लगे तथा उसके कपड़े फाड़ दिए और कान में पहनी बाली नोच ली।यह देख पीड़िता को बचाने के लिए उसका पुत्र राजदीप भांजा नौनिहाल व पति चंद्रशेखर दौड़े तो अरोपित उन्हें भी मारने पीटने लगे और चंदशेखर की चेन भी छीन ली।इसी बीच पीड़िता व उसके परिजन किसी तरह अपनी स्कोर्पियो गाड़ी में बैठकर भागने लगे तो आरोपितों ने उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी।

### सूचना

सूचित करना है मैने अपने पुत्र घनश्याम व बहू पल्लवी को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा।

**कमला पत्नी स्व: छोटेलाल निवासी- मोहल्ला बेगमगंज सराय शहर, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुर, वि.ख.- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-11.10.2025

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- कल्याणपुर, विकासखंड- दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 में प्राप्त होने वाली धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरे आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 14.10.2025 से दिनांक- 18.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कल्याणपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 18.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरे पीडब्ल्यूडी की दरे से अधिक नहीं होनी चाहिए।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश सिंह के घर से हरिप्रसाद के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | प्राथमिक विद्यालय से पलिया सरहद तक खण्डजा निर्माण कार्य। माप-120 मी.x3 मी.। | 3.50 लाख। | एसओबी ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा0पं0- कल्याणपुर, वि0ख0-दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या**

ई-निविदा सूचना वि.आ.सं. 8843 एवं दिनांक: 08.10.2025

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 82 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड - दर्शननगर अयोध्या के अधीन आने वाले विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनल एवं पावर परिवर्तक के टेस्टिंग एवं अनुरक्षण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी०एस०टी० सहित तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।
2. 83 एच (एफ) (कार्य) / 2025 - 26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड, अयोध्या के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड - रूदौली, अयोध्या के अधीन आने वाले विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनल एवं पावर परिवर्तक के टेस्टिंग एवं अनुरक्षण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 7400.00।
3. 84 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - दर्शननगर, अयोध्या के अधीन आने वाले उपखण्ड कार्यालयों पर स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम एवं प्रिन्टरों के अनुरक्षण एवं रीफिलिंग का वार्षिक अनुरक्षण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 2500.00।
4. 85 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: प्रभारी एन्टी पावर थेफ्ट थाना, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक एवं डीजल सहित 24 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 6000.00।
5. 86 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड- मिल्कीपुर, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
6. 87 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड - रानीबाजार को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
7. 88 एच(एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड - मिल्कीपुर को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।
8. 89 एच (एफ)(कार्य)/2025-26: अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - मिल्कीपुर, अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड - कुमारगंज को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।

ई निविदा की अंतिम तिथि: 24 अक्टूबर 2025 17.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

# संघर्ष और साहस से परिचित करायेगी फिल्म भागवत : अरशद वारसी

## अपनी फिल्म को प्रमोट करने शहर पहुंचे अभिनेता व निर्देशक




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सोमवार को अभिनेता अरशद वारसी और डायरेक्टर अक्षय शेरे अपनी क्राइम थ्रिलर फिल्म भागवत के प्रचार के लिए राजधानी लखनऊ पहुंचे। इस दौरान अरशद वारसी ने फिल्म को लेकर विस्तार से बातचीत की।

उन्होंने दर्शकों को इस दिलचस्प थ्रिलर में मिलने वाले रोमांचक अनुभव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लोगों को फिल्म की शूटिंग के कुछ किस्से भी सुनाए। फिल्म की कहानी बिल्कुल वास्तविक और जमीन से जुड़ी है। लोगों को यह पसंद आ रही है, यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। जॉली एलएलबी में सिस्टम से लड़ने वाले अरशद वारसी भागवत में क्राइम केस सॉल्व करते नजर आएंगे। आपको बता दें कि अरशद वारसी की अपकमिंग फिल्म भागवत चैप्टर वन राक्षस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर 17 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। अरशद वारसी ने बतााय कि, भागवत चैप्टर वन राक्षस सत्य घटनाओं से प्रेरित फिल्म है। इसमें सही और गलत के बीच की बारीक लकीर को बखूबी दिखाया गया है। यह फिल्म भावनाओं से भरी हुई है और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी।अरशद वारसी ने कहा, भागवत चैप्टर वनः राक्षस में किरदार निभाना मेरे लिए एक बेहद गहरा और भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण अनुभव रहा, लेकिन यह मेरे करियर का सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक भी है। वह आपका आम हीरो नहीं है, वह दोषपूर्ण, क्रोधित और अपने अतीत से परेशान है, फिर भी न्याय कायम करने के लिए संकल्पित है। फिल्म आपको उनके संघर्ष और साहस की पूरी यात्रा से परिचित कराएगी। मेरे लिए भूगवत / भागवत चैप्टर वनः राक्षस को खास बनाने वाली बात यह है कि यह सिर्फ किसी अपराध को सुलझाने की कहानी नहीं है, बल्कि अपने अंदर की लड़ाइयों का सामना करने की कहानी है। मैं दर्शकों को इस यात्रा का अनुभव करने के लिए उत्साहित हूँ और मुझे पूरा विश्वास है कि यह उन्हें आखिरी पल तक पूरी तरह बांधे रखेगी।

**लखनऊ से गहरा भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंध : अक्षय शेरेः** डायरेक्टर अक्षय शेरे ने कहा, लखनऊ का साहस, सम्मान और मानवता की कहानियों से गहरा भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंध है। भागवत फिल्म में भी यही दिखाया गया है। यहाँ पर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात और न्याय के प्रति उनकी लगन से प्रेरणा मिली है। भागवत केवल अपराध और उसकी जाँच-पड़ताल की फिल्म नहीं है, बल्कि यह यहाँ के लोगों, उनकी पसंद और उनकी अंतरात्मा को प्रदर्शित करती है। शक्ति और सहानुभूति के शहर लखनऊ में यह संदेश लाकर हमें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।

**संघर्षों से निकली कहानी है भागवतः** निर्देशक अक्षय शेरे ने कहा कि, भागवत असली भावनाओं और वास्तविक संघर्षों से निकली कहानी है। यह हमारे समाज की सच्चाई और नैतिकता की परतें दिखाती है। फेस्टिवल में यह कहानी पेश करके और पटना के लोगों का उत्साह देखकर बहुत ही उत्साह वर्धक अनुभव मिला है। लोगों से मिलकर, उनकी प्रतिक्रिया जानकर और फिल्म के प्रति उनकी उत्सुकता देखकर हमें एहसास होता है कि हमारी कहानी बनाने का असल उद्देश्य पूरा हुआ।

## लखनऊ मेरे दिल के करीब, यहां शूटिंग करना सुखद

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अरशद वारसी और निर्देशक, अक्षय शेरे का तहजीब और ऐतिहासिक कहानियों के शहर लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। इन दोनों ने केसरबाग पुलिस स्टेशन में पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की। यहां पर एक विशेष फोटो शूट के साथ उन्होंने शहर में न्याय और कानून व्यवस्था की सराहना की।

भागवत सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म है। यह एक गंभीर और भावनाओं से भरी फिल्म है, जिसमें तफ्तीश के साथ रहस्यों, धोखे और मानव संघर्ष के गहरे राज खुलते हैं। यह फिल्म रॉबर्ट्सगंज, उत्तर प्रदेश के देहाती परिदृश्य में फिल्माई गई है, जिसमें न्याय, सहानुभूति और व्यक्तिगत अंतःकरण के बीच होने वाले नैतिक संघर्ष को दिखाया गया है।

अपनी यात्रा के दौरान अरशद और अक्षय ने बताया कि भागवत किस प्रकार वास्तविक दुनिया की समस्याओं, कानूनी संस्थाओं की सहानुभूति और सत्य की तलाश की मानवीय कीमत उजागर करती है। दोनों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी न्याय व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सराहना की। अरशद वारसी ने कहा, लखनऊ मेरे दिल के करीब है। मेरी एक फिल्म थी 'सहर', जिसमें मुख्य किरदार एसएसपी अजय कुमार की कहानी लखनऊ पर आधारित थी। एक और फिल्म डेढ़ इश्किया की शूटिंग लखनऊ में हुई थी। इसलिए लखनऊ, यहाँ के लोगों और खाने से मेरी प्यारी यादें जुड़ी हुई हैं। इस बार, मैं इन पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करके बहुत उत्साहित हूँ, जो शक्ति और अखंडता के प्रतीक हैं। भागवत फिल्म में वास्तविक जीवन का साहस और दृढ़ विश्वास दिखाया गया है। इसमें दृढ़ता की शक्ति, संघर्ष करने की इच्छाशक्ति और सत्य में अटल विश्वास दिखाया गया है।

## फैशन शो में मॉडलों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड स्थित होटल क्राउन प्लाजा में कुंभ पर आधारित एक फैशन शो का आयोजन किया गया। शो में अदिति जग्गी रस्तोगी के रेशम, खादी और कढ़ाई के डिजाइनर कलेक्शन का प्रदर्शन किया गया।जिसमें कुंभ की कहानी के साथ 14 रत्नों की झलक दिखाई गई।रंग बिरंगे रेशम, खादी और कढ़ाई के डिजाइनर वस्त्रों को पहने मॉडल्स ने रैंप पर अपने जलवे बिखेरे।शो में विशेष रूप में आईएएस रितु वर्शुल्ल ने देवी लक्ष्मी के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फैशन शो में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रावण वध और श्रीराम राज्याभिषेक प्रसंग ने मंत्रमुग्ध किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मयार्दा पुरूषोतम भगवान श्रीराम चन्द्र जी की रामलीला का आयोजन पर्वतीय महापरिषद भवन, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ में तीन दिवसीय आयोजन किया गया जिसमें आज अन्तिम तृतीय दिवस शबरी प्रसंग, राम सुग्रीव मैत्री, हनुमान जी को सीता की खोज हेतु लंका भेजना, अशोक वाटिका, लक्ष्मण शक्ति, हनुमान को सुशेन वैद्य की खोज हेतु लंका भेजना, सुशैन वैद्य द्वारा हनुमान को संजीवनी हेतु भेजना, रावण द्वारा कुम्भकर्ण की निद्रा भंग, कुम्भकर्ण वध, मेघनाद वध, रावण दरबार में मंत्री द्वारा युद्ध का हाल बताना, राम रावण युद्ध/रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक आदि प्रसंग के दृष्य प्रस्तुत किये गये।

तृतीय दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आज शहर की विभिन्न रामलीला समितियों एवं संगठनों के पदाधिकारी गण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिनका रामलीला समिति के अध्यक्ष गोविन्द सिंह बोरा एवं महासचिव रमेश चन्द्र उपाध्याय ने सभी अतिथियों को रामनामी पट्ट पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पर्वतीय महपरिषद के अध्यक्ष गणेश चन्द्र जोशी, महासचिव महेन्द्र सिंह रावत, संयोजक केएन चंदोला सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। आज मेघनाद हनुमान संवाद में जिसमें हनुमान आनन्द सिंह कपकोटी एवं मेघनाद टीडी काण्डपाल का अभिनय प्रभावशाली रहा। हनुमान द्वारा राग मालकोश में को तुम श्यामला गौर शरीरा, क्षत्रिय रूप... गीत बहुत मधुर स्वर में गाया गया। सुलोचना का अभिनय भारती काण्डपाल ने किया, कुम्भकर्ण ख्याली सिंह कड़ाकोटी का अभिनय सराहनीय रहा।

शबरी का अभिनय राधिका बोरा, मंदोदरी का अभिनय जानकी नयाल द्वारा किया गया। सुग्रीव- लाल सिंह बोरा, त्रिजटा- प्रतिभा सती व जोगी रावण- गोविन्द सिंह बोरा द्वारा सशक्त अभिनय किया गया। सुशैन वैद्य प्रसंग में कलाकारों का सुन्दर अभिनय दर्शकों को बहुत भाया। पात्रः-राम- नेहा सिंह, लक्ष्मण- निक्की सिंह, सीता- किरन जोशी, भरत- प्रज्जवल सिंह रावत, शत्रुघन- दक्ष बिष्ट, हनुमान- आनन्द सिंह कपकोटी, दशरथ - हरीश काण्डपाल, कैकेयी- चित्रा काण्डपाल, कौशल्या- दमयंती नेगी, सुमित्रा- बिमला बोरा, जनक- नरेन्द्र सिंह फर्त्याल, सुनैना- मंजू बिष्ट, मंदोदरी- जानकी नयाल, परशुराम- गोविन्द सिंह बोरा, विश्वामित्र- मनीष उपाध्याय, राजा-धनुष यज्ञ में- राजा- दीवान सिंह बिष्ट, लाल सिंह बोरा, तारा सिंह बोरा, जीवन गोस्वामी, बन्दी जन- धनुष यज्ञ में- कैलाश बिनवाल, त्रिभुवन बोरा, रावण- पुष्कर सिंह नयाल, मेघनाद- तारा दत्त काण्डपाल, वाणासुर- कमल सिंह नेगी, सुलोचना- भारती काण्डपाल, मन्थरा- संजय रावत, सूर्पणखा-पार्श्व गायिका-.निकिता गोस्वामी, सूर्पनखा- सरिता भाकुनी , अहिल्या- वंशिका नयाल,जनक रावण दरबारी- कमल सिंह नेगी, किशन सिंह बोरा, हरीश काण्डपाल, कुम्भकर्ण- ख्याली सिंह कड़ाकोटी, वानर- विआन कपकोटी, आदित्य उपाध्याय, गौर्विक नयाल, उज्जवल सिंह रावत, अविरल, राक्षस- उज्जवल सिंह रावल, दक्ष बिष्ट, प्रज्जवल सिंह रावत, लकी बोरा, शबरी- राधिका बोरा, सुमित्रा- बिमला बोरा, सीता सखी- टिआ सिंह, वेदिका जोशी, नविता जोशी, सुशैन वैद्य- कैलाश बिनवाल, सुशैन सहायक रहे।

## जनमानस के कल्याण के लिए की गयी प्रार्थना



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) द्वारा केशरी खेडा, अनौरा मोड, कलिया खेडा, स्थित आरके मैरिज लान में सोमवार को विश्व शांति महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजक आर्च बिशप डॉ. आरसी शेत ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ एवं समस्त शासकीय अधिकारियों, सांसदों, विधायकों और अन्य नेताओं के लिए विश्व शांति के लिए प्रार्थनाएं की गई।

इस अवसर पर 'बिशप डॉ. रामचरन शेत ने बताया कि हमारा उद्देश्य विश्व शांति की कामना करना एवं एकता तथा अखंडता स्थापित करना है। विश्व आज तीसरे विश्व युद्ध की ओर अग्रसर होता चला जा रहा है, एक देश दूसरे देश का विनाश करने के करीब है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा विश्व शांति की पहल की गई है। हमारी वर्तमान सरकार सब का साथ सब का विकास आधारित अखंड भारत वैश्विक प्रगति पर गतिशील है।हम सब हजारों की भीड़ इस उद्देश्य के लिए आज यहां एकत्र हुए हैं कि विश्व शांति एवं जनमानस का कल्याण स्थापित हो। भारत भूमि से सदैव अखंड विश्व शांति की पहल की जाती रही है यही प्रभु यीशु की परिकल्पना थी। यीशु ने जनमानस के कल्याण और जीवन बचाने, जाति-पांति, ऊँच-नीच को समाप्त करने, शांति स्थापित करने, और पाप के दासता से स्वतंत्र करने के लिए स्वयं क्रूस पर चढ़ गए और अपना जीवन मानव कल्याण के लिए दे दिया, ताकि आकाश में परमेश्वर की महिमा और मनुष्यों में शांति स्थापित हो । इसीलिए आज हम विश्व शांति महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस अवसर पर एकत्रित भीड़ के द्वारा समूचे विश्व की शांति तथा जनमानस के कल्याण के लिए प्रार्थनाएं की गई जिसमे पास्टर अजय पास्टर मनीष, पास्टर विनोद, पास्टर रामचन्द्र, पास्टर राजेश, पास्टर मयंक डेविड, राजा भैया, रंगीलाल, पप्पू भाई, डॉ. आर्थर कोकर, डॉ. सुनीता कोकर, आदि लगभग 50 सेवको ने हिस्सा लिया तथा डॉ. सुल्तान साकिर हाशमी एवं विभिन्न मतावलंबियो ने कार्यक्रम में सिरकत की। शांति महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम व झांकियां प्रस्तुत की गई, छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा नृत्यगीत प्रस्तुत किए गए। महोत्सव में प्रार्थना हेतु हजारो का जनसैलाब उमड़ आया जिसे देखने के लिए आसपास के सैकड़ों लोगो शांति महोत्सव में शामिल रहें।

## अहोई अष्टमी व्रत रखकर मांगी संतान की लंबी उम्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अहोई अष्टमी का पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। सोमवार को महिलाओं ने व्रत रखकर अपनी संतान की दीघार्यु की कामना की। शाम को तारे निकलने के बाद पूजन कर व्रत का पारायण किया।

माताएं अपने पुत्रों की लंबी आयु के लिए अहोई अष्टमी का व्रत रखती हैं। सोमवार को महिलाओं ने व्रत रखकर अहोई माता का का पूजन किया। दिन में व्रत रखा और अपने पुत्रों की दीघार्यु की कामना की। बुजुर्गों के लिए बायना निकाले गए। बदले में बुजुर्गों ने आशीर्वाद और उपहार दिए। शाम को पूजन कर व्रत का पारायण किया। पूजन के लिए करवों की खूब बिक्री हुई। साथ ही अहोई की माला में पिरोने के लिए चांदी के मोतियों की भी खूब खरीदारी की गई। अहोई अष्टमी पर महिलाओं में भी खासा उत्साह देखा गया। माताओं ने निर्जल व्रत रहकर विधि-विधान पूर्वक पूजा.अर्चना कर पुत्रों की दीघार्यु और सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने सुबह उठ कर स्नान, ध्यान करके पुत्र के दीघार्यु के लिए संकल्प लेकर पूरे दिन निर्जल व्रत रखा।

अंत में काला तिल और लाल गंजी का प्रसाद ग्रहण कर श्रीगणेश की वंदना स्तुति करने के पश्चात दान देकर व्रत का समापन किया। अहोई व्रत के चलते बाजारों में चहल पहल देखी गई। महिलाओं ने संतानों की दीघार्यु के लिए कथा भी सुनी। अपनी संतान की लंबी उम्र सुखमय जीवन के लिए कामना की। सायंकाल को पूजा करने के पश्चात महिलाओं ने सास-ससुर के पैर छूकर उन्हें पोशाक और श्रृंगार का सामान श्रद्धा पूर्वक रुपये देकर आशीर्वाद लिया। रात को तारे देखकर अपना व्रत को पूरा किया गया। अहोई अष्टमी का पर्व दीपावली के आरम्भ होने की सूचना देता है। यह पर्व विशेष तौर पर माताओं द्वारा अपनी सन्तान की लम्बी आयु व स्वास्थ्य कामना के लिए किया जाता है। अहोई अष्टमी का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी के दिन किया जाता है। पुत्रवती महिलाओं के लिए यह व्रत अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जिन की सन्तान को शारीरिक कष्ट हो, स्वास्थ्य ठीक न रहता हो, बार-बार बीमार पड़ते हों या किसी भी कारण माता-पिता को अपने सन्तान की ओर से स्वास्थ्य व आयु की दृष्टि से चिंता बनी रहती हो, इस पर्व पर सन्तान की माता द्वारा समुचित व्रत व पूजा आदि का विशेष लाभ प्राप्त होता है तथा सन्तान स्वस्थ होकर दीघार्यु को प्राप्त करती हैं।

## संगीत नाटक अकादमी में नृत्य नाटिका 'मीरा' का मंचन



**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे महाराज प्रेक्षागृह में रंगलोक कथक केंद्र की ओर से दो दिवसीय रंग लोकनाट्य महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन नृत्य नाटिका 'मीरा' का मंचन हुआ। इस प्रस्तुति का निर्देशन डिंपी मिश्रा ने किया। नाटक में मीरा बाई की भक्ति और प्रेम भावना को कथक नृत्य के माध्यम से जीवंत किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में मंगलवार को जावेद सिद्दीकी की मशहूर रचना 'श्याम रंग' का मंचन किया जाएगा।

## गीत-संगीत संग बांसुरी वादन ने समां बांधा




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट दारा सेक्टर एम आशियाना, आशियाना कोतवाली के बगल में 1 अक्टूबर 2025 आरंभ होकर 26 अक्टूबर 2025 आयोजित किया गया है प्रगति महोत्स्व 2025 खान-पान कि दुकानों के साथ-साथ फर्नीचर कार्पेट, ड्राई फुट, बेहतरीन फ्रेम, बेडशीट, लेडीस पर्स, ज्वेलरी, से सहित जरूरत का हर सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। प्रगति महोत्सव 2025 में सांस्कृतिक मंच से प्रतिदिन एक से बढ़कर प्रस्तुतियां कलाकार उपस्थित की जा रही उसी कड़ी में आज आरोही इंटरटेनमेंट की प्रस्तुति को लोगों ने बहुत पसंद की। ऑर्गनाइजेशन संजय संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में जरा देर ठहरो राम, वो मेरे दिल के चैन, दिव्या प्रकाश के गीत बांसुरिया अब पुकारे, कोमल द्वारा मेरे नसीब में तू है कि नहीं, शेखर सिंह द्वारा दिल में हो तुम खूब सराहा गया। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एंन बी सिंह द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया।

## लखनऊ स्पेक्ट्रम कला मेला 2025 के पोस्टर का अनावरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारत की सांस्कृतिक राजधानी लखनऊ, जहाँ तहजीब और रचनात्मकता एक साथ चलती रही हैं और आजभी चल रही हैं, वहाँ सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी में ह्ललखनऊ स्पेक्ट्रम कला मेलाझ्र2025ह्व के लोगो और पोस्टर का अनावरण हुआ। यह क्षण केवल एक कला आयोजन की घोषणा नहीं था, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्तियों के एक नए अध्याय का उद्घाटन था। अनावरण कार्यक्रम में गैलरी की निदेशक नेहा सिंह, फिनिक्स पलासियो के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन, विनय शहाणे, क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना और राजेश कुमार एवं शुभम यादव उपस्थित रहे। 2019 में स्थापित फ्लोरेसेंस गैलरी ने अपने आरंभ से ही यह सिद्ध किया है कि वह मात्र एक प्रदर्शन स्थल नहीं, बल्कि एक ऐसा सृजनात्मक आंदोलन है जो कला को सुलभ, संवादमय और संग्रहणीय बनाने का स्वप्न लिए आगे बढ़ रहा है।

संजीव सरीन, सीनियर सेंटर डायरेक्टर फिनिक्स पलासियो एवं नेहा सिंह निदेशक, फ्लोरसेंस आर्ट गैलरी, ने इस अवसर पर कहा कि ह्ललखनऊ स्पेक्ट्रम-2025ह्व कल्पना और नवाचार के माध्यम से कला की एक साझा भाषा विकसित करेगा—एक ऐसी भाषा जो कलाकार और दर्शक के बीच की दूरी को मिटाने का प्रयास करेगी। यह महोत्सव 1 से 30 नवम्बर 2025 तक लखनऊ के प्रतिष्ठित फीनिक्स पलासिओ में आयोजित होगा, जहाँ 50 से अधिक कलाकारों की 200 से अधिक कलाकृतियाँ प्रदर्शित होंगी। इन रचनाओं में चित्रकला, मूर्तिकला, चीनी मिट्टी की कलाएँ, प्रिंटमेकिंग और मिट्टी के शिल्प जैसे विविध माध्यम शामिल होंगे। इस बार का स्पेक्ट्रम केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव होगा – जहाँ दर्शक केवल कला को देखेंगे नहीं, बल्कि उससे संवाद करेंगे, सीखेंगे और शायद स्वयं सृजन में उतर आएँगे। कार्यशालाएँ, कलाकार संवाद, लाइव आर्ट सेशन और सामूहिक रचनात्मक प्रयोग इस आयोजन को एक जीवंत उत्सव में बदल देंगे। क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने कहा कि लखनऊ सदा से कलाकारों और रचनाकारों की भूमि रही है, और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह मेला कला की विविध माध्यमों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इस वर्ष देश के विभिन्न हिस्सों से चुने गए कलाकार अपनी कृतियों के माध्यम से न केवल समकालीन दृष्टि प्रस्तुत करेंगे, बल्कि लोक, जनजातीय और पारंपरिक कलाओं की आत्मा को भी सामने लाएँगे। इस आयोजन के तीन क्यूरेटर—भूपेंद्र कुमार अस्थाना, राजेश कुमार और गोपाल सामंतराय—ने मिलकर इसे रचनात्मकता का एक संगम बनाया है। यहाँ पद्मश्री और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कलाकारों की प्रतिष्ठित रचनाओं के साथ-साथ युवा कलाकारों के नवाचारपूर्ण प्रयोग भी देखने को मिलेंगे। फ्लोरसेंस की यह पहल लखनऊ की सांस्कृतिक धड़कनों को एक नए स्वर में गूँजाने जा रही है—जहाँ परंपरा और आधुनिकता, लोक और समकालीनता, विचार और अनुभव मिलकर एक ऐसा स्पेक्ट्रम रचेंगे, जिसमें शहर की आत्मा और कला का उजास साथ-साथ झिलमिलाएगा।



## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, दूबेपुर, सुलतानपुर

**पत्रांकः/नीलामी/ध्वस्तीकरण/857-59/2025-26/** **दिनांक 10.10.2025**

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास क्षेत्र दूबेपुर, सुलतानपुर के अन्तर्गत परिषदीय प्राथमिक/ उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी / ध्वस्तीकरण हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य अथवा सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है, जिनका विद्यालयवार विवरण निम्नवत है-

| क्र. | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि | निर्धारित धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा.वि. अलहदादपुर | 52591.33 | 5259.13 |
| 2 | प्रा.वि. लक्ष्मणपुर | 41505.70 | 4150.57 |
| 3 | प्रा.वि. ढाहा फिरोजपुर | 78782.90 | 7878.29 |
| 4 | प्रा.वि. महेदवा | 96408.23 | 9640.82 |
| 5 | प्रा.वि. लौहर पश्चिम | 72061.62 | 7206.16 |
| 6 | प्रा.वि. फतेहपुर | 94736.54 | 9473.65 |
| 7 | प्रा.वि. हसनपुर 2 | 32735.85 | 3273.58 |
| 8 | प्रा.वि. जुड़ैयापुर | 93736.54 | 9373.65 |
| 9 | कम्पो. अमिलिया कला | 144980.63 | 14498.06 |
| 10 | प्रा.वि. गोड़वा | 96151.51 | 9615.15 |
| 11 | प्रा.वि. बहलोलपुर | 86311.97 | 8631.19 |
| 12 | कम्पो. सोनबरसा | 64610.69 | 6461.69 |
| 13 | कम्पो. पिकौरा | 203356.52 | 20335.65 |
| 14 | उ.प्रा.वि. बभनगवा | 83191.70 | 8319.17 |
| 15 | प्रा.वि. हसनपुर 1 | 388819.00 | 38819.19 |
| 16 | उ.प्रा.वि. पलहीपुर | 145445.53. | 14544.55 |

नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति/फर्म उक्त विद्यालयों का नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर लें तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि (कॉलम 04 में अंकित) की डी. डी. प्रतिभूति/धरोहर धनराशि के रूप में सम्बंधित विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तों सहित प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 25.10.2025 को सायं 04 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे और नीलामी दिनांक 27.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे ब्लॉक संसाधन केन्द्र दूबेपुर में संपादित की जायेगी। दिनांक 27.10.2025 को नीलामी पूर्ण नहीं होने की दशा में पुनः दिनांक 28.10.2025 को सायं 04 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे एवं नीलामी दिनांक 29.10.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की जायेगी। यदि कोई जर्जर विद्यालय नीलामी से शेष रहता है, तो उसकी पुनः दिनांक 04.11.2025 को सायं 04 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे और नीलामी दिनांक 06.11.2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे के पूर्व निर्धारित समय व स्थान पर नीलामी पूर्ण की जायेगी। जर्जर भवन नीलामी / ध्वस्तिकरण वाले विद्यालयों की सरकारी बोली मूल्यांकित धनराशि से प्रारंभ होगी। नीलामी की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नीलामी प्राप्तकर्ता को स्वयं के खर्चे पर मलबा 15 दिन के अन्दर हटाकर समतल करना होगा, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित की धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायगी और उसकी नीलामी प्रक्रिया स्वतः निरस्त हो जायेगी। नीलामी प्रक्रिया को स्थगित करने अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नीलामी समिति में निहित होगा।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**दूबेपुर, सुलतानपुर।**

संक्षेप

## निर्माणाधीन मकान में मिला अजगर

सीतापुर। थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम के निकट सड़क किनारे बन रहे निमार्णाधीन मकान में बीती रविवार रात करीब नौ बजे एक अजगर होने की सूचना पर देखने वालो का तांता लग गया। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैंया महीपत सिंह के मजरे पट्टी बाजार से कुछ दूरी पर जसमंडा हुसैनपुर संपर्क मार्ग को किनारे बन रहे निर्माणाधीन मकान में एक अजगर बीती रात करीब नौ बजे मिलने से हड़कंप मच गया। जिसे देखने वालों का तांता लग गया। जिसकी सूचना उन्होंने वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर शारदा सहायक नहर के जंगल में छोड़ दिया।

## अधेड़ का तालाब में मिला शव

सीतापुर। बिसवां कोतवाली बिसवा क्षेत्रांतर्गत नगर के शीतला देवी मंदिर के पास रविवार देर रात एक व्यक्ति ने तालाब में अचानक छलांग लगाकर डूब गया। जिसका शव सोमवार दोपहर गोताखोरों ने निकाला सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली के कस्बे के शीतल देवी मंदिर के पास बने तालाब में रविवार देर रात अचानक एक अधेड़ व्यक्ति अजय शुक्ल पुत्र रामखेलावन निवासी थवई टोला बिसवां ने छलांग लगा दी। जिसे कुछ लोगों ने छलांग लाते हुए देखा। अजय शुक्ल नगर पालिका परिषद के कृपा दयाल विद्यालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली को दी। देर रात तक स्थानीय गोताखोर व पुलिस के कर्मचारी अजय को तालाब में खोजते रहे परंतु सफलता नहीं मिली। सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे के आसपास स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस ने अजय का शव बरामद किया गया। शव को पंचनामा व अन्य औपचारिकताओं के लिए पोस्टमार्टम हेतु सीतापुर भेजा गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा घटना की जांच जारी है। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रविवार की देर रात कुछ लोगों ने अजय शुक्ला को तालाब में छलांग लगाते हुए देखा था जिसके बाद से वे लापता थे। फिलहाल पुलिस के अनुसार अभी तक कोई तहरीर परिजनों की तरफ से नहीं दी गई है।

## अवैध शराब सहित दो गिरफ्तार

मौरावां, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम के लिए लगातार विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के नेतृत्व में निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक पुरवा व प्रतिभा सिंह आबकारी निरीक्षक बीघापुर द्वारा मय स्टाफ व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम सगौली व देवमई में मुखबिर की सूचना पर छापेमारी के दौरान 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कुल 54 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। गिरफ्तार अभियुक्त में अंकित पुत्र स्व प्रकाश निवासी सगौली थाना मौरावां, भगवानदेई पत्नी भगवानदीन निवासी देवमई थाना मौरावां शामिल है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना वर्ष पर यात्रा निकाली गयी

मौरावां, उन्नाव। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर स्वयं सेवकों ने पद संचालन कर मौरावां स्थित केएनपीएन इंटर कॉलेज में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ की अध्यक्षता में भव्य यात्रा निकालकर योगाभ्यास किया गया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर सैकड़ो स्वयंसेवको ने कस्बे में पथ संचालन किया। अशोक द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 1925 में विजय दशमी के दिन संघ की स्थापना महाराष्ट्र प्रान्त के नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र प्रशान्त त्रिपाठी व उसकी पत्नी को उनके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **योगेश कुमार पुत्र मिश्रीलाल निवासी ग्राम दहेलिया श्रीरंग परगना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

# अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जाये



सीतापुर। कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों से संबंधित माह सितम्बर 2025 तक की प्रगति एवं मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही माह सितम्बर 2025 के विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। उन्होंने लक्ष्य न पूर्ण करने वाले विभागों के अधिकारियों से लक्ष्य पूर्ण करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वाणिज्यकर, आबकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय, नगर निकाय, वन विभाग, खनन, राजस्व, मण्डी आदि विभागों की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। आर0सी0 वसूली में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि लम्बित वादों का समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। अधिक समय से लम्बित वादों के प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों में त्रुटि सुधार, नामांतरण, निर्विवादित उत्तराधिकार, स्वामित्व योजना, पैमाइश आदि की भी समीक्षा की। जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाये तथा उसे निस्तारण से अवश्य अवगत कराया जाये। एम0ओ0यू0 की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लम्बित एम0ओ0यू0 तत्काल निस्तारित कराए जाने के निर्देश उपायुक्त उद्योग को दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त प्रकरणों में वांछित आख्या समय से प्रेषित की जाये, जिससे प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## डीएम ने धान क्रय केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति सीतापुर स्थित धान क्रय केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मण्डी समिति गेट पर व मण्डी परिसर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसानों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक कृषक पंजीकरण करायें। क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। बोरों की उपलब्धता सिलाई मशीन इत्यादि भी केन्द्रों पर उपलब्ध रहे। केन्द्र प्रभारी निर्धारित समय तक अनिवार्य रूप से केन्द्र पर उपस्थित होकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायें। जनपद की मंडियों में किसानों द्वारा लाए गये धान की नमी की जांच कर धान क्रय करना सुनिश्चित करें। यदि कृषक पंजीकरण सत्यापन में कहीं भी समस्या आ रही हो तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी जिला खाद्य विपणन अधिकारी सीतापुर से सम्पर्क कर निराकरण कराया जायें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी केन्द्र प्रभारियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वह आसपास के कृषकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए, उन्हें अपना धान विक्रय करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि उन्हें मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिल सकें।

## धनुष यज्ञ व कन्या पूजन का समापन



पुरवा, उन्नाव। सोमवार को स्थानीय ग्राम त्रिपुरारिपुर में बाबा देवीदीन प्रांगण में दो दिवसीय ऐतिहासिक धनुष यज्ञ एवं विशाल कन्या पूजन का भव्य समापन हुआ। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ शनिवार की सुबह कन्या पूजन से हुआ, जिसमें सैकड़ों माताओं-बहनों ने भाग लेकर धार्मिक आस्था व्यक्त की। भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण राममय हो उठा। शनिवार की रात्रि में मुनि याचिका से लेकर ताड़का वध लीला का मंचन किया गया। लीला देखकर भक्त भाव-विभोर हो उठे। धनुष यज्ञ समारोह में कलाकारों ने परशुराम-लक्ष्मण संवाद का शानदार मंचन किया। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

कार्यक्रम का संचालन बृज किशोर अध्यापक ने किया। मंच पर राम की भूमिका सोहित पांडेय (कानपुर), लक्ष्मण की भूमिका सुरेश बाबू त्रिपाठी (पिपरौधा हमीरपुर) परशुराम की भूमिका कुलदीप शास्त्री (कानपुर), जनक की भूमिका बबलू मिश्रा (कानपुर) विश्वामित्र की भूमिका अरुण बाबा (कानपुर) रावण की भूमिका गोपाल बाजपेई (कानपुर) वाणासुर अभिषेक तिवारी कानपुर ने निभाई। कलाकारों के अभिनय से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कन्या पूजन में लगभग 1100 कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अतिथि भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल, रज्जन यादव, आकाश यादव, उदल फौजी, पूर्व अध्यक्ष गोविन्द शुक्ल, डॉ अशोक दूबे, नर नारायण सेवा के स्थापक विमल द्विवेदी, पुष्प फाउन्डेशन के अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह, पत्रकार जयशंकर पांडेय, राजीव सिंह, नागेंद्र यादव, अजय प्रताप सिंह प्रधान नंदकिशोर, संजय त्रिपाठी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बृज किशोर को अंग वस्त्र एवं प्रभु श्री राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

## चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत तम्बौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण और पुलिस उपाधीक्षक लहरपुर के नेतृत्व में की गई।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में इस्माइलगंज निवासी चन्द्रिका (58 वर्ष), सिसेया दरियाना निवासी रामसनेही (40 वर्ष), ड्योढ़ेडीह निवासी मुरसुद्दीन (50 वर्ष) और बिसवां खुर्द निवासी कैलाश (51 वर्ष) शामिल हैं। ये सभी तम्बौर थाना क्षेत्र के निवासी हैं इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में गिरफ्तारी वारंट लंबित थे। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर इन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक इन्द्रजीत सिंह, हेडकॉन्स्टेबल राहुल कुमार, हेडकॉन्स्टेबल रहनुल असीम खां, हेडकॉन्स्टेबल ब्रजकिशोर और कॉन्स्टेबल कपिल दुबे शामिल थे। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय ने बताया कि सभी वारंटी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय सीतापुर के समक्ष पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति पुलिस की सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने मनाया विजयदशमी उत्सव

चकलवंशी, उन्नाव। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय स्वयंसेवकों द्वारा संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव मनाया और बस्ती में पद संचलन कर भ्रमण किया स इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रज्जन बाबा, जिला कार्यवाह रामनरेश सिंह, जिला बौद्धिक प्रमुख देवेंद्र, धमार्चार्य राधेश्याम, विहिप जिलाध्यक्ष बद्रीनाथ, मंडल अध्यक्ष कमलेश, विद्यार्थी परिषद संयोजक योगेश, पूर्व फौजी अकबाल, किसान संघ संयोजक धनंजय, भाजपा मंडल अध्यक्ष मलखान व रामकृष्ण, योगाचार्य मिंटू, मीडिया प्रभारी राजा, कौशल किशोर, गुड्डू गुप्ता, अंकित, अभिषेक, उमाकांत आदि दो दर्जन से अधिक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



तम्बौर/सीतापुर। मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक मिशन शक्ति फेस 5:0 अभियान के तहत ग्राम सुल्तानापुर के पंचायत भवन, सुमेर डीह, कस्बे के मोहल्ला ककरहा में पुलिस द्वारा महिलाओं को जागरूक किया। अध्यक्षता थाना प्रभारी बृजेश राय, चौकी प्रभारी अमित दुबे ने किया। सोमवार को थाने के आरक्षी अनिरुद्ध, आरक्षी प्रमोद, महिला आरक्षी पूजा राय, आरक्षी मनीष राण, ने गांव में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5:0 अभियान के तहत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस हेल्पलाइन 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एंबुलेंस सेवा 108, साइबर क्राइम 1930 आदि की जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रदीप सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बिल्डथॉन 2025 में बच्चों ने दिखाया नवाचार का जज्बा



उन्नाव। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से डायट में आयोजित कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से चुने गए एक-एक विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह के निर्देशन में हुआ, जबकि एस.आर.जी. रचना सिंह एवं मुसर्रत फातिमा के समन्वय से गतिविधियाँ संपन्न कराई गईं।

डायट प्रवक्ता राजीव शुक्ला, श्याम सिंह और अमित राय ने विद्यार्थियों को नवाचार आधारित अधिगम की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, रामपुर गढ़ौवा, औरास से खुशी, किरन, समरीन, उपासना और राजकुमार ने टीम लीडर शिक्षक प्रदीप वर्मा के साथ सहभाग किया। बच्चों ने अपने मॉडल में स्थानीय पर्वों से प्रेरित डांडिया, मूर्तियाँ, राखियाँ, औषधीय पौधों का रोपण, नशामुक्ति जागरूकता और विज्ञान आधारित प्रयोग जैसे साइकिल मरम्मत, वाटर फिल्टरेशन तथा जल संरक्षण प्रणाली प्रस्तुत की। रामपुर विद्यालय के शिक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा, ‟बच्चों के विचार विकसित भारत की नई दिशा हैं कृ जहाँ विज्ञान, संस्कृति और जिम्मेदारी एक साथ आगे बढ़ते हैं।” इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक चेतना का नवप्रवाह उत्पन्न किया। सभी प्रतिभाग विद्यालयों को ‟विकसित भारत नवाचार मिशन” से जोड़ने हेतु निर्देश प्रदान किए गए। एस आर जी रचना सिंह और मुसर्रत फातिमा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा, ‟बच्चे जब स्थानीय सोच को वैज्ञानिक दृष्टि से जोड़ते हैं, तभी भारत आत्मनिर्भर और विकसित बनता है।” यह आयोजन विद्यार्थियों के मन में नवाचार, स्वदेशी भावना और जिम्मेदारी की चेतना स्थापित करने में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों प्रदीप वर्मा, क्षितिज श्रीवास्तव, सुशील, रविकांत, विक्रम आदि ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# परिषदीय विद्यालयों में शीघ्र पूर्ण कराये जायें अधूरे कार्यः डीएम



फतेहपुर। जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प व अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं कहा कि परिषदीय विद्यालयों में जिन पैरामीटरों का कार्य शेष है, को जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए सभी पैरामीटरों में संतृप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि जो परिषदीय विद्यालय जर्जर घोषित हो गए को नियमानुसारकार्यवाही पूरी करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यो पूरी कराए। द्वितीय चरण में चिह्नित पीएम स्कूल में द्वितीय तल के निर्माण में गुणवत्ता के साथ सुरक्षा के मानकों को अवश्य ध्यान दिया जाय। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कर आख्या बनाए। निपुण भारत मिशन के तहत कक्षा‟1 से 3 तक के बच्चों को निपुण बनाए, के लिए प्रतीक माह सभी बच्चों का निपुण असेसमेंट अवश्य करे, जो बच्चे कमजोर है के लिए रमेडियल क्लासेस व स्मार्ट क्लास के मध्यम से बच्चो को निपुण बनाए जाय। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने का प्रयास किया जाय, के लिए विद्यालयवार संवेदनशीलता के साथ कॉलिंग रजिस्टर बनाया जाए। नियमित विद्यालय न आने वाले बच्चों के अभिभावकों से बात कर व शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर छात्र संख्या बढ़ाई जाय। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने स्तर से निमार्णाधीन विद्यालयों का खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधानाध्यापक से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करे इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अधिशाषी अभियंता विद्युत जिला समाज कल्याणअधिकारी, जिला पूर्तिअधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता में नवाबगंज जोन के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन



नवाबगंज, उन्नाव। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता डॉ अनूप सिंह प्रधानाचार्य श्याम लाल इंटर कॉलेज नवाबगंज के संयोजकत्व में राजकीय इंटर कॉलेज उन्नाव के क्रीड़ा मैदान में मुख्य अतिथि विधायक पंकज गुप्ता व विशिष्ट अतिथि अनुराग अवस्थी जिलाध्यक्ष भाजपा, विशिष्ट अतिथि दिलीप लश्करी अध्यक्ष नगर पंचायत नवाबगंज, विशिष्ट अतिथि सुनील दत्त जिला विद्यालय निरीक्षक की उपस्थिति में शुरू हुयी। तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 200 मीटर बालक वर्ग में मिथुन उन्नाव, अंडर 19 के 200 मीटर दौड़ में सौरभ सिंह नवाबगंज प्रथम 19 मे विनर रहे। ट्रॉफी निष्ठा त्रिपाठी को मिली, अंडर 17 में विनर बनी। समापन समारोह में जिला खेल सचिव नवीन सिन्हा, संयोजक अनूप सिंह प्रधानाचार्य नवाबगंज उन्नाव, क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज परमात्मा शरण प्रधानाचार्य अटल बिहारी इंटर कॉलेज अजब सिंह यादव, अब्दुल सत्तार, वीरेंद्र सिंह, कुलदीप कुमार, सुधाकर सैनी संदीप बघेल, हरी लाल, हृदय नाथ, एस पी सिंह विवेक सिंह, गौरव पुरुषोत्तम सिंह, निशा सिंह तोमर सुभाष यादव, धीरज सिंह, प्रेम प्रकाश, संदीप मिश्रा संतोष कुमार तिवारी, शमीमुर्रहमान, श्याम नारायण, धीरेंद्र सिंह, हिमांशू सिंह, क्यामुदिन, सतेंद्र पाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन नवाबगंज जोन प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## पोषण माह के तहत स्वास्थ्य शिविर के साथ ग्राम चौपाल का आयोजन

फतेहपुर जनपद। फतेहपुर जनपद एवं स्वावलम्बन पर आधारित विशेष अभियान एवं पोषण माह के अन्तर्गत ब्लॉक बहुआ के ग्राम पंचायत खतौली में ग्राम प्रधान दयावती की उपस्थिति में मिशन शक्ति के एवं पोषण माह के तहत स्वास्थ्य शिविर के साथ ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल सेवा योजना एवं अन्य महिलापरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार एवं बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण टोल फ्री नम्बर 112, 181, 1098, 1090 आदि प्रमुख नम्बरों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए टोल फ्री नम्बरों के उपयोग के सम्बन्ध में व्यापक रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। ग्राम चौपाल में कुल 115 ओपीडी जांचें, 80 उच्च रक्तचाप और मधुमेह जांचें, 20 किशोरियों की रक्त जांचें, 7 एएनसी जांचें और 2 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई।

## पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने उर्मिला टीवीएस शोरूम का किया उद्घाटन

सीतापुर। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व सुनील वर्मा निवर्तमान विधायक लहरपुर के कर कमलों द्वारा उर्मिला टीवीएस शोरूम का उद्घाटन किया गया। उर्मिला टीवीएस शोरूम उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, सुनील वर्मा निवर्तमान विधायक लहरपुर व अनूप सिंह प्रधान परसेंडी की गौरवमई उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न। कार्यक्रम में राजेंद्र राजवंशी ब्लॉक प्रमुख परसेंडी, संजय वर्मा प्रमुख प्रतिनिधि परसेंडी, सुरेश गुप्ता जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ, अमित त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष भाजपा परसेंडी, मनोज कुमार त्रिवेदी जिला सह संयोजक मीडिया बीजेपी, अनूप श्रीवास्तव जिला प्रतिनिधि भाजपा, मनजीत सिंह प्रधान, ओमप्रकाश शुक्ल प्रधान, मुन्ना पाल प्रधान, राजकिशोर सिंह पूर्व प्रधान, मुन्ना पाल प्रधान, इंद्रपाल चैधरी सदस्य जिला पंचायत, फारूक अंसारी प्रधान, आबिद अली अंसारी प्रधान, राहुल सिंह मदनापुर, राममिलन प्रधान, अरविंद कुमार भार्गव प्रधान, छोटेलाल भार्गव सेक्रेटरी, चेतराम प्रधान, अननू कोटेदार, दीपक कुमार अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी, गोविंद, गोपाल सिंह, आनंद तिवारी, राजेश गिरि सहित क्षेत्र के सम्मानित जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




## कार से 80 हजार रुपये से भरा बैग चोरी, डेढ़ घंटे बाद खाली बैग मिला

सीतापुर। सिधौली कस्बे के अति व्यस्त तहसील मार्ग पर दिनदहाड़े एक कार से 80 हजार रुपये से भरा बैग चोरी हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। करीब डेढ़ घंटे बाद खाली बैग बिसवां चैराहा स्थित निर्माणाधीन ओवरब्रिज के निकट पड़ा मिला। जिसमें जरूरी कागजात तो मौजूद थे, लेकिन नकदी गायब थी। जानकारी के अनुसार तहसील मार्ग निवासी संदीप कुमार गुप्ता की बेकरी की दुकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार को वह अपनी वैगनआर कार से दुकान पर सामान उतार रहे थे। इस दौरान कार के डैशबोर्ड में रखा बैग किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो कार का डैशबोर्ड खुला मिला और बैग गायब था। संदीप ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसी बीच लगभग डेढ़ घंटे बाद बिसवां चैराहा क्षेत्र से एक व्यक्ति ने फोन कर बताया कि सड़क किनारे एक बैग पड़ा है। मौके पर पहुंचने पर संदीप ने बैग की पहचान की। जिसमें उनके बैंक दस्तावेज, चेकबुक और अन्य कागजात मौजूद थे लेकिन 80 हजार रुपये गायब थे। पीड़ित ने सिधौली कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

महोली/सीतापुर। बीती रात देर रात घर से से निकले युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर से लगभग दो किलोमीटर दूर नहर कोठी के छत पर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस के आला अधिकारी के साथ-साथ फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित करते हुए शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के परिजनों की माने तो उनका कहना है कि हमारी किसी से भी रंजिश नहीं है। हालाकि पुलिस ने घटना की सच्चाई जानने के लिए तहकीकात शुरू कर दी है। जानकारी हो की महोली कोतवाली क्षेत्र के उरदौली निवासी अनुराग वर्मा पुत्र गोविंद प्रसाद वर्मा उम्र लगभग 30 साल कल देर घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नही पहुँचा तब परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। आज सुबह नहर विभाग के चैकीदार ने नहर विभाग के बने आवास की छत पर एक संदिग्ध युवक का शव देखा जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी। घटना की जानकारी पाकर महोली क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे व कोतवाली प्रभारी दिलीप चैबे के साथ फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद साक्ष्य संकलित करते हुए शव का पोस्टमार्टम करने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं परिजनों की माने तो उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी। लेकिन शव का संदिग्ध परिस्थितियों मे बरामद होने से परिजनो मे चिंता जरूर हो गयी। सूचना पाकर एडिशनल एसपी दुर्गेश सिंह मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चैबे ने बताया परिजनों के द्वारा किसी के खिलाफ नाम जद तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद करवाई की जाएगी।

## कांग्रेसियों ने सौंपी बाल्मीकि के परिजनों को सहायता राशि

फतेहपुर। जहां एक ओर पिछले तीन चार दिनों से रायबरेली में मृत हरिओम बाल्मीकि के घर तुराबअली के पुरवा उनके परिजनों को आर्थिक सहायता पहुंचाने हेतु कांग्रेसियों को प्रशासन द्वारा रोका जा रहा था तो वहीं दूसरी ओर मृतक हरिओम बाल्मीकि के परिजन स्वयं कांग्रेस कार्यालय पहुंच कर नेताओं को सूचित किया कि उन्हें यहीं मदद राशि सौंप दी जाए। सूचना प्राप्त होते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा, एवं मलीहा बाद के पूर्व विधायक एवं रायबरेली लोकसभा प्रभारी इंदल कुमार रावत आनन फानन कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज पहुंच कर परिजनों को नगद सहायता राशि प्रदान करते हुए आगे भी समय समय पर मदद करते रहने का भरोसा दिया। उसके पहले परिजनों से मिलने की बराबर कवायत कर रहे कांग्रेसी आज जिलाधिकारी से मुलाकात कर मृतक हरिओम के परिवार को सहायता राशि देने हेतु मिलने की अनुमति मांगी जिसमें जिलाधिकारी द्वारा एक घंटे बाद बताने को कहा गया इसके उपरांत वार्ता में असफल कांग्रेसी हताश होकर बैठ गए तभी मृतक हरिओम की बहन ने फोन द्वारा बताया कि वह स्वयं कार्यालय पहुंच गई है। कार्यालय में एकत्रित पत्रकारों से बात करते हुए जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि यह बात समझ से परे है कि आखिर प्रशासन हमे ही क्यों मृतक के परिजनों से नहीं मिलने दे रहा जब की भाजपा के मंत्री के साथ पूरा अमला मृतक के घर पहुंच गया जब की कांग्रेसी तो केवल दो तीन लोग ही जाना चाहते थे इसका सीधा अर्थ है कि प्रशासन भाजपा के दबाव में कार्य कर रहा है जो लोकतंत्र के लिए हितकर नहीं है वहीं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि किसी पीड़ित की मदद करना कैसे गलत हो सकता है और कांग्रेस ने सदैव सामाजिक दृष्टिकोण अपनाते हुए पीड़ितों की मदद की है इसे कतई अनुचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकरण में भी सर्व प्रथम कांग्रेस ने आगे आकर पीड़ितों की मदद की जिसमे राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रादेशिक नेताओं तक ने आकर आर्थिक मदद करते हुए आगे भी मदद का भरोसा दिया उसी क्रम में आज पुनः पीड़ितों को बसर के लिए एवं जर्जर घर की मरम्मत हेतु नगद सहायता प्रदान की गई। प्रदेश कमेटी की तरफ से आए रायबरेली लोकसभा प्रभारी इन्दल कुमार रावत ने भी प्रशासन की कार्यवाही को आश्चर्य जनक बताते हुए भाजपा के द्वारा डाले जा रहे अनुचित दबाव की घोर निंदा की साथ ही पीड़ितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि कांग्रेस सदैव उनके साथ है एवं हर संभव उनकी मदद की जाएगी जिसके लिए साफ तौर पर राहुल गांधी जी एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी का निर्देश है। इस बीच मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेसियों में शेख एजाज अहमद, कलीम उल्ला सिद्दीकी, माधुरी रावत, आदित्य श्रीवास्तव, राजेंद्र लोधी, आरिफ खान, सुधांशु पांडेय, नफीस खान, मौजूद रहे।

संक्षेप

## बगैर राजनीति के समाज का विकास संभव नहीं: रमाशंकर साहू

रायबरेली। भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा रायबरेली द्वारा स्थानीय गणेश होटल मालिकमऊ रोड रायबरेली में समाज के व्यक्तियों प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वैवाहिक परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य रमाशंकर साहू एवं प्रभात साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, सरला साहू नगर पंचायत अध्यक्ष महराजगंज, मनोज मुसाफिर संपादक नेशनल आवाज द्वारा दीप प्रज्वलन एवं शंखनाद द्वारा प्रारंभ किया गया समाज के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा स्तुति गान एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की तथा राजनीतिक क्षेत्र में आगे आने के लिए समाज का आवाहन किया। श्री साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि बगैर राजनीति के समाज का विकास संभव नहीं है तथा आने वाले पंचायत चुनाव में समाज के लोगों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। प्रख्यात चिकित्सक डा0 एस0के0 साहू लखनऊ ने समाज के व्यक्तियों के लिए निःशुल्क उपचार एवं सहायता की बात कही है तथा प्रदेश के समाज के लोगों को निःशुल्क एंबुलेंस उपलब्ध कराने की बात कही। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष अतुल गुप्ता, जिला महामंत्री हरिशंकर साहू, जिला उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष रमेश साहू, सतीश गुप्ता, बाली कुमार साहू, सुशील साहू, इतरेंद्र साहू, पारस गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, रोहित गुप्ता, बी.डी साहू, दयाशंकर साहू, अंकुर गुप्ता, सत्यवती साहू एवं सैकड़ों की संख्या साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

## प्री-प्राइमरी के बच्चों को बांटी गयीं पुस्तकें

सुलतानपुर (वीओएल)। पुस्तकों में बने कार्टून व रंग बिरंगे चित्रो से बच्चे आकर्षित होते हैं शिक्षकों को सुगम कर्ता के रूप में बच्चों से आत्मीय सम्बन्ध स्थापित करते हुए उन्हें खेल-खेल में पठन-पाठन से अवगत कराया जाए। यह बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी लम्भुआ अजय सिंह ने प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम में बाल वाटिका के 35 बच्चों को एनसीएफ की पुस्तकें वितरित करते हुए उपस्थित अभिभावकों व बच्चों से समक्ष कहीं उन्होंने कहा कि जो पुस्तकें क्रमशः शब्द आनन्द, मोटू-पतलू राइम्स गणित प्री-प्राइमरी इंग्लिश प्राइम आदि वितरित की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक लीला यादव, वागीश त्रिपाठी, राकेश सिंह, नीलम, पुष्पा आदि मौजूद रहे।

## असिस्टेंट प्रोफेसर ने अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किया शोध पत्र

लालगंज रायबरेली। बैसवारा पी.जी. कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ .रमेश चंद्र यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया, शोधपीठ, समाजशास्त्र विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा इंटरसेक्शनैलिटी ऑफ लैंग्वेज, कल्चर एंड रीजन इन साउथ एशिया विषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सिंबल्स इन इंडियन कल्चर ए ग्लोबल पर्सपेक्टिवविषय पर एक गंभीर अध्ययन प्रस्तुत किया। डॉ .यादव ने 11 से 13 अक्टूबर 2025 के मध्य आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने शोध पत्र में बताया कि इंटरसेक्शनैलिटी की शुरूआत की जड़ें महिला आंदोलन में विशेष रूप से किंबरले विलियम क्रेंशा एवं पेट्रिशिया कॉलिंस को जाता है। बहुत से फेमिनिस्ट समाजशास्त्री, वर्ग के साथ जेंडर की आवश्यकता पर बल देते हैं।

# एक दिन की महिला थानाध्यक्ष बनी एंजेल

## मिशन शक्ति जागरूकता अभियान



रायबरेली। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत रायबरेली जिले में एक अनूठी पहल की गई, जिसमें राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की मेधावी छात्रा एंजेल गुप्ता को एक दिन के लिए महिला थाना अध्यक्ष बनाया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और जागरूकता पर केंद्रित था, जो मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।

एंजेल गुप्ता को एक दिन का थाना अध्यक्ष का चार्ज मिलते ही उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निभाया। सबसे पहले उन्होंने थाने का विस्तृत निरीक्षण किया, जिसमें थाने की व्यवस्थाओं, सुरक्षा उपायों और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। निरीक्षण के बाद एंजेल ने फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। विशेष रूप से एक घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने त्वरित हस्तक्षेप करते हुए पक्षकारों के बीच मध्यस्थता की और मामले का सौहार्दपूर्ण निपटारा कराया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए फरियादियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबर्स और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जागरूक किया।

महिला सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए एंजेल गुप्ता ने कहा, ष्महिलाओं को सतर्क रहने और अपनी सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। मिशन शक्ति जैसे अभियानों से हमें न केवल जागरूकता मिलती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इसी क्रम में उन्होंने थाने से प्रस्थान कर पैदल मार्च का आयोजन किया। यह मार्च रायबरेली शहर के प्रमुख डिग्री कॉलेज चैराहे तक पहुंचा, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं, बालिकाओं और नारी शक्ति को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक किया गया। मार्च के दौरान एंजेल ने स्लोगन और नारों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, हिंसा के खिलाफ संघर्ष और स्वावलंबन पर जोर दिया, जिससे क्षेत्र की महिलाओं में उत्साह का संचार हुआ। पूरे कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष किरन भास्कर और महिला थाना प्रभारी की पूरी टीम उनके साथ मौजूद रहीं। टीम ने एंजेल के प्रयासों का भरपूर सहयोग किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चार्ज प्राप्त करने के बाद एंजेल गुप्ता ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा, ष्आज मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मैं एक महिला होने के नाते महिला थाने का चार्ज संभाल रही हूं। इससे मुझे दोगुना गर्व का अनुभव हो रहा है। मेरा एक दिन का पूरा प्रयास यही रहेगा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और वे बिना किसी भय के जी सकें।

# पहला कैडेवरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



रायबरेली। एम्स के न्यूरोसर्जरी और एनाटॉमी विभागों ने संयुक्त रूप से संस्थान में पहला कैडेवरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। एम्स रायबरेली की कार्यकारी निदेशक प्रो. अमिता जैन के दूरदर्शी नेतृत्व में इस शैक्षणिक कार्यक्रम में दिल्ली, उत्तराखंड, चंडीगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु सहित भारत भर के 50 से अधिक न्यूरोसर्जन शामिल हुए। कैडेवरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. अहमद अंसारी (एएमयू, अलीगढ़), डॉ. वामसी कृष्णा (निजाम, हैदराबाद), डॉ. जयेश सरधारा (मुंबई) और डॉ. अनिंद्य (कोलकाता) जैसे प्रख्यात संकाय सदस्यों ने प्रतिभागियों को नवीनतम एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान देश भर की विशेषज्ञ टीमों द्वारा एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी का उपयोग करके नौ रोगियों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। पीठ दर्द, साइटिका और डिस्क की समस्याएँ आजकल आम होती जा रही हैं, और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी के कई महत्वपूर्ण लाभ हैं - जैसे कम से कम निशान, अस्पताल में कम समय तक रुकना, ऊतकों को कम क्षति पहुँचना और कुल मिलाकर इलाज की कम लागत, जिससे परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है। इस कार्यक्रम का संचालन न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा डॉ. सुयश सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिन्होंने उन्नत अल्ट्रा-एमआईएसएस (मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जरी) तकनीकों का भी प्रदर्शन किया। विभाग पीठ और ग्रीवा रीढ़ की हड्डी के विकारों के प्रबंधन में उत्कृष्टता प्राप्त कर रहा है, और अब तक लगभग 500 सर्जरी सफलतापूर्वक कर चुका है। न्यूरोस्पाइन सोसाइटी ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य और यंग न्यूरोसर्जन्स फोरम ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जयेश सरधारा ने दो दिवसीय पाठ्यक्रम के दौरान प्रदान की गई।

## अमेठी में 100 आंगनवाड़ी केंद्रों को विश्वविद्यालय ने दिए किट



अमेठी। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के 30वें दीक्षांत समारोह के अंतर्गत सोमवार को स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल रहीं। समारोह के दौरान जनपद अमेठी के 100 आंगनवाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी किट प्रदान की गई। इनमें से मुसाफिरखाना ब्लॉक की 5 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को राज्यपाल द्वारा मंच पर प्रतीकात्मक रूप से किट दी गई। यह आंगनवाड़ी किट डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सौजन्य से प्रदान की जा रही है, जिसका उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाना तथा बच्चों के समग्र विकास के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, मुख्य सेविकाएं एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बाल विकास, पोषण एवं शिक्षा की दिशा में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सशक्त आंगनवाड़ी नेटवर्क ही स्वस्थ समाज की नींव है।

## जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया हुई शुरू

गौरीगंज, अमेठी। जिला बार एसोसिएशन अमेठी मुख्यालय गौरीगंज की कार्यकारिणी वर्ष 202526 के चुनाव के लिए 13 व 14 अक्टूबर को नामांकन पत्रों का दाखिला होगा। 15 अक्टूबर को नामांकनपत्रों की जांच और नामांकनपत्रों की वापसी 4 बजे तक होगी। 18 अक्टूबर को 10बजे से 4 बजे तक मतदान होगा।मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी और चुनाव परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। अध्यक्ष पद के लिए गिरजा बक्श सिंह व राकेश कुमार शुक्ला व हरि गोविंद शुक्ला और कृपा शंकर त्रिपाठी ने नामांकन पत्र प्राप्त किया और महामंत्री पद के लिए संतोष कुमार शुक्ला व रमाशंकर तिवारी, संयुक्त मंत्री के लिए अभिषेक उपाध्याय ने और कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए अनिल कुमार शुक्ला व संजय कुमार दुबे, श्रीमती नीरज पांडे ने कनिष्ठ सदस्य ,महेंद्र विक्रम शुक्ला ने कोषाध्यक्ष पद तथा सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कनिष्ठ सदस्य पद के लिए नामांकन पत्र क्रय किया। इनमें से सोमवार 4बजे तक जो नामांकन पत्र दाखिल हुए उनमें अध्यक्ष पद के लिए गिरजा बक्श सिंह व हरि गोविंद शुक्ला ने तथा महामंत्री पद के लिए रमाशंकर तिवारी, संयुक्त सचिव अभिषेक उपाध्याय व कनिष्ठ सदस्य श्रीमती नीरज पांडे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र कल भी दाखिल किए जाएंगे।

## सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

तिलोई अमेठी। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर तहसील तिलोई के निवासी पंडित यमुना प्रसाद उर्फ जमुना प्रसाद पाठक के निधन की दुखद सूचना पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सोमवार को उनके पैतृक निवास ग्राम फतेहपुर, थाना इन्हौना, तहसील तिलोई पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। पंडित यमुना प्रसाद पाठक जी अपने क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित शिक्षक, समाजसेवी और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व रहे हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में क्षेत्र के शैक्षिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास में अमूल्य योगदान दिया। शिक्षा के प्रति उनकी गहरी निष्ठा और समर्पण ने अनेक विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा दी। उनकी प्रेरणा से क्षेत्र के अनेक ग्रामों में विद्यालयों की स्थापना हुई तथा ग्राम फतेहपुर में उच्च शिक्षा संस्थान की स्थापना हेतु उनके प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाएगा। वे स्वयं भी ग्राम फतेहपुर, सिंहपुर, फूला उसरहा, मऊ आदि अनेक विद्यालयों में अध्यापन कार्य से जुड़े रहे और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव चिंतित रहते थे। वे अवकाश के दिनों में भी बच्चों को अपने घर बुलाकर निःशुल्क शिक्षा प्रदान करते थे। उनके पढ़ाए हुए अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके छोटे भाई श्री त्रिवेणी प्रसाद पाठक जी ने भी शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान दिया है। अपने पीछे वे अपनी धर्मपत्नी श्रीमती बिंदेश्वरी देवी, तथा पुत्रगण मनीष कुमार पाठक एवं अवनीश कुमार पाठक को छोड़ गए हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने पंडित जी के उज्ज्वल व्यक्तित्व, सामाजिक सेवा और शिक्षण क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनुराग मिश्रा, समाजसेवी आशीष त्रिपाठी, अवधेश त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, मिंटू मिश्रा, आशीष मिश्रा, अगम मिश्रा, प्रदीप पाठक, विनय मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, रानू, आलोक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेल कोच कर्मचारी के अपहरण करने के दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



लालगंज रायबरेली। आधुनिक रेल कोच कारखाने में नौकरी करनेवाले एस एस ई संजय कुमार मीणा ने अपने खुद के अपहरण करने के मसले को लेकर लालगंज कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लालगंज पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए नामजद दोनों आरोपियों को मोबाइल लोकेशन के जरिए पकड़कर जेल भेज दिया है। पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी की सराहना रेल कोच कर्मचारियों में की है। वास्तव में अपहरण के 12 घंटे के अंदर मुलजिमों को पकड़कर पुलिस ने शाबाशी का काम किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रेल कोच कर्मचारी की पत्नी ने रविवार रात 9बजे के करीब अपने पति संजय कुमार मीणा के गायब होने को लेकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज होते ही पुलिस की टीमें रेल कोच कर्मचारी की खोज में लग गई। उन्होंने बताया कि रात में ही रेल कोच कर्मचारी थाना लालगंज पहुंचा और उसने पुलिस को बताया कि सोहवल दीपे मऊ के भूपेंद्र सिंह उर्फ रिशू सिंह पुत्र शिव बहादुर सिंह और ग्राम नरहरिपुर मजरे कल्याणपुर बेती थाना डलमऊ निवासी वैभव सिंह उर्फ अभय सिंह पुत्र सुरेश सिंह ने उसका रेल कोच के सामने से अपहरण कर लिया था और वैगनआर कार में बैठा कर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में भूपेंद्र और वैभव किसी काम से कार से नीचे बाहर निकले तो वह बच बचा कर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रेल कोच कर्मी संजय मीणा ने भूपेंद्र सिंह और वैभव सिंह के ऊपर अपहरण कर दो लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया है।

# किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से सुना जाये : डीएम

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह के साथ जनता की सुविधाओं को सर्वोपरि रखते हुए विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं तत्परता लाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने बैठक में जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों, ओवर बिलिंग की समस्याओं तथा नए विद्युत कनेक्शन आवेदनों पर कार्यवाही की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक बिलिंग की समस्या न हो। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि विद्युत उपकेंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा विद्युत चोरी रोकने के लिए प्रभावी सतर्कता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय



अधिकारियों द्वारा नए विद्युत कनेक्शन के आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बैठक में संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि शिकायतों की अनदेखी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत विभाग की कार्यशैली आमजन के प्रति जवाबदेही पूर्ण होनी चाहिए तथा प्रत्येक उपभोक्ता को सुचारु बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल प्रथम नेकी राम, वितरण मंडल द्वितीय मुकेश कुमार, संदीप श्रीवास्तव, अवर अभियंता प्रवर्तन दल विनय रावत सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# शताब्दी वर्ष पर स्वयं सेवकों का पथ संचलन

## पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का हुआ स्वागत

सुलतानपुर (वीओएल)। दूबेपुर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बंधुआ कला बाबा जी का सगरा में भव्य शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पूजन अनुष्ठान में प्रमुख पदाधिकारियों, स्वयं सेवकों और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।





यह आयोजन संगठन की अनुशासन, राष्ट्रीय भावना और समाज सेवा की प्रतिबद्धता को उजागर करने के लिए किया गया। शस्त्र पूजन के बाद स्वयं सेवकों ने पूर्ण गणवेश में कस्बे के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकाला। लोगों ने पुष्प वर्षा कर और शंखनाद के साथ स्वयं सेवकों का स्वागत किया। नारों और भारत माता की जय आदि उद्घोष से कस्बा गूंज उठा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय बौद्धिक प्रमुख मिथिलेश नारायण ने कहा कि संघ की स्थापना का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, सेवा भाव और राष्ट्र चेतना को बढ़ावा देना था। आज शताब्दी वर्ष में प्रवेश करते हुए हम इन मूल्यों को और प्रगाढ़ करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संघ विभिन्न समाज कल्याण कार्यक्रमों, जन संपर्क अभियानों, युवा सशक्तिकरण कार्यक्रमों को और व्यापक रूप से लाएगा। उन्होंने कहा कि संघ सौ साल से व्यक्ति निर्माण की सतत प्रक्रिया चला रहा है और देश हित ही इसका मूल उद्देश्य रहा है। इसी लक्ष्य को साकार करने के लिए संघ ने पंचतंत्र सूत्र परिवार संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्य पर आधारित जागृति अभियान पूरे देश में प्रारंभ किया है। उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए प्लास्टिक के ना प्रयोग करने व जल दोहन रोकने के लिए स्वयं सेवकों को शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य रूप से स्वयं सेवक जितेन्द्र कसेरा, ओम प्रकाश मिश्रा नीलमणि मिश्रा चंदन, महेंद्र गुप्ता दुर्गेश तिवारी व विनय जायसवाल मौजूद रहे।

# शिवम को राज्यपाल ने गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। क्षेत्र के खरगूपुर गांव निवासी शिवम कुमार पुत्र मंसूराम ने मेहनत और लगन का उदाहरण पेश करते हुए डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में राजनीति शास्त्र विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने पर राज्यपाल द्वारा शिवम को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले शिवम ने कादीपुर स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय से राजनीति शास्त्र विषय में स्नातक की पढ़ाई की। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। शिवम को 1900 पूर्णांक में 1738 अंक प्राप्त हुए। सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह में जब शिवम को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया, तो उन्होंने फोन पर बताया कि यह सम्मान उनके शिक्षकों के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन का परिणाम है। शिवम ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय से लेकर महाविद्यालय तक सभी शिक्षकों ने सदैव प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से अपने शिक्षकों आलोक सिंह, रजनीश मौर्य, राजेश पाठक, डॉ. अनूप गुप्ता और डॉ. कीर्ति कुमार पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया। शिवम ने कहा कि शिक्षक आलोक सिंह ने उन्हें उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाया था और आज भी निरंतर सहयोग प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता का श्रेय मेहनत, लगन और शिक्षकों के आशीर्वाद को जाता है। बताते चलें कि शिवम का परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमजोर है। उनके पिता मंसूराम दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं, जबकि मां गृहणी हैं। शिवम चार बहनों और दो भाइयों में सबसे बड़े हैं।

## हाईकोर्ट की सख्ती के बाद पुलिस में हड़कंप, थानाध्यक्ष सहित 7 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। थाना क्षेत्र बढ़ौनाडीह निवासी श्यामसुंदर अग्रहरि (56 वर्ष) की पुलिस द्वारा कथित गिरफ्तारी व ज्यादती के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के सख्त रुख के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया हैं। कोर्ट की तीखी टिप्पणी के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने रविवार रात मोतिगरपुर थानाध्यक्ष विजय सिंह समेत सात पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही प्रशासनिक फेरबदल करते हुए दो थानों की कमान भी बदल दी हैं। दिव्यांग श्यामसुंदर अग्रहरि ने अधिवक्ता शिवेन्द्र विक्रम सिंह राठौर के माध्यम से दाखिल याचिका में आरोप लगाया था कि 6/7 सितंबर की रात करीब एक बजे पुलिसकर्मियों ने बिना वारंट उनके घर में घुसकर जबरन हिरासत में लेकर मारपीट की। दिव्यांग श्यामसुंदर ने बताया कि उन्हें झूठे मुकदमे में फसाया गया जबकि पूर्व में दर्ज एक मामले में सत्र न्यायालय ने उन्हें स्थायी अग्रिम जमानत दे रखी हैं। न्यायालय के आदेश के बाद एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने रविवार रात सख्त कार्यवाई की। उन्होंने मोतिगरपुर थानाध्यक्ष विजय सिंह को हटाकर चांदा थाना प्रभारी अशोक सिंह को जिम्मेदारी सौंपी हैं। इसके अतिरिक्त उपनिरीक्षक भरत सिंह, उपनिरीक्षक संजय चैबे, आरक्षी आनंद सिंह, श्रीकांत, अजीम और मनीष को भी लाइन हाजिर कर दिया गया।

# अखिलेश प्रताप सिंह ने युवक एवं महिला मंगल दलों को वितरित किया किट



सुलतानपुर (वीओएल)। राज्य सरकार द्वारा युवाओं को खेलों से जोड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे कार्यक्रम के तहत सोमवार को लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर के जुपिटर हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर के युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल किट वितरित किए। इसी क्रम में जनपद सुलतानपुर के विकास भवन प्रेरणा सभागार में भी खेल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में दूबेपुर प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह (डिंपल सिंह) ने जनपद के भदैया, दूबेपुर, लंभुआ, पीपी कमैचा, कादीपुर और करौंदीकला ब्लॉकों के लगभग 40 युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल किट प्रदान की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि खेल युवा शक्ति को दिशा देने का माध्यम है, जो उन्हें अनुशासन, टीम भावना और आत्मनिर्भरता की राह पर ले जाता है। सरकार का यह कदम ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी चांद मोहम्मद, सिंटू सिंह, स्मृति प्रजापति, प्रियंका मौर्य और पूजा यादव उपस्थित रहीं। संचालन पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर.बी. पांडेय ने किया। इस दौरान पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजेश वर्मा, वरिष्ठ सहायक आशुतोष उपाध्याय और जगदीश आदि मौजूद रहे।

# छुट्टा मवेशियों के आतंक पर किसानों का फूटा गुस्सा

## इछुरी सागर में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत



कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। छुट्टा मवेशियों के आतंक और फसलों की बबार्दी को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की ओर से कूरेभार ब्लॉक क्षेत्र के इछुरी सागर गांव में महापंचायत का आयोजन किया गया। तीन घंटे चली इस मैराथन पंचायत में सैकड़ों किसान शामिल हुए। पंचायत में ब्लॉक अधिकारी प्रतिनिधि, एडीओ पंचायत, नहर विभाग के एसडीओ, वन विभाग के कर्मचारी तथा कूरेभार पुलिस टीम मौजूद रही। पंचायत में किसानों ने आरोप लगाया कि छुट्टा मवेशी लगातार धान की फसलों को नष्ट कर रहे हैं। मामला तब शांत हुआ जब विकास कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आवारा पशुओं को नजदीकी गोशाला भेजवाने की कार्यवाही शुरू की। किसानों ने प्रशासन को दो ज्ञापन सौंपे। पहला ज्ञापन बीडीओ कूरेभार व उपजिलाधिकारी बीकापुर (अयोध्या) के नाम दिया गया, जिसमें कहा गया कि पड़ोसी जनपद के चैरे चंदौली स्थित गोशाला से कर्मचारी रात में मवेशियों को छोड़ देते हैं, जिससे कूरेभार क्षेत्र के दखिनवारा, पुरखीपुर और इस्माइलपुर गांवों में फसलें बर्बाद हो रही हैं। दूसरा ज्ञापन उपजिलाधिकारी सुलतानपुर को दिया गया, जिसमें नहरों की साफ-सफाई और उनमें पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। अधिकारियों ने मौके पर समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर यूनियन के जिलाध्यक्ष राम बिशाल मौर्य, अमरजीत, देवशरण वर्मा, राम जनम यादव, श्रीराम वर्मा, श्रवण सैनी समेत दर्जनों पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

## विभागीय मिलीभगत से हो रहा हरियाली का सत्यानाश



जगदीशपुर अमेठी एक तरफ प्रदेश सरकार हरित क्रांति लाने के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चला रही है। तो वहीं दूसरी तरफ वन माफिया जिम्मेदारों से साठगांठ कर हरे भरे वृक्षों का सफाया करने में जुट गए हैं। उच्च अधिकारी गण बेखबर है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रन्कापुर बजाज एजेंसी के बगल स्थित जामुन, नीम, गूलर, पीपल, हरे भरे वृक्षों को वन माफियो ने काट कर लकड़ी को ठिकाने लगा दिया ग्रामीणों की शिकायत पर जिम्मेदारो ने संज्ञान तब लिया जब उच्च अधिकारियो की फटकार पड़ी फिलहाल यह कोई नया मामला नहीं है वहीं क्षेत्र में कहीं न कहीं पेड़ों की कटान प्रतिदिन जारी है। मामला जब उच्च अधिकारियो तक जाता है तब जुमार्ने की बात कहकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। गौरतलब हो कि यदि इसी तरह हरे भरे वृक्षों पर आरे चलते रहे और उच्च अधिकारियों ने ध्यान ना दिया तो वह दिन दूर नहीं है जब क्षेत्र रेगिस्तान में तब्दील होकर पर्यावरण संतुलन बिगड़ सकता है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिमयी शुक्ला ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच के आदेश दिए गए हैं ।

# भारत-ब्रिटेन संबंध

यह समय भारत और ब्रिटेन दोनों के लिए नये रास्ते तलाशने और आगे बढ़ने का है। भारत अपनी आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। अमरीकी टैरिफ ने इसे और जटिल बना दिया है। दूसरी तरफ ब्रेजिक्ट के बाद ब्रिटेन के सामने भी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच अपना कारोबारी विस्तार करना जरूरी है। ऐसे में अगर ब्रिटेन और भारत के बीच 'मुक्त व्यापार समझौता' लागू होता है, तो दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को व्यापक लाभ होगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कियर स्टार्मर की हालिया भारत यात्रा का उद्देश्य भी दोनों देशों के बीच आपसी रिश्तों में आई गर्मजोशी को आगे बढ़ाना था। इससे पहले गत जुलाई में दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) पर हस्ताक्षर हुए थे। स्टार्मर के साथ यूके के कारोबारियों का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। ब्रिटिश सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि इस यात्रा के दौरान भारतीय कंपनियों द्वारा ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में करीब 1.3 अरब पाउंड के निवेश का वादा किया गया है। इसमें टीवीएस मोटर्स द्वारा इंगलैंड के उत्तरी हिस्से में विनिर्माण सुविधाओं के विस्तार की योजना भी शामिल है। टीवीएस मोटर ने 2020 में ब्रिटिश कंपनी नॉर्टन मोटरसाइकल का अधिग्रहण किया था। इस बीच भारत को उम्मीद है कि नई संयुक्त परियोजनाओं की बदौलत उसे उन्नत नवाचार तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। व्यापार सौदा भी भारतीय कंपनियों के लिए नए बाजार खोल सकता है। इसमें छोटे बाजार भी शामिल हैं।



**ब्रिटिश प्रधानमंत्री स्टार्मर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच निवेश और व्यापार में सहयोग के नये रास्ते बनेंगे।**

उदाहरण के लिए रत्न एवं आभूषण क्षेत्र जिसके अमेरिकी टैरिफ नीतियों से सबसे अधिक प्रभावित होने की आशंका है, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वह यूके को अपना निर्यात दोगुना कर सकता है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने मुंबई में एक फिनटेक सम्मेलन को संबोधित किया। यह इस बात का संकेत है कि दोनों देशों के वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के बीच करीबी रिश्ते देखने को मिल सकते हैं। ब्रिटेन राजकोषीय मोर्चे पर दिक्कतों से जूझ रहा है और उसकी घरेलू अर्थव्यवस्था की लागत भी अधिक है। कुछ ऐसी बातें जो अतीत में भारत की प्राथमिकता रही है अब उन पर जोर नहीं दिया जा रहा है। उदाहरण के लिए लगता नहीं है कि भारतीयों को वर्क वीजा का मुद्दा बातचीत में दोबारा उभरेगा। इसके पीछे घरेलू राजनीतिक हालात को जिम्मेदार माना जा सकता है। ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या पहले ही लगातार बढ़ रही है। 2021 से 2024 के बीच 8.50 लाख प्रवासी भारतीय वहां पहुंचे। इसके बजाय भारतीय और ब्रिटिश सरकारों ने अवैध प्रवासियों की वापसी को लेकर करीबी सहयोग पर सहमति जताई है। हालांकि सीईटीए के उचित क्रियान्वयन को अंजाम देने के लिए अभी भी काफी कुछ करना बाकी है ताकि भारत की सूक्ष्म, लघु और मझोली कंपनियों सहित सभी कंपनियां इससे लाभान्वित हो सकें। पेशेवरों के लिए परस्पर मान्यता वाले समझौतों को अंतिम रूप देना जरूरी है। यह आसान नहीं होगा क्योंकि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं सेवा आधारित हैं। व्यापार में ई-गवर्नेंस और नियामक सहयोग पर किए गए वादों को पूरा करना भी आवश्यक होगा। ऐसा करके व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाया जा सकता है। सुरक्षा के क्षेत्र में भी आगे काम करने की जरूरत है। भारतीय नौसेना और रॉयल नेवी पहले भी संयुक्त अभ्यास कर चुके हैं। परंतु हिंद महासागर के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। खासतौर पर फ्रांस के साथ त्रिपक्षीय प्रारूप में ऐसा किया जा सकता है। ब्रिटेन ने बहरीन में अपने नौ सैनिक अड्डे में निवेश बढ़ाया है तथा उम्मीद की जा रही है कि वे भारतीय नौसेना के सहयोग और समर्थन में समुद्री डकैती रोकने संबंधी निगरानी और अभियानों को और अधिक प्रभावी रूप से अंजाम दे सकेंगे। भारत-यूके साझेदारी भारत के नजरिये से सबसे कम तनावपूर्ण और सबसे अधिक पारदर्शी साझेदारियों में से एक बनी हुई है और इसके आर्थिक और सुरक्षा क्षेत्रों में और अधिक विस्तार की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं।

## विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

–स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

–कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

–कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

–शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

# पुरस्कार की निष्पक्षता पर क्यों उठे सवाल



लोकमित्र

**इस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा से पहले ही ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म पर मचादो की अचानक दावेदारी पर बहुत जोर दिया गया था। यही कारण है कि लोगों ने उन पर भारी भरकम दांव लगा रखे थे। अंत में जिस तरह से मचादो को पुरस्कार मिलने की तथाकथित अफवाह सच्चाई में बदल गई, तो लोगों का गुस्सा फट पड़ा।**

दस अक्टूबर 2025 को जैसे ही नार्वेजियन नोबेल समिति द्वारा इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार दिये जाने की घोषणा वैनेजुएला की प्रमुख विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचादो को हुई, वैसे ही सोशल मीडिया में विरोध का तूफान उठ खड़ा हुआ। नोबेल समिति ने मचादो को यह पुरस्कार देने की वजह यह बतायी थी कि मचादो वैनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने, तानाशाही के शासन से शांतिपूर्ण ढंग से निपटने और संक्रमण के संघर्ष को आगे बढ़ाने में जुटी हुई है। बावजूद इसके जिस तरह उन्हें 2024 में वैनेजुएला के उच्चतम न्यायालय द्वारा 15 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया, वह उनके साथ हुई राजनीतिक ज्यादती थी। फिर भी मचादो ने जिस तरह देश के भीतर रहकर संघर्ष किया, वह उन्हें पुरस्कार देने के सर्वथा योग्य बनाता है। लेकिन इस पुरस्कार की घोषणा के तुरंत बाद अगर कुछ लोगों ने इस निर्णय पर सवाल उठाया, तो उनका तर्क यह था कि वास्तव में नोबेल पुरस्कार समिति द्वारा मचादो को दिया गया शांति पुरस्कार, शांति के उद्देश्यों से मेल नहीं खाता बल्कि यह एक दक्षिणपंथी शख्सियत को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दिया गया पुरस्कार है और इसके पीछे एक खास तरह की राजनीति शामिल है।

दरअसल मचादो इसलिए भी घोषणा के साथ ही विवाद का विषय बन गईं, क्योंकि उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा करते हुए न केवल उन्हें एक विजनरी विश्व नेता बताया था बल्कि उन्हें अपने आंदोलन का सहयोगी भी करार दिया था। इसके अलावा नोबेल समिति के इस निर्णय पर इसलिए भी आलोचनाओं की बाढ़ आ गई, क्योंकि मचादो को पुरस्कार दिया जाना, एक शर्तिया लीकेज की बात थी। दरअसल कई मंचों पर पुरस्कार की घोषणा के पहले ही दावा किया जा रहा था कि मारिया कोरिना मचादो इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार पाने जा रही हैं और यह भी चर्चा है कि इस दावे पर बहुत बड़े बड़े ऑनलाइन दांव भी लगे थे। लब्बोलुआब यह कि समूची चयन प्रक्रिया की गोपनीयता पर जबर्दस्त सवाल उठाये गये। विरोध की इस पृष्ठभूमि में हमें यह भी देखना होगा कि महज ये कुछ बातें ही इस त्वरित विरोध का कारण नहीं थीं बल्कि मचादो की



दक्षिणपंथी राजनीतिक वैचारिकता भी इसका बहुत बड़ा कारण थी, जिसके तहत उन्होंने अपने किसी वक्तव्य में अर्जेंटीना को अपने देश वैनेजुएला पर हमला तक करने के लिए आह्वान किया था। ऐसे दावे सोशल मीडिया में खूब किये जा रहे हैं और यह बात तो तय ही है कि मचादो न केवल इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की समर्थक हैं बल्कि वह इजराल की लिक्विड पार्टी की भी घोर समर्थक हैं। माना जाता है कि नोबेल शांति पुरस्कार मूलरूप से उन प्रयासों को पुरस्कृत करने की कोशिश होती है, जो हिंसा को कम करे और संघर्षों के शांतिपूर्ण निपटारे का माहौल बनाएं। साथ ही इस सबके बीच हर तरह के युद्ध के माहौल को रोकें। लेकिन मचादो का संघर्ष मूलतः राजनीतिक और लोकतांत्रिक संघर्ष के साथ साथ यह एक खास विचारधारा के लिए आह्वान किया जाने वाला संघर्ष है।

**नोबेल शांति पुरस्कार**

मचादो के नागरिक अधिकार एक खास तरह की विचारधारा से प्रेरित नागरिक अधिकार हैं, जो दुनिया के लिए निष्पक्ष रूप से शांति की कामना नहीं करते। मतलब यह कि मचादो शांति के संघर्ष में नहीं बल्कि शक्ति संघर्ष की राजनीतिक लड़ाई का हिस्सा हैं। वह केवल शांति मध्यस्थता या संघर्ष मुक्ति की भूमिका में खरी नहीं उतरतीं बल्कि अपने विरोधियों को वह कड़ाई से निपटाने की मंशा भी रखती हैं। कुल मिलाकर मचादो को शांति के नाम पर दिया जा रहा यह पुरस्कार एक खास किस्म की राजनीति को बढ़ावा देने का काम करता है। विशेष रूप से मचादो को दिया गया नोबेल शांति पुरस्कार उन लोगों को खटकता है, जो दुनिया में नोबेल शांति पुरस्कार ऐसे लोगों को देते देखना चाहते हैं, जो दुनियाभर में राजनीतिक संघर्षों को खत्म करने, परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रयासों को जोर देने आदि के लिए जाने जाते हैं। जबकि मारिया कोरिना मचादो इस सबसे अलग एक स्पष्ट राजनीतिक विचारधारा की वकालत करने वाली और अपनी शर्तों के शांति संघर्ष को ही मान्यता देती हैं।

इसलिए दुनिया में बहुत बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को मचादो को दिया गया पुरस्कार दक्षिणपंथी राजनीति को बढ़ावा देने की कोशिश लगता है, जो विशेष रूप से एकतरफा विचार वाली राजनीति या संघर्ष को मान्यता नहीं देते। सबसे बड़ी बात यह है कि मचादो जिस तरह से अपने खुद के देश पर विदेशी हस्तेक्षप की वकालत की है या कठोर आर्थिक प्रतिबंधों की मांग की है, वह भी उनके विरोध का एक बड़ा कारण है। माना जा रहा है कि मचादो एक खास विचारधारा से प्रेरित होकर अपने ही देशवासियों के लिए सामाजिक व आर्थिक दबाव की स्थितियां पैदा कर रही हैं, जो अपने आपमें एक खास तरह की हिंसा ही है। इसलिए बड़े पैमाने पर लोग मचादो को नोबेल शांति पुरस्कार दिये जाने का विरोध कर रहे हैं। वास्तव में मारिया कोरिना मचादो ने सार्वजनिक रूप से डोनाल्ड ट्रंप की प्रशंसा की है और उन्हें दुनिया का विजनरी नेता कहा है। जबकि डोनाल्ड ट्रंप पर दुनिया के कई देशों और राजनेताओं को धमकी देने का आरोप लगता है। यही नहीं मचादो ने अपने संघर्ष के लिए जिस तरह से ट्रंप के समर्थन की निर्णायक मांग की है, उससे खुद उनके देश के लोग उनका विरोध कर रहे हैं। लोगों को लगता है ट्रंप जो कि खुद अनेक विवादास्पद नीतियों और घटनाओं में संलिप्त हैं, उनकी कोई अंधभक्त कैसे निर्विवाद हो सकती है? लोगों को लगता है जो शख्स दुनिया के सबसे विवादास्पद राजनेताओं में से एक डोनाल्ट ट्रंप को शांति का दूत करार देता हो, वह राजनीतिक रूप से निष्पक्ष कैसे हो सकता है? यही वजह है कि जैसे ही नोबेल समिति ने मचादो को इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की कि लोग उनका विरोध करने लगे। मचादो को पुरस्कार देने के कारण नार्वेजियन नोबेल समिति की गोपनीयता भी दांव पर लग चुकी है। जैसा कि हम सब जानते हैं नोबेल चयन प्रक्रिया बेहद गोपनीय होती है। इस संबंध में घोषणा किये जाने के पहले नामंकन, चर्चा, मत विभाजन आदि अंदरूनी गतिविधियों पर सार्वजनिक चचाएं नहीं होतीं। लेकिन इस वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा से पहले ही ऑनलाइन बेटिंग प्लेटफॉर्म पर मचादो की अचानक दावेदारी पर बहुत जोर दिया गया था। यही कारण है कि लोगों ने उन पर भारी भरकम दांव लगा रखे थे। अंत में जिस तरह से मचादो को पुरस्कार मिलने की तथाकथित अफवाह सच्चाई में बदल गई, तो लोगों का गुस्सा फट पड़ा।

यूरोपीय मीडिया जैसे द गार्जियन और राइट्र्स में जिस तरह से पुरस्कार की घोषणा के पहले ही मचादो को पुरस्कार मिलने की इनसाइट जानकारियां लीक हुईं थीं, उसके बाद से लगने लगा है कि यह एक बहुत बड़ा ऑनलाइन जुआ साबित हुआ है। जिस तरह से अंतिम घड़ियों पर मचादो के नाम पर भारी भारी दांव लगे थे, वह एक तरह के अपराध की आशंका जताता है। कुल मिलाकर मारिया कोरिना मचादो को मिला इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार एक व्यक्ति से कहीं ज्यादा एक संस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिया है। चूंकि मचादो को मिला पुरस्कार शांति की जगह राजनीतिक संघर्ष को दिया गया पुरस्कार लगता है, इसलिए भी इसकी तीखी आलोचना हो रही है। इस तरह देखा जाए तो यह पहला ऐसा मौका है, जब खुलकर नोबेल समिति की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सोशल मीडिया

प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के लिए न्याय एवं वकालत करने वाले प्रख्यात विधिवेत्ता भूलाभाई देसाई जी की जयंती पर शत्-शत् नमन। केशव प्रसाद मौर्य.



डा. राम मनोहर लोहिया जी की पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। राजनीति को आपने जनसेवा का माध्यम बनाकर देश में सामाजिक न्याय की क्रांति की। ओपी राजभर.



आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एडीए की सरकार ने विकास, सुशासन और समृद्धि की ओर बढ़ते हुए बिहार को एक नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। शिवराज सिंह चौहान.



# जीवन से प्रेम करो

अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**- वीओएल.**

# कवि को सजग रहना चाहिए

व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# दिवाली पर देखें महाराष्ट्र की यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज



पर्यटन

इस दिवाली पर लगभग एक सप्ताह की दफ्तर से छुट्टी मिल रही है, सोच रहा हूं परिवार को कहीं घुमाने ले जाऊं। कहां जाऊं? कुछ बता, तू तो हमेशा घूमता ही रहता है। व्हाट्सएप्प पर यह मेरे एक करीबी दोस्त का मैसेज था। चूंकि वह अपने स्कूल जाते बच्चों को भी साथ ले जाना चाहता था, इसलिए मैंने उसे महाराष्ट्र की यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स घूमने का सुझाव दिया ताकि उसके बच्चों का मनोरंजन के साथ ज्ञानवर्धन भी हो और अक्टूबर में इस राज्य का मौसम भी सुहावना होता है।

भारत में कुल 44 यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स हैं, जिनमें से सबसे अधिक महाराष्ट्र में हैं, जिन्हें देखते हुए महसूस होता है कि विरासत सिर्फ इतिहास नहीं है बल्कि अनुभव है जिसे जिया, संजोया और साझा किया जाता है। मसलन, ईसा से दो शताब्दी पूर्व की अजंता गुफाएं वास्तव में 30 रॉक-कट बौद्ध गुफा स्मारक हैं, जिनमें प्रवेश करते ही ऐसा लगता है, जैसे- आप प्राकृतिक लैंडस्केप में पेंट की गई टाइम मशीन में चले गये हैं। अजंता के भित्तिचित्र और नक्काशी बौद्ध कला के शाहकार हैं और कला परम्परा पर उन्होंने अपने स्थायी नक्श छोड़े हैं। औरंगाबाद में एलोरा गुफाएं भारतीय रॉक-कट कला का विशाल मंच हैं, गुफा कम हैं। इनको 600-1000 ईसा पूर्व के बीच में तराशा गया था और यह हिन्दू, बौद्ध व जैन परम्पराओं की विस्तृत व्याख्या करती हैं। इनका ताज है कैलाश मंदिर जोकि गुफा नंबर 16 है। यह विश्व का ऐसा सबसे बड़ा मंदिर है, जिसे एक ही रॉक से तराशा गया है, और वह भी भगवान शिव के रथ के आकार में। इसके पत्थरों पर पौराणिक कथाएं जीवित हैं। पर्यटकों के बीच मशहूर कैलाश मंदिर की खासियत यह है कि इसे एक ही चट्टान को तराशकर बनाया गया है। यह कारीगरी का आश्चर्यजनक नमूना है कि 200,000 टन की चट्टान को तराशकर इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण किया गया है, जोकि भारत की सबसे बड़ी वास्तुकला उपलब्धियों में से एक है। एनशिंट एलियंस धारावाहिक में तो यह दावा किया गया है कि इसका निर्माण एलियंस के हाथों से हुआ है। यह दावा सच है या झूठ, कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन सदियों पहले 200,000 टन चट्टान का खनन केवल हाथ के औजारों से करके मंदिर का निर्माण करना अचंभित अवश्य करता है। मेरा मानना है कि यह काम बिना श्रद्धा, भक्ति व दैविक मदद के मुमकिन न था। हैरत इस बात की भी है कि इस मंदिर का निर्माण ऊपर से नीचे की ओर किया गया है, जबकि हम जब भी किसी इमारत का निर्माण करते हैं तो नीचे से ऊपर की ओर करते हैं। मुंबई से नाव में थोड़ी दूर का सफर करने पर एलीफैंटा द्वीप आ जाता है, जिसे घरापुरी यानी गुफाओं का शहर भी कहते हैं। यह द्वीप रॉक-कट मंदिरों का खजाना है। इनमें से अधिकतर भगवान शिव को समर्पित हैं। इस साईट पर पांच हिन्दू गुफाएं हैं, प्राचीन हिन्दू स्तूप हैं और गुफाएं हैं जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से संबंधित हैं। मुख्य आकर्षण विशाल त्रिमूर्ति है, और इस एक मंत्रमुग्ध करने वाले मास्टरपीस में भगवान शिव के तीनों रूप- निर्माता, विध्वंसक व रक्षक मौजूद हैं।

विक्टोरिया टर्मिनस के निर्माण में 10 वर्ष से भी अधिक का समय लगा था। यह यूनेस्को साइट केवल एक रेलवे स्टेशन नहीं है बल्कि भारतीय प्रभाव के साथ विक्टोरियन गोथिक आर्किटेक्चर का जीता जागता शानदार नमूना है। यह टर्मिनस आज भी एक स्टेशन है, जहां यात्री महराबों, स्टेंड ग्लासों व नक्काशियों के साये में चलते हैं। मुंबई केवल एक आर्किटेक्चरल शाहकार तक सीमित नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट व मुंबई विश्वविद्यालय भी यूनेस्को साइट हैं। यह दोनों ओवल मैदान के आसपास हैं, जो कभी एस्प्लेनैड कहलाता था। इसके पूर्वी तरफ खड़ी हैं विशाल विक्टोरियन गोथिक पब्लिक बिल्डिंग्स और पश्चिमी किनारे पर हैं आर्ट डेको स्ट्रक्चर्स बैक बे रिक्लेमेशन और मरीन ड्राइव। यूनेस्को की लिस्टिंग 94 ऐतिहासिक इमारतों को सुरक्षित रखे हुए है। हालांकि पश्चिमी घाट अनेक राज्यों में फैली हुई हैं, लेकिन बड़ा हिस्सा महाराष्ट्र में है, जिसे प्यार से सह्याद्री कहते हैं, जोकि धुंध भरी पहाड़ियों, छुपे झरनों और जैव विविधता का संसार है। अपने इकोलॉजिकल महत्व के कारण इसे यूनेस्को साइट घोषित किया गया है। यह क्षेत्र ट्रेकर्स, मानसून के दीवानों और हर उस शख्स के लिए जन्नत है जो ट्रैफिक हॉर्न की बजाय पक्षियों के गीत सुनकर जागना पसंद करता है। मराठा सैन्य लैंड स्केप साइट में 12 प्रमुख किले हैं, जिनमें से अधिकतर महाराष्ट्र में हैं।

**समीर चौधरी.**

## आप की बात

### शिक्षा और सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। जैसी शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये। एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण का वाहक बन सकता है। अशिक्षा व्यक्ति को अंधकार में रखती है और इसी कारण समाज में तमाम तरह की बुराई भी पनपती हैं। इसलिए शिक्षा पर सरकार फोकस बढ़ाये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### उद्यमियों की करें मदद

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टाटॅअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, बिलियन डॉलर जितनी बड़ी कंपनी बन जाते हैं तब भी अगर वे नियमों-कानूनों को मानने में कोताही करते हैं, तो यह ठीक नहीं है। इसलिए यह समय की जरूरत है कि सरकार भी स्टॉर्टअप फ्रेंडली नीति बनाये और उनको सहयोग करे ताकि वे नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी गाइडलाइन का न्यूनतम पालन सुनिश्चित करें।

**धीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

### कल आयोजित होगा जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर जिला स्तरीय शिविर

**मथुरा।** एल0डी0एम0 मथुरा ने अवगत कराया है कि 15 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज के ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला में वित्त मंत्रालय द्वारा प्रारंभ ह्लआपकी पूंजी, आपका अधिकारह्ल जन-जागरण अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष विषय पर एक जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें, नागरिकों को अनक्लेम्ड बैंक जमा, बीमा दावे, डिविडेंड, पेंशन एवं म्यूचुअल फंड से संबंधित राशि प्राप्त करने हेतु डिजिटल हेल्पडेस्क एवं सहायता काउंटर उपलब्ध कराए जाएंगे।

आवश्यकतानुसार के0वाई0सी0 अपडेट, दावा प्रपत्र भरने एवं दस्तावेज सत्यापन में भी सहयोग प्रदान किया जाएगा। मथुरा जनपद के सभी नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर इस जनकल्याणकारी पहल का लाभ उठाएँ।

यह शिविर राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार जिलाधिकारी मथुरा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में अग्रणी जिला कार्यालय मथुरा द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

# दस मंगल दल के युवा-युवतियों को विधायक ने वितरित की सामग्री किट



जिला संवाददाता

**मथुरा।** युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 13 अक्टूबर सोमवार जुपिटर हॉल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। राष्ट्रीय युवा उत्सव-2025, यूथ पार्लियामेंट-2025 के विजेता प्रतिभागियों का सम्मान, सांसद-विधायक खेल स्पर्धा का शुभारंभ, विकासखंड स्तर पर संचालित युवा संवर्धन केंद्रों का शुभारंभ, सर्वोत्कृष्ट क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरण आदि किया गया।उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट मथुरा स्थित एनआईसी में किया गया,

**● युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन खेल सामग्री वितरण समारोह का हुआ सजीव प्रसारण**

जिसको विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्रेम शंकर गौतम, छेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि बाबू शर्मा, नरेंद्र सिंह, स्वाति पाण्डेय, तरुण गौतम, कनिष्ठ सहायक राहुल कुलश्रेष्ठ तथा मंगल दल के प्रतिनिधियों द्वारा देखा गया। जनपद मथुरा में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश ने 10 मंगल दल के युवाओं एवं युवतियों को प्रोत्साहन सामग्री किट का वितरण किया गया। प्रोत्साहन सामग्री किट में परुषों को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 1 चेस्ट एक्सपेंडर, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया। प्रोत्साहन सामग्री किट में महिलाओं को 5 फुटबाल, 5 वॉलीबाल, 1 वॉलीबाल नेट, 2 स्किपिंग रोप, 1 एयर पंप आदि का वितरण किया गया।

# श्रीनाथ धाम वृंदावन पहुंचे देसी टार्जन



**मथुरा।** देश विदेश में विख्यात देसी टार्जन के नाम से विख्यात पहलवान संजय सिंह श्रीनाथ वृंदावन धाम पहुंचे उनके पहुंचने पर ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश के संरक्षक डॉक्टर मनोज मोहन शास्त्री के नेतृत्व में जोशीला स्वागत किया गया।

इस अवसर पर प्रेस को संबोधित करते हुए देसी टार्जन संजय सिंह ने कहा आज में एक महिम के अंतर्गत ब्रज में आया हूं इस मुहिम के अंतर्गत पिछले 5 दिनों से सप्टे मारकर पलवल से चलकर वृंदावन पहुंच हूं इस अभियान के अंतर्गत में सनातन धर्म को बढ़ाने के साथ ब्रह्मचारी, जीवन नशा मुक्ति, गौ माता को राष्ट्रीय गौ माता, घोषित करना है इसके लिए मैंने श्री वृंदावन आकर बहुत सारे पूजनीय महाराजाओं से आशीर्वाद लिया है आज उसी के अंतर्गत डॉक्टर मनोज मोहन शास्त्री जी के निवास स्थान श्रीनाथ धाम वृंदावन में पहुंचकर उनसे आशीर्वाद लिया है जिससे आगे चलकर और भी में अधिक परिश्रम और मेहनत कर सकूं और इसी तरह आगे बढ़ता रहूं।

समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा आज अधिकतर युवा नशे की तरफ जा रहा है इसको लेकर जागरूकता की बहुत ज्यादा जरूरत है इस चीज को लेकर देसी टार्जन पिछले काफी वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं आज उनके इस सराहनीय प्रयास से अब तक 22 विश्व रिकॉर्ड बन चुके हैं उसके लिए उन्होंने देसी टार्जन को बधाई देने के साथ स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में चंद्र मोहन दीक्षित दीपक सारस्वत अर्जुन सिंह, देवेंद्र पाठक मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री की गरीब वंचितों को आवास उपलब्ध कराने की पहल को किया जा रहा साकारः डीएम

**फिरोजाबाद।** भारतीय इतिहास में पहली बार मुख्यमंत्री द्वारा निराश्रित गरीब विधवाओं दिव्यांगजनों और भ्रमणशील नट्जन जाति को आवास उपलब्ध कराने की एक मानयोचित पहल की गई है, जिससे उनके जीवन को सुरक्षित और उन्नतशील बनाया जा सके, इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के प्रशासन द्वारा भी मुख्यमंत्री के इस मानयोचित कार्य को पूरा करने हेतु जिलाधिकारी के नेतृत्व में अपने को कृत संकल्पित कर लिया है,जिले में दिव्यांगजनों को 596 आवास,निराश्रित महिलाओं को 560 आवास जबकि नट जनजाति को 15 आवास आवंटित किए गए हैं, साथ ही साथ प्राकृतिक अथवा देवीय आपदा के कारण जो आवास विहीन हो गए है,उन्हें 9 आवास आवंटित किए गए हैं,अगर हम ब्लॉक अनुसार प्रगति की बात करें तो अरांव ब्लॉक में 132 के सापेक्ष अभी तक 51 आवासों का रजिस्ट्रेशन हुआ है, एका ब्लॉक में 156 के सापेक्ष 65 का रजिस्ट्रेशन हुआ है,जबकि फिरोजाबाद में 175 के सापेक्ष 175 आवासों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जबकि जसराना में 119 के सापेक्ष 71 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, खैरगढ़ में 29 के सापेक्ष 21 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि मदनपुर में 134 के सापेक्ष 134 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, जबकि नारखी में 203 के सापेक्ष 85 का रजिस्ट्रेशन, शिकोहाबाद में 131 के सापेक्ष 76 का, टूंडला में 161 के सापेक्ष 48 का रजिस्ट्रेशन हुआ है, ब्लॉक नारखी में परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी द्वारा समीक्षा की गई जहां पर सबसे अधिक स्थिति खराब पाई गई, जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने यहां रजिस्ट्रेशन के कार्य को शीघ्र पूरा कर लें, जिससे निराश्रित लोगों को आवास समय पर उपलब्ध कराए जा सके।

## विकसित भारत कार्यक्रम में छात्र- छात्राओं ने विचार प्रोटोटाइप मॉडल प्रदर्शित किये

**फिरोजाबाद।** शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार के द्वारा अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से विकसित भारत के अन्तर्गत सोमवार को फिरोजाबाद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर विचार करने योजना बनाने तथा प्रोटोटाइप बनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सजीव प्रसारण वेबीनार यू-ट्यूब लिंक के माध्यम से किया गया।इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा 04 विषयों आत्मनिर्भर भारत,स्वदेशी,वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत जैसे विषयों पर अपने विचार प्रोटोटाइप मॉडल प्रदर्शित किये गये।विकसित भारत के तहत छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की विकासात्मक प्राथमिकताओं के साथ अपनी रचनात्मक ऊर्जा को संरेखित करने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

## 3 बाइक चोर गिरफ्तार, 7 बाइक बरामद



**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तगणों को चोरी की सात मोटर साइकिल व अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को थाना प्रभारी पचोखरा अमित तोमर ने पुलिस टीम के साथ 3 बाइक चोर अभियुक्तगण.गौरव पुत्र राजकुमार निवासी एटा रोड़ शिवनगर फिरोजाबाद,गुड्डू खान पुत्र वासुअली निवासी मोहम्मदी थाना रजावली जिला फिरोजाबाद,राजा पुत्र वासुअली निवासी मोहम्मदी थाना रजावली जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया।जिनसे चोरी की सात मोटर साइकिल व एक अवैध तमंचा व 01जिन्दा कारतूस के बरामद किया गया है।थाना पुलिस ने अभियुक्तगणों के विरूद गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना पचोखरा पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## किसानों के लिए किया जाएगा आंदोलन



**मथुरा।** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों का शोषण किया जा रहा है मथुरा के किसानों को खाद नहीं मिल रहा है।जिसके चलते सरसों व आलू की फसल की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं किसान।भाजपा सरकार द्वारा किसानों के बिजली बिल माफ करने की घोषणा हवा हवाई साबित हुई।यह बातें मुजफ्फरनगर किसान रैली में किसान नेता चैधरी भगवान सिंह वर्मा ने कहीं।उन्होंने कहा, बटाईदार व कृषि मजदूर किसानों को मनरेगा में शामिल किया जाये मथुरा में हजारों किसान ऐसे हैं जिन पर लाखों रुपए का ट्यूबवेल का फर्जी बिल भेजा जा रहा है।और बिजली अधिकारी उनको परेशान कर रहे हैं।किसान नेता ने चेतावनी दी यदि किसान के ऊपर अत्याचार किया गया तो कांग्रेस ईंट से ईंट बजा देगी।मुजफ्फरनगर किसान रैली में मथुरा से जाने वाले कांग्रेसी नेताओं में ठाकुर नीलेश जादौन, राहुल शुक्ला, लोकेश शर्मा, राजू अब्बासी, महेश गौतम, चंद्र मोहन जायसवाल, बंटी सिद्दी, संजीव चतुवेर्दी, लोकेश चैधरी, समीम अब्बासी, धर्मवीर सिंह सोलंकी, सतीश, रोशन लाल, गुड्डू खान, विनोद आर्य, के के गौतम ,उमेश शर्मा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता ने भाग लिया।

## 16 देशो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा विश्व नारायण महायज्ञ एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन



**मथुरा।** आज वृंदावन में आयोजन स्थल दावानल कुंड स्थित उड़िया बाबा आश्रम में पीपाद्वाराचार्य जगद्गुरु बलराम बाबा, महामंडलेश्वर डॉ आदित्यानंद महाराज, महंत रामदेव चतुवेर्दी, महंत चंद्रदासजी महाराज ,महंत रामदासजी महाराज, श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य याचिकाकर्ता पं दिनेश फलाहारी ने भूमि पूजन कर गणेश पूजा की। श्रीकृष्णा जन्मभूमि के मुख्ययाचिकाकर्ता पं दिनेश फलाहारी ने संयुक्त रूप से गणेश पूजा कर भूमि पूजन किया।इस अवसर पर मुख्य संरक्षक पं बिहारी लाल वशिष्ठ ने बताया की 27 अक्टूबर को प्रातः बेला में विष्णु महायज्ञ एवं दोपहर को 2 बजे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा।जिसमें 16 देशो के सनातनी हिंदू भाग लेंगे, यह आयोजन श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए आयोजित होगा। पं दिनेश फलहारी महाराज ने कहा कि अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, बर्मा , इंग्लैंड, मॉरीशस, नेपाल, वियतनाम, भूटान, कैलिफोर्निया, जर्मनी से प्रतिनिधि इस आयोजन को दिव्यता प्रदान करेंगे।भागवत आचार्य सुरेश चंद्र शास्त्री एवं अशोक शास्त्री ने कहा कि हिंदू सम्मेलन में विदेश से लेकर सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि उपस्थित होकर सनातन धर्म की जय जयकार कर समान नागरिक कानून , परिवार नियोजन एवं ब्रज चैरासी कोस में मुगलकालीन स्मारकों के नामकरणों को समाप्त कराकर उन्हें वैदिक सनातन परंपरा के अनुरूप रखे जाने की बात होगी।इस अवसर पर सन्यासी साध्वी राधा नंद गिरी, पंडित कुलदीप दुबे ने कहा कि अब समय आ गया है जब सनातन धर्म की पता का संपूर्ण भारतवर्ष में पहरानी होगी, राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कुचलने के लिए युवा वर्ग कुसंगति त्याग कर सदमार्ग को अपनाये।इस अवसर पर अनिल शास्त्री, राजेश कृष्ण शास्त्री, गिरिराज सिंह बाल्मीकि, श्रीधर पंकज, पीयूष आनंद, स्वामी अभिधानंद, ईश्वर चंद्र रावत, बिंदिया देवी, कार्यक्रम का संचालन पं राजेश पाठक ने किया।

## वक्फ संपत्तियों की डिजिटल सुरक्षा हेतु वक्फ को ऑर्डिनेटरो की बैठक

**मथुरा।** जिला मथुरा की वक्फ को ऑर्डिनेटरो की एक महत्वपूर्ण बैठक वक्फ कोऑर्डिनेटर जेड हसन की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान चंदनवन ए एच एम स्कूल की लाइब्रेरी में आयोजित की गई, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से नियुक्त किए गए कोऑर्डिनेटर शामिल हुए बैठक में नियुक्त किए गए वक्फ को ऑर्डिनेटरों ने जिला मथुरा की वक्फ संपत्तियों को उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराने का निर्णय लिया और सभी मुतवल्लियों को बताया कि वक्फ संपत्तियों को केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई उम्मीद पोर्टल पर सभी दस्तावेजों के साथ कॉर्डिनेटर द्वारा या उनसे सम्पर्क कर दिसंबर माह के अंत तक रजिस्ट्रेशन कराए।बैठक में उपस्थित वक्फ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया कि उम्मीद पोर्टल भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है इसके उद्देश्य देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाब देही को बढ़ाना है ।

# संस्कृति विवि में महिला सशक्तीकरण पर हुई चर्चा

जिला संवाददाता




**मथुरा।** संस्कृति विश्विद्यालय में मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत, ह्लआत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरणह्ल विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विवि के कुलपति प्रो. एम. बी. चेट्टी ने राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि, जिला रोजगार अधिकारी, सुश्री सुगंधा जैन ने एक सारगर्भित व्याख्यान के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए बनाई गई विभिन्न सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तीकरण से जुड़े सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और कानूनी मुद्दों पर संवेदनशीलता और सरोकार व्यक्त किया जाता है। सशक्तीकरण की प्रक्रिया में समाज को पारंपरिक पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के प्रति जागरूक किया जाता है, जिसने महिलाओं की स्थिति को सदैव कमतर माना है। वैश्विक स्तर पर नारीवादी आंदोलनों और यूएनडीपी आदि अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने महिलाओं के सामाजिक समता, स्वतंत्रता और न्याय के राजनीतिक अधिकारों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। महिला सशक्तीकरण, भौतिक या आध्यात्मिक, शारिरिक या मानसिक, सभी स्तर पर महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर उन्हें सशक्त बनाने की प्रक्रिया है। उनके सत्र में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के बारे में जागरूकता और महिलाओं के विकास और उद्यमिता को समर्थन देने वाले कई प्रोत्साहन-आधारित कार्यक्रम भी शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सीईओ डॉ. मीनाक्षी शर्मा के विशेष संबोधन के साथ हुआ, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और छात्राओं को समाज में महिलाओं की आत्मनिर्भरता और नेतृत्व को मजबूत करने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम से प्रतिभागियों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के लिए सरकारी योजनाओं और अवसरों का पता लगाने के लिए प्रेरणा मिली। कार्यक्रम की समनव्यक संस्कृति स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईटी विभाग की डॉ रीना रानी थी।

## संत प्रेमानंद महाराज स्वास्थ्य लाभ के लिए डॉ. शेख ने की प्रार्थना करने की अपील



**मथुरा।** वंचितसमाज इंसाफ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब डॉ शेख ने कहा कि अभी कुछ दिन से मथुरा वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अस्वस्थ चल रहे है डॉ शेख ने कहा कि वी आई पी पार्टी सभी धर्मों के लोगों से अपील करती है कि भगवान से उन के स्वास्थ लाभ की कामना ओर प्राथना करे डॉ शेख ने कहा कि में मुस्लिम समुदाय से भी अपील करता हूं कि संत प्रेमानंद महाराज के जल्दी ठीक होने के लिए अल्लाह पाक से दुआ करे।डॉ शेख ने कहा कि आज हिंदुस्तान ही नहीं पूरी दुनिया में संत प्रेमानंद महाराज को।

सभी धर्म के लोग पसंद करते हैं आज के नफरत भरे माहौल में संत प्रेमानंद महाराज ने हमेशा देशभक्ति भाईचारे आध्यात्मिक मार्गदर्शन नैतिक शिक्षा और प्रेम के साथ लोगों को ईश्वर के स्वरूप ओर धर्म की सच्ची परिभाषा को समझने में मदद करते है ओर साथ में देश प्रेम ओर विनम्रता और क्षमा जैसे गुणों को बढ़ावा देते हैं जिस से लोगों को आत्मज्ञान मिलता है डॉ शेख ने कहा कि ऐसे संत सभी धर्मों को लाभ पहुंचा ते है उधर श्री शेख ने कहा कि उनकी पार्टी सनातन धर्म के नाम पर सी जे आई गवाई पर जूता फेंकने पर कड़े शब्दों में निंदा करती है और साथ ही यह मांग करती है ऐसे अधिवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।डॉ शेख ने कहा कि संत प्रेमानंद महाराज से मिलने का समय लेने की कोशिश करूंगा, अगर मिलने का समय मिलता है तो जरूर संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन करने जरूर जाऊंगा।

## व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने स्वदेशी वस्तुएं खरीदने के प्रति जागरूक किया



**टूंडला।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा नगर के मुख्य बाजार में जाकर लोगों को आत्म निर्भर भारत अभियान के निमित्त स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदने के आग्रह किया

इस दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष रामतीर्थ सिंह चक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारा देश ब्रिटेन को पछाड़कर की दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है।आत्म निर्भर भारत के लिए हम सभी को स्वदेशी वस्तुएं और उत्पादों का समर्थन करना होगा समस्त देशवासियों को अपने देश में उत्पादन होने वाली वस्तुओं की खरीददारी पर जोर देना होगा और ऑनलाइन खरीददारी पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाना होगा।हमारे नगर के स्थानीय व्यापारियों द्वारा नगर में आयोजित होने वाले प्रत्येक धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में बड़े रूप आर्थिक सहयोग किया जाता है तो हम सभी नगर वासियों का भी कर्तव्य बनता है कि हम अपने स्थानीय दुकानदार से सामान खरीदना चाहिए।

## मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत जनसिंह इंटर कॉलेज कौरई थाना फरिहा क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।सोमवार को थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे,मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान के तहत जनसिंह इंटर कॉलेज कौरई थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1098, साइबर क्राइम से बचाव कानूनी अधिकार,महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता तथा घरेलू हिंसा उत्पीड़न की स्थिति में त्वरित कार्रवाई जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बालिकाओं को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों एवं उनसे बचाव हेतु आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।विशेष रूप से साइबर अपराधों एटीएम डेबिट कार्ड फ्रॉडओटीपी फ्रॉड सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग ऑनलाइन शॉपिंग फिशिंग फ्रॉडफर्जी कॉल एवं केवाईसी अपडेट के नाम पर ठगी आदि के उदाहरण समझाए गए व इन अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए तथा छात्रों एवं आमजन को भी इनसे जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि डिजिटल माध्यमों का प्रयोग करते समय सतर्क रहें, किसी भी संदिग्ध लिंक कॉल/संदेश पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें।किसी भी साइबर अपराध संबंधी सूचना तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें ।

## रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने किया टूंडला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण



**टूंडला।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे के सदस्यों श्रीकृष्ण गौतम,जुबैद उर रहमान संध्या गौतम एवं भूप सिंह पाल ने सोमवार को टूंडला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सदस्यों ने हाल ही में रेल ओवर ब्रिज की शटरिंग गिरने की घटना के स्थल का जायजा लिया।साथ ही स्टेशन पर निमार्णाधीन नई इमारत एवं यात्रियों के लिए उपलब्ध विभिन्न खानपान स्टॉल एवं यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।सभी सदस्यों ने कहा कि शटरिंग गिरने की घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वे रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ सतीश कुमार से मुलाकात कर अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेंगे तथा रेलवे और ठेकेदार कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे।सदस्यों ने यह भी कहा कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए विशेष सावधानी और सख्त निगरानी की आवश्यकता है।निरीक्षण के समय स्टेशन अधीक्षक सुजीत कुमार एवं चीफ कमर्शियल इंस्पेक्टर मनोज कुमार मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** रविवार रात्रि थाना रसूलपुर मिशन शक्ति पुलिस टीम ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया है,मुठभेड मे अभियुक्त सन्तोष पैर मे गोली लगने से घायल हो गया जिसको उपचार के हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां से रात को मौका देखकर अभियुक्त फरार हो गया जिसे सोमवार सुबह पुलिस ने फिर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया।अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 01 खोखा कारतूस व 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए हैं।रविवार को अभियुक्त संतोष पुत्र लालसिंह निवासी ओमनगर कालौनी थाना लाइनपार फिरोजाबाद द्वारा नाबालिग बच्ची को अकेला देख दुष्कर्म का प्रयास किया था बच्ची के शोर करने पर अभियुक्त फरार हो गया था।नाबालिग बच्ची के पिता ने थाना रसूलपुर पर अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास के सम्बन्ध मे अभियुक्त के विरूद्ध तहरीर दी गयी थी।जिसके सम्बन्ध में थाना रसूलपुर पर पाक्सो

**● अभियुक्त इलाज के दौरान हो गया था फरार जिसे पुनः मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया**

एक्ट पंजीकृत किया गया था।जनपद में महिला संबंधी अपराधों में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 05 के तहत थाना रसूलपुर मय मिशन शक्ति पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर फतेहाबाद रोड पर जंगलों में छुपे अभियुक्त की गिरफ्तारी को दबिश दी गयी।दबिश के दौरान अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया।जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात्रि में उपचार के दौरान अभियुक्त पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। जिसे सोमवार सुबह पुलिस दोबारा मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया,मुठभेड़ में अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लगी जिसे इलाज हेतु पुनः अस्पताल में भर्ती करा आवश्यक कार्यवाही की गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्त के भागने पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिस कर्मियों को निलंबित किया है

## साबरमती एक्सप्रेस से यात्री का बैग चोरी

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला मुजफ्फरपुर के कमतौल निवासी अध्रत आर्य पुत्र दिनेश सिंह ने जीआरपी ललितपुर पुलिस को शिकायत दर्ज करायी है। अध्रत ने जीआरपी पुलिस को बताया कि बीती 4 सितम्बर को वह ट्रेन नं. 19166 साबरमती एक्सप्रेस के कोच नं. बी-4 की सीट नं. 27 पर मुजफ्फरपुर से उज्जैन की यात्रा कर रहा था।यात्रा के दौरान उसकी नींद लग गयी, जब उसकी नींद खुली तो देखा कि उसका बैग जो कि नीले रंग का था और उसमें एक चार्जर, 8 हजार रुपये नकद, आईसीआईसीआई के दो क्रेडिट कार्ड, एसबीआई के दो क्रेडिट कार्ड, दिल्ली यूनिवर्सिटी की आई.डी., सूरत यूनिवर्सिटी की आई.डी. एक डिपार्मेंट पोस्ट की आई.डी., आधार कार्ड, पैनकार्ड इत्यादि सामान रखा हुआ था, जो कि ललितपुर स्टेशन आने के पहले समय करीब 7 बजे किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया।

संक्षेप

## बॉब के संग त्यौहार की उमंग की शुरुआत

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा त्योहारों को और भी खास और फायदेमंद बनाने के लिए, ग्राहकों के लिए अपना वार्षिक त्योहारी अभियान, बॉब के संग त्योहार की उमंग शुभ भी लाभ भी फिर से लेकर आया है। इस वर्ष यह अभियान ऐसे ढेर सारे ऑफर्स लेकर आया है जो ग्राहकों की दीर्घकालिक आकांक्षाओं के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों, दोनों की पूर्ति के उद्देश्य से तैयार किए गए हैं। नई कार का सपना देख रहे लोगों के लिए कार ऋण की ब्याज दरों में कमी की गई है, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चुकौती अवधि आठ साल तक बढ़ा दी गई है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोसेसिंग शुल्क में रियायत देते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा ईवी खरीदारों को एक और उपहार दे रहा है।

## साज-सज्जा में नयी पहचान है संसार

नई दिल्ली। आप अपने घर को त्योहारी रंग-रूप देना चाहते हैं, तो इसका सर्वोत्तम उपाय संसार है। डी डेकोर समूह के अंतर्गत आने वाला यह गृह-सज्जा ब्रांड आपके घर को सादगी, गरिमा और गर्मजोशी से निखारने का सहज तरीका प्रदान करता है। घर का बैठक कक्ष हर घर का दिल होता है। यहीं सबसे प्यारी यादें बनती हैं। संसार के विस्तृत गृह-सज्जा वस्त्र संग्रह की मदद से आप इस जगह को स्वागतयोग्य और जीवंत रूप दे सकते हैं। मैट जैकॉर्ड्स कलेक्शन के टेक्सचरयुक्त डिजाइनों में से चुनें, और उन्हें या तो रोजवूड की गहरे रंगों वाली बारीक कढ़ाइयों के साथ या द व्हाइट विंडो की साधी, मिनिमलिस्टिक एम्ब्रॉइडरी वाले ड्रेप्स के साथ संयोजित करें।

## फैबइंडिया का स्वर्णिम कलेक्शन लॉन्च

बंगलुरु। रोशनी, स्नेह और उल्लास के इस मौसम में, फैबइंडिया ने अपने स्वर्णिम दिवाली 2025 कलेक्शन पेश किया है। गहरे पर्पल और ब्लू शेड्स से बना यह कलेक्शन पारंपरिक कारीगरी को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ता है, जो त्योहार के दौरान पहनावे और उपहार दोनों के लिए उपयुक्त है। फैबइंडिया के तैयार किये गए प्रत्येक पीस में भारतीय कारीगरी के प्रति प्रतिबद्धता झलकती है। यह कलेक्शन हस्तनिर्मित कपड़ों और बारीक हस्तकला को आधुनिक डिजाइन के साथ जोड़ता है साथ ही हमारे भारतीय विरासत को दर्शाता है जिसमे परंपरा और आधुनिकता का परिपूर्ण मेल है।

## शो गंगा माई की बेटियां में स्नेहा का किरदार निभा रहीं अमनदीप सिद्धू

नयी दिल्ली। जी टीवी के दिलचस्प फैमिली ड्रामा गंगा माई की बेटियां को वाराणसी के खूबसूरत घाटों के बीच महिलाओं की हिम्मत और जज्बे को दिखाने के लिए सराहा गया है। इस कहानी के केंद्र में है स्नेहा, जिसे अमनदीप सिद्धू ने निभाया है झ गंगा माई (शुभांगी लाटकर) की बहादुर, समझदार और बेहद आत्मनिर्भर बेटी। इस बातचीत में अमनदीप बताती हैं कि उन्होंने स्नेहा के किरदार को कैसे जिया, उसके लिए क्या तैयारी की और क्यों उन्हें लगता है कि गंगा माई की बेटियां जैसी कहानियां आज भी दर्शकों के लिए प्रेरणा और सोच बदलने का जरिया बन सकती हैं गंगा माई की बेटियां सिर्फ कहानी नहीं सुनाती, बल्कि जिंदगी का आईना दिखाती है। इस शो की खासियत यही है कि यह एक अकेली मां और उसकी बेटियों की कहानी के जरिए इन मूल्यों का जश्न मनाता है। मुझे इसमें उन कई महिलाओं की झलक दिखती है जो अपने जीवन में रोज मजबूती से खड़ी रहती हैं - चाहे वो परिवार में हों, दोस्तों में या कोई अनजान महिला। यह मुझे याद दिलाता है कि ऐसी कहानियां कहना क्यों जरूरी है।

## सोशल का दिवाली स्पेशल लॉन्च

लखनऊ। इस दिवाली, सोशल एक ऐसी पार्टी के साथ रौनक बढ़ा रहा है जो पूरी तरह से उत्सवी है। वह फटाका है, वह फटाका है शीर्षक से, यह उत्सव धुनों, चमक-दमक और असीम ऊर्जा से भरपूर एक रात का वादा करता है एक ऐसी दिवाली पार्टी जो केवल सोशल ही कर सकता है। सोशल के रेजिडेंट डीजे बॉलीवुड और डांस ट्रैक्स का एक हाई-वोल्टेज मिश्रण बजाएँगे, जिससे डांस फ्लोर पूरी रात जगमगाता रहेगा। जगमगाती धुनों से लेकर यह रोशनी के त्योहार को सोशल तरीके से मनाने के लिए डिजाइन की गई एक रात है। चाहे वो सीक्विन वाली साड़ी हो या स्वैग्ड कुर्ता, हर किसी को अपने त्योहारी अंदाज में नाचने और दीये बुझने तक नाचने के लिए आमंत्रित किया गया है। सोशल में कार्यक्रम 17 अक्टूबर को रात 8:00 बजे से शुरू होगा।

# सेंसेक्स में 174 अंकों की गिरावट



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर सोमवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 50 अंक की गिरावट आई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी तथा दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीनी वस्तुओं पर एक नवंबर से 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, जिसका असर घरेलू बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.77 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 82,327.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 457.68 अंक तक लुढ़क गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 58 अंक यानी 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,227.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स में सबसे अधिक 2.67 प्रतिशत की गिरावट आई। यह गिरावट अलग हुए वाणिज्यिक वाहन कारोबार में शेयर प्राप्त करने के लिए शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि से एक दिन पहले हुई। इसके अलावा, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एक्सिस बैंक शामिल हैं। अमेरिका-चीन के बीच नए सिरे से बढ़ते व्यापार तनाव ने सोमवार के शुरुआती कारोबार में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया। यह निवेशकों की बढ़ी हुई सतर्कता को बताता है। हालांकि, इस सप्ताह भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अमेरिका की यात्रा की खबरों ने बाजार की धारणा को बेहतर बनाया है। इससे द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में संभावित सफलता और बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते के सफल समापन को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं। छोटी कंपनियों से जुड़े बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.43 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.18 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई में सूचीबद्ध 2,627 शेयरों में गिरावट आई, जबकि l,664 शेयरों में तेजी आई। वहीं 168 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। शुल्क वृद्धि की चिंताओं...खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की संभावना संबंधी बयान के बाद...ने वैश्विक इक्विटी बाजारों में जोखिम से बचने के रुख को बढ़ावा दिया।

# सोना 1950 रुपये बढ़कर 127,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये शिखर पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड



नयी दिल्ली। अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें l,950 रुपये बढ़कर l,27,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को l,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना l,950 रुपये बढ़कर l,27,350 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में यह l,25,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग में फिर से तेजी आने से सोने की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी प्रशासन द्वारा चुनिंदा चीनी उत्पादों पर 100 प्रतिशत शुल्क वृद्धि की घोषणा और चीन द्वारा दुर्लभ मृदा खनिजों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की धमकी ने वैश्विक अनिश्चितता और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है। यह भू-राजनीतिक तनाव, साथ ही सुरक्षा चाहने वाले निवेशकों की निरंतर मांग से सोना मजबूत हो रहा है। सर्राफा संघ के अनुसार, हाजिर बाजारों में चांदी की कीमतों में भी ज़बर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को यह 7,500 रुपये की छलांग के साथ 1,79,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को यह l,71,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोना लगभग दो प्रतिशत बढ़कर 4,084.99 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

# वायदा बाजार में कच्चे तेल का भाव 96 रुपये चढ़ा

नयी दिल्ली। मजबूत मांग के बीच कारोबारियों के अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल का भाव सोमवार को 96 रुपये चढ़कर 5,342 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका और चीन के बीच तनाव ने वृद्धि एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं को लेकर चिंताएं उत्पन्न की हैं।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अक्टूबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 96 रुपये यानी 1.83 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,342 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 10,926 लॉट के लिए कारोबार हुआ। इसी तरह नवंबर में आपूर्ति वाले कच्चे तेल के अनुबंधों का भाव 70 रुपये यानी 1.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,308 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 9,764 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

विश्लेषकों ने बताया कि मजबूत वैश्विक रुख के बीच प्रतिभागियों के अपने सौदे बढ़ाए जाने से वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चे तेल का नवंबर में आपूर्ति वाले अनुबंधों का भाव 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 60.01 डॉलर प्रति बैरल जबकि ब्रेंट कच्चा तेल करीब दो प्रतिशत की बढ़त के साथ 63.84 डॉलर प्रति बैरल रहा।

# खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 1.54 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर में घटकर 1.54 प्रतिशत रह गई, जो पिछले महीने 2.07 प्रतिशत थी। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह कमी सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण हुई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति सितंबर, 2024 में 5.49 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बयान में कहा, सितंबर, 2025 के दौरान अनुकूल आधार प्रभाव के साथ ही सब्जियों, तेल तथा वसा, फल, दाल, अनाज, अंडे, ईंधन और प्रकाश की कीमतों में कमी के कारण मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट हुई। सितंबर, 2025 के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति सालाना आधार पर शून्य से 2.28 प्रतिशत नीचे रही, जबकि अगस्त में यह शून्य से 0.64 प्रतिशत नीचे और पिछले साल सितंबर में 9.24 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अक्टूबर की अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति में 2025-26 के लिए अपने मुद्रास्फीति अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत कर दिया है। अगस्त में इसके 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

# चीन का अमेरिका को निर्यात सितंबर में घटा, वैश्विक निर्यात में वृद्धि

हांगकांग। चीन का अमेरिका को निर्यात सितंबर में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत कम हो गया, जबकि इसके वैश्विक निर्यात में वृद्धि छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई।

सीमा शुल्क के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन का वैश्विक निर्यात सालाना अधार पर 8.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जो अर्थशास्त्रियों के अनुमान से कहीं अधिक है। यह अगस्त में हुई 4.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि से भी काफी बेहतर है। आयात में पिछले महीने 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अगस्त में हुई 1.3 प्रतिशत की वृद्धि से काफी बेहतर है। हालांकि कमजोर घरेलू अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी के कारण मांग एवं उपभोग पर दबाव बना हुआ है। चीन का अमेरिका को निर्यात लगातार छह महीनों से घट रहा है। अगस्त में इसमें 33 प्रतिशत की गिरावट आई थी। चीन और अमेरिका के बीच युद्धविराम समझौते के टूटने और दोनों पक्षों द्वारा नए शुल्क एवं अन्य जवाबी उपायों के कारण इनके भविष्य को लेकर असमंजस है। दक्षिण-पूर्व एशिया को निर्यात सितंबर में सालाना आधार पर 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लातिन अमेरिका और अफ्रीका को निर्यात क्रमशः 15 प्रतिशत और 56 प्रतिशत बढ़ा।

# रुपया पांच पैसे बढ़कर 88.67 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 88.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के संदिग्ध हस्तक्षेप और विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने से रुपया मजबूत हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच नए व्यापार युद्ध तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण रुपये को कुछ प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया 88.75 पर खुला और 88.57-88.79 के दायरे में कारोबार करने के बाद 88.67 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की वृद्धि है। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले सात पैसे बढ़कर 88.72 पर बंद हुआ था। पिछले सप्ताह चीन द्वारा दुर्लभ खनिज के निर्यात पर नियंत्रण की घोषणा के बाद अमेरिका ने चीन पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी दी थी। व्यापारियों ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता और रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप को लेकर आशावाद से डॉलर-रुपये की जोड़ी को समर्थन मिला। वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ अमेरिकी विभागों का कामकाज ठप होने और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती संभावनाएं रुपये को और मज़बूत कर सकती हैं। हालांकि, अमेरिका-चीन के बीच नए शुल्क युद्ध के बीच वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति, भारी तेज़ी पर रोक लगा सकती है। कारोबारी भारत के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति (सीपीआई) के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि सकारात्मक भावनाएं उन उम्मीदों से उपजी हैं जो इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद आई थीं कि भारत के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल इस सप्ताह व्यापार वार्ता के लिए अमेरिका का दौरा करेगा, और प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। पिछले महीने, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में व्यापार वार्ता के लिए एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उस बैठक के बाद, भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया। दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर रचनात्मक बैठकें कीं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.13 प्रतिशत बढ़कर 99.10 पर कारोबार कर रहा था।

# भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते में प्रगति वाहन और इस्पात मुद्दों का समाधान जरूरी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत में प्रगति हो रही है। हालांकि इस्पात, वाहन और गैर-शुल्क बाधाओं जैसे कुछ क्षेत्रों में मतभेदों को अभी दूर करने की जरूरत है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने पिछले सप्ताह ब्रसेल्स में व्यापार समझौते के लिए 14वें दौर की वार्ता पूरी की। व्यापार वार्ता जल्द पूरा करने के लिए वस्तुओं एवं सेवाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर मतभेद दूर करने के लिए छह अक्टूबर को पांच दिवसीय वार्ता शुरू हुई थी। अधिकारी ने कहा कि व्यापार समझौते पर बातचीत अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। इस्पात और वाहन जैसे कुछ मुद्दों को हल करना जरूरी है। कृषि क्षेत्र में कोई बड़ा मुद्दा लंबित नहीं है। बातचीत को गति देने के लिए 14वें दौर की वार्ता के अंतिम दिनों में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी भारतीय वार्ताकारों के साथ शामिल हुए। अग्रवाल ने इस यात्रा के दौरान यूरोपीय आयोग की व्यापार महानिदेशक सेबाइन वेयांड के साथ चर्चा की। अधिकारी ने यह भी कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के व्यापार वार्ता के लिए न्यूजीलैंड जाने की उम्मीद है। भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए तीसरे दौर की वार्ता 19 सितंबर को न्यूजीलैंड के क्वीन्सटाउन में संपन्न हुई। भारत और यूरोपीय संघ ने आठ वर्षों से अधिक समय बाद जून, 2022 में व्यापक एफटीए, निवेश संरक्षण समझौते और भौगोलिक संकेतकों पर एक समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की। इससे पहले बाजारों को खोलने के स्तर पर मतभेदों के कारण 2013 में यह वार्ता रुक गई थी। यूरोपीय संघ वाहन और चिकित्सा उपकरणों में महत्वपूर्ण शुल्क कटौती की मांग के अलावा शराब, स्पिरिट, मांस, पोल्ट्री जैसे अन्य उत्पादों पर कर में कमी और एक मजबूत बौद्धिक संपदा व्यवस्था चाहता है। इस समझौते के अंजाम पर पहुंचने की स्थिति में सिले-सिलाये कपड़े, दवाइयां, इस्पात, पेट्रोलियम उत्पाद और बिजली मशीनरी का यूरोपीय संघ को निर्यात अधिक प्रतिस्पर्धी हो सकते हैं।

पेज एक का शेष

## जोएल मोकिर

जन्मे हॉविट (79) ब्राउन यूनिवर्सिटी से हैं। मोकिर ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस से बातचीत में अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीतने पर विस्मय जाहिर किया। उन्होंने कहा लोग हमेशा ऐसा कहते हैं, लेकिन इस मामले में मैं सच कह रहा हूं-मुझे इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि ऐसा कुछ होने वाला है। मोकिर के मुताबिक, उनके छात्रों ने उनसे नोबेल पुरस्कार जीतने की संभावनाओं के बारे में पूछा था। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा कि मेरे अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार जीतने के बजाय पोप चुने जाने की संभावना ज्यादा है, और वैसे भी मैं यहूदी हूं। मोकिर अगले कुछ महीने में 80 साल के हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने कहा कि उनका रिटायर होने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, यह उस तरह का काम है, जिसे करने का मैंने सपना देखा। एगियन ने भी नोबेल पुरस्कार जीतने पर विस्मय जाहिर किया। उन्होंने स्टॉकहोम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में फोन के माध्यम से कहा, मैं जो महसूस कर रहा हूं, उसे शब्दों में बयां नहीं कर पा रहा हूं। एगियन ने कहा कि वह नोबेल पुरस्कार राशि अपनी शोध प्रयोगशाला में लगाएंगे। दुनिया में जारी व्यापार युद्धों और बढ़ते संरक्षणवाद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं अमेरिका में संरक्षणवादी रवैये का स्वागत नहीं करता हूं। यह विश्व के विकास और नवाचार के लिए अच्छा नहीं है। विजेताओं को अर्थशास्त्र की एक प्रमुख अवधारणा रचनात्मक विनाश को बेहतर ढंग से समझाने और उसका परिमाणन करने का श्रेय दिया गया। कहा जाता है कि अर्थशास्त्री जोसेफ शुम्पीटर ने 1942 में अपनी किताब पूंजीवाद, समाजवाद और लोकतंत्र में रचनात्मक विनाश की अवधारणा पेश की थी।

## इजरायल

का जश्न मनाने के लिए इज़राइल में हैं। उन्होंने घोषणा की कि इस समझौते ने युद्ध को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इस समझौते के तहत, इज़राइल ने 1,900 से ज्यादा फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया है और अकालग्रस्त गाजा में खाद्य और सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने की अनुमति दी है। ट्रंप सोमवार को बाद में मिस्र में अन्य नेताओं के साथ अमेरिका द्वारा प्रस्तावित समझौते और युद्धोत्तर योजनाओं पर चर्चा करेंगे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि पिछले 24 घंटों में नष्ट हुई इमारतों के मलबे के नीचे से 60 फलस्तीनियों के शव बरामद किए गए हैं और उन्हें अस्पतालों में पहुंचाया गया है। इस तरह, इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम लागू होने और इज़राइली सैनिकों के गाजा के कुछ हिस्सों से पीछे हटने के बाद से पिछले चार दिनों में बरामद शवों की संख्या 200 हो गई है। मंत्रालय का कहना है कि कई मृत लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हैं, खासकर उन इलाकों में जहां बचावकर्मियों के लिये पहुंचना मुश्किल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इज़राइल के अभियान में 67,800 से ज़ूयादा फलस्तीनी मारे गए। मंत्रालय नागरिकों और लड़ाकों में कोई अंतर नहीं करता, लेकिन उसका कहना है कि मृतकों में लगभग आधे महिलाएं और बच्चे थे।

## योगी ने

रही थीं, जिनमें अब कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' मंत्र के सफल क्रियान्वयन से राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है। बैठक में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बताया गया कि फॉर्च्यून 1000 सूची की 814 कंपनियों को अकाउंट मैनेजर आवंटित किए गए हैं। अब तक 50 नए एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं तथा 280 से अधिक कंपनियों से संवाद प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक इकाइयों को भूमि, सब्सिडी आदि के साथ-साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी संवाद बढ़ाया जाए। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश अब नीतिगत प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि ग्राउंड लेवल डिलीवरी का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल 3.0 के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है, जिससे 30 प्रतिशत तक प्रक्रिया समय और 50प्रतिशत तक दस्तावेजी औपचारिकताओं में कमी आएगी। पोर्टल में सिंगल साइन-ऑन, डायनेमिक एप्लीकेशन सिस्टम, एआई आधारित चैटबॉट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं शामिल की जा रही हैं, जो निवेशकों के अनुभव को और अधिक सुगम बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिया कि वे मासिक लक्ष्य निर्धारित करें और स्वीकृत परियोजनाओं की 'लेटर्स ऑफ कंफर्ट' जारी करने की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी करें। उन्होंने कहा कि नीति के अनुरूप देय इंसेंटिव बिना किसी बाधा के समय पर वितरित किए जाएं तथा इंडस्ट्रियल बिल्डिंग बायलॉज को और अधिक व्यावहारिक एवं निवेशक हितैषी बनाया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि फोकस कंट्री डेस्क के माध्यम से जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ताइवान, सिंगापुर और खाड़ी देशों के निवेशकों से सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वैश्विक मंचों पर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को और सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक कंट्री डेस्क ठोस निवेश परिणामों पर कार्य करे। मुख्यमंत्री ने यूपीडा, यूपीसीडा, बीडा और अन्य औद्योगिक प्राधिकरणों को ऑटोमोबाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और लेदर जैसे क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि चाइना+1 रणनीति के तहत उत्तर प्रदेश अब बहुराष्ट्रीय कंपनियों का पसंदीदा निवेश केंद्र बन रहा है। वर्तमान में 219 कंपनियाँ निवेश प्रक्रिया के सक्रिय चरण में हैं, जिनमें कई जापान, कोरिया और ताइवान की अग्रणी कंपनियां शामिल हैं।

## जन-जन की

सीआरपीएफ जवान जमीन विवाद से जुड़ी समस्या लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि आप निश्चिंत होकर ड्यूटी कीजिये, समाधान सरकार पर छोड़ दीजिए। जांच कराएंगे और प्रकरण में न्यायोचित कार्रवाई भी करेंगे।

मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में फरियादियों के साथ आए बच्चों का हालचाल जाना। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर कर दुलार किया और उन्हें अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब पढ़ो, जमकर खेलो और माता-पिता का नाम रोशन करो।

## करूर भगदड़

उसके सदस्यों को मामले में पक्षकार बनाए बिना उनके खिलाफ टिप्पणियां करने को लेकर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार की भी आलोचना की। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने कहा कि 27 सितंबर को टीवीके की रैली के दौरान करूर में हुई भगदड़ ने पूरे देश के नागरिकों के मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा है। न्यायालय ने कहा कि इस घटना का नागरिकों के जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ा है और जिन परिवारों ने अपने परिजनों को खोया है, उनके मौलिक अधिकारों को लागू करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने मामले के राजनीतिक रुख पर संज्ञान लेते हुए कहा, घटना की गंभीरता को ध्यान में रखे बिना पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारियों द्वारा मीडिया के समक्ष टिप्पणियां की गईं, जिससे नागरिकों के मन में निष्पक्षता और निष्पक्ष जांच पर संदेह पैदा हो सकता है। पीठ ने कहा, आपराधिक न्याय प्रणाली में जांच की प्रक्रिया में आम लोगों का विश्वास और भरोसा बहाल किया जाना चाहिए, और इस तरह का विश्वास पैदा करने का एक तरीका यह सुनिश्चित करना है कि वर्तमान मामले में जांच पूरी तरह से निष्पक्ष, स्वतंत्र और तटस्थ हो।

## लालू, राबड़ी

निगम (आईआरसीटीसी) के दो होटलों के संचालन के ठेके एक निजी फर्म को देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। अदालत ने लालू प्रसाद के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भी आरोप तय किये। न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य भाग पढ़ा और कहा कि भूखंड कम मूल्य पर दिए गए, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। नेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह ने कहा, जैसे ही हमें आदेश की प्रति प्राप्त होगी, हम आरोप तय करने से संबंधित आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती देंगे। इससे पहले गत 24 सितंबर को अदालत ने आरोप तय करने के अपने आदेश के लिए सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया था।

## दबिश के दौरान

पुलिस को देखते ही काली नदी में छलांग लगा दी। एसडीआरएफ की टीम लगातार युवक की तलाश में जुटी है।

प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, नौरंगपुर चौकी प्रभारी हरीश कुमार और सिपाही रवींद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

## धामी कैबिनेट में

संशोधन किया है। राज्य सरकार ने अर्हकारी सेवा में शिथिलीकरण नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी है। इस कदम से सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति के अवसर शीघ्र मिल सकेंगे, जिससे विभागों की कार्यकुशलता और मनोबल दोनों में वृद्धि होगी। कैबिनेट ने महिला सुपरवाइजर सेवा नियमों में बड़ा बदलाव किया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में सरकार ने महिला एवं बाल विकास अधीनस्थ सुपरवाइजर सेवा नियमावली-2021 में संशोधन को मंजूरी दी है। अब सुपरवाइजर के पदों पर 50 प्रतिशत पदोन्नति का कोटा केवल आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिलेगा। पहले यह कोटा 40 प्रतिशत था और 10 प्रतिशत मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आरक्षित था चूंकि केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार अब सभी मिनी आंगनवाड़ी केंद्र पूर्ण केंद्रों में उच्चीकृत किए जा रहे हैं, इसलिए पदोन्नति नियमों में यह परिवर्तन किया गया है।

## यूपी : सड़क

से दो अन्य लोगों के साथ बंडा के रहुआ गांव गए थे।। वे लोग मृतक के अंतिम संस्कार के बाद वापस लौट रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल पुवायां चौराहे पर पहुंची, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में दलपत (56) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया वही दो अन्य घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान अजीत (23) की रात में जबकि गोकुलप्रसाद (65) की सोमवार की सुबह मौत हो गयी।

वहीं, शामली जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार एक ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना करनाल-पानीपत राजमार्ग पर टपराना बाईपास के पास उस समय हुई, जब तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार आरिफ मलिक (23) और सोनू (22) की मौत हो गई। युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर झिंझाना से शामली जा रहे थे। जबकि बरेली जिले में सोमवार सुबह मनौना धाम से दर्शन कर लौट रहे आंध्र प्रदेश के श्रद्धालुओं की कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी।




# भारत जीत से 58 रन दूर

## वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा

एजेंसी



नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने दूसरी पारी में अच्छी चुनौती पेश की लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि भारत को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच को जीतने और श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए अब केवल 58 रन की जरूरत है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बनाकर भारत के सामने 121 रन का लक्ष्य रखा। भारत ने सोमवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 63 रन बनाए हैं।

अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच को पारी और 140 रन के अंतर से जीतने वाले भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 248 रन ही बना पाई थी और उसे फॉलोऑन करना पड़ा था। जॉन कैम्पबेल (199 गेंदों पर 115 रन) और शाई होप (214 गेंदों पर 103 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन जोड़कर संघर्ष करने का जज्बा दिखाया। लेकिन अगर मैच पांचवें दिन में चला गया तो उसका श्रेय जस्टिन ग्रीवस (नाबाद 50) और जेडन सील्स (32) को जाता है जिन्होंने दसवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। भारत ने 80 ओवर के बाद नई गेंद ली। इसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कमजोरी खुलकर सामने आ गई। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने तीन-तीन, मोहम्मद सिराज ने दो तथा रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिया। छोटे लक्ष्य के सामने भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहली पारी में 175 रन बनाने वाले यशस्वी जयसवाल (08) का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने जोमेल वारिकन की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर आसान कैच दिया। इसके बाद केएल राहुल (नाबाद 25) और आर साईं सुदर्शन (नाबाद 30) ने कोई झटका नहीं लगने दिया जिससे भारत ने एक और बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी। इससे पहले वेस्टइंडीज ने सुबह अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 173 रन से आगे बढ़ाई। उसके लिए इस मैच में सांत्वना वाली बात यह रही कि उसकी तरफ से दो शतक लगे और उसने भारत को दूसरी बार बल्लेबाजी के लिए मजबूर करने के अलावा मैच को पांचवें दिन तक खींचा। भारतीय गेंदबाजी इकाई इस तथ्य से उत्साहित हो सकती है कि उसने सभी 20 विकेट लिए, जबकि परिस्थितियां स्पिन या तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल नहीं थीं। अगर वेस्टइंडीज के बल्लेबाज संघर्ष कर पाए तो उसका श्रेय फिरोजशाह कोटला की पिच को जाता है जिससे गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल रही थी। उसके बल्लेबाजों ने अपनी गलतियों से विकेट गवाएं। एक समय खेल इतना नीरस हो गया था कि प्रसारणकर्ता भी मैदान पर खेले जा रहे खेल का विश्लेषण करने में ज्यादा रुचि नहीं दिखा रहे थे और इसके बजाय उन्होंने अपने विश्लेषकों से कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार से शुरू होने वाले एकदिवसीय श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित करें, जिसमें सभी की निगाहें दो अनुभवी खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा पर टिकी हैं, जिनका एकदिवसीय भविष्य संदेह के घेरे में है। सुबह कैम्पबेल ने जडेजा की गेंद पर काउ कॉर्नर पर स्लॉग स्वीप से छक्का लगाकर 25वें टेस्ट मैच में अपना पहला शतक पूरा किया। इसके बाद वह गलत शॉट का चयन करके पवेलियन लौटे।

ऐसी पिच पर जहां बाएं हाथ के स्पिनरों की अधिकांश गेंदें लेग-मिडिल लाइन पर डाली जा रही थीं, कैम्पबेल ने रिवर्स स्वीप करने का प्रयास किया और डीआरएस ने उन्हें पगबाधा करार दे दिया। कैंपबेल का आउट होना भी ज़्यादा मायने नहीं रखता क्योंकि कप्तान रोस्टन चेज़ (40) और होप चौथे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी के दौरान सहज दिखे। भारत ने जब नई गेंद ली तो उसके बाद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की कलई खुल गई। सिराज ने होप की पारी का अंत किया जबकि कुलदीप ने भी जल्दी-जल्दी तीन विकेट लिए। इनमें चेज़ का विकेट भी शामिल था। चेज के आउट होने के साथ ही वेस्टइंडीज़ की हार लगभग तय हो गई। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां लंच तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 252 रन बनाए। भारत को पहले सत्र में एकमात्र सफलता जॉन कैंपबेल के रूप में मिली जिन्होंने रविंद्र जडेजा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट होने से पहले 115 रन की शानदार पारी खेली। लंच के समय शाई होप 92 और कप्तान रोस्टन चेज 23 रन पर खेल रहे थे।

# फार्म, फिटनेस ठीक रही तो अगला विश्व कप खेलेंगे रोहित व कोहली : शास्त्री



सिडनी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की 2027 वनडे वर्ल्ड कप में खेलने की उम्मीदें फॉर्म (लय), फिटनेस और जज्बा पर निर्भर करती हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी श्रृंखला इन पहलुओं की एक अहम परीक्षा होगी। भारत के 2017 से 2021 तक कोच रहे 63 साल के शास्त्री ने कहा कि इन दोनों दिग्गजों को अपनी जगह पक्की करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करना होगा। रोहित और कोहली को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

यह श्रृंखला 19 अक्टूबर से पर्थ में शुरू होगी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू के मुताबिक शास्त्री ने काया स्पोर्ट्स के समर ऑफ क्रिकेट लॉन्च इवेंट में कहा इसीलिए वे यहां हैं (ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेल रहे हैं)। उन्होंने कहा वे इस टीम टीम संयोजन का हिस्सा हैं। यह उनकी फिटनेस, जज्बे और जाहिर है फॉर्म पर निर्भर करता है। मुझे लगता है कि उनके प्रदर्शन के आकलन के लिए यह श्रृंखला बहुत महत्वपूर्ण है। इस श्रृंखला के आखिर में उन्हें खुद भी पता चल जाएगा कि वे कैसा महसूस कर रहे हैं और फिर फैसला उनका होगा।



रोहित और कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब सिर्फ एकदिवसीय प्रारूप में खेलते है। यह देखना बाकी है कि क्या वे भारत की दीर्घकालिक योजनाओं में फिट बैठते हैं, क्योंकि अगला वनडे विश्व कप अभी दो साल दूर है। उस समय रोहित की उम्र 40 और कोहली की 38 साल हो जाएगी। हाल ही में रोहित की जगह शुभमन गिल को भारत के एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया गया है। रोहित और कोहली फरवरी में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। भारत इसका विजेता बना था। रोहित इसके फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये थे जबकि कोहली पूरे टूर्नामेंट में भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाते हुए शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल थे। शास्त्री ने कहा ऑस्ट्रेलिया के नजरिए से देखें तो यही बात स्टीव स्मिथ पर भी लागू होती है, जिन्होंने मार्च में वनडे क्रिकेट से संन्यास लिया।

उस उम्र में आपको खेल का आनंद लेना होता है, और साथ ही अब भी आपके अंदर जज्बा होना चाहिये। उन्होंने कहा लेकिन जब बात बड़े मैचों की आती है, तो अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता। हमने इसे चैंपियंस ट्रॉफी में देखा है। बड़े मैच आते हैं, तो बड़े खिलाड़ी ही आगे आते हैं। वहीं दूसरी ओर बिहार ने बुधवार से शुरू हो रहे आगामी रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले दो मैचों के लिए 14 वर्षीय प्रतिभाशाली बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को उपकप्तान नियुक्त किया है, जबकि सकीबुल गनी टीम के कप्तान होंगे। बिहार 15 अक्टूबर से यहां मोइन-उल-हक स्टेडियम में प्लेट लीग सत्र के अपने पहले मैच में अरुणाचल प्रदेश से भिड़ेगा। टीम की घोषणा रविवार देर रात बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने की। पिछले रणजी सत्र में एक भी जीत दर्ज न कर पाने के कारण बिहार प्लेट लीग में खिसक गया था। सूर्यवंशी ने 2023-24 सत्र में 12 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया। बाद में वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध हासिल करने वाले सबसे कम उम्र (13) के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी किया। सूर्यवंशी को आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स ने अपनी टीम में चुना था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ केवल 35 गेंद पर शतक लगाकर पुरुष क्रिकेट में टी 20 में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र (14) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। यह आईपीएल का दूसरा सबसे तेज शतक भी था। सूर्यवंशी के बिहार के लिए पूरा सत्र खेलने की संभावना नहीं है, क्योंकि वह अगले साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा बनने की दौड़ में होंगे।

## संक्षेप

### जोशना चिनप्पा ने जापान ओपन का खिताब जीता

नयी दिल्ली। भारत की चोटी की स्काश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11-5, 11-9, 6-11, 11-8 से हराया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 117वें स्थान पर काबिज चिनप्पा ने सेमीफाइनल में मिस्र की चौथी वरीयता प्राप्त राणा इस्माइल को 11-7, 11-1, 11-5 से हराया था।

### बीडब्ल्यूएफ मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार आगाज

गुवाहाटी। अल्थाजुआला हमर और वेन्नाला के की अगुवाई में भारतीय खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में अपने व्यक्तिगत अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम चैंपियनशिप में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाने में मदद करने के बाद वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ियों को शुरुआती दौर में बाई मिली है, जबकि अन्य खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में अपने अभियान का आगाज शानदार तरीके से किया। अल्थाजुआला मुकाबले में उतरने वाले पहले भारतीय थे और मिजोरम के इस खिलाड़ी ने युगांडा के डेनिस मुकासा को केवल 14 मिनट में 15-4, 15-4 से हराया।

### भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें, पाक खिलाड़ी

लाहौर। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के जोहर बाहरू में सुल्तान जोहोर कप मैच के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में संपन्न एशिया कप के मैचों के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसमें फाइनल भी शामिल था। इससे विवाद पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में विरोध दर्ज कराया था। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी।

# एशियाई : क्वालीफायर में भारत को करो या मरो चुनौती



एजेंसी

मडगांव (गोवा)। भारतीय फुटबॉल टीम की एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए क्वालीफाई करने की मामूली उम्मीदों को बनाये रखने के लिए मंगलवार को यहां के फतोर्दा स्टेडियम में ग्रुप सी मैच में सिंगापुर के खिलाफ दो चरण वाले दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी। कोच खालिद जमील के लिए हालांकि अच्छी बात यह है कि मोहन बागान सुपरजायंट के डिफेंडर शुभाशीष बोस और मिडफील्डर लालेनगमाविया अपुइया राल्ते की वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी। संदेश झींगन के निलंबन के चलते बोस और अपुइया जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी भारत के लिए काफी अहम होगी। टीम की रक्षापंक्ति ने सिंगापुर में पहले चरण।-। से ड्रॉ रहे मुकाबले में काफी संघर्ष किया था। सिंगापुर के तेज-तर्रार फॉरवर्ड इकसान फांदी और शावल अनवर के धार को कुंद करने के लिए बोस और अपुइया की मौजूदगी टीम के लिए अहम होगी। अपुइया मिडफील्ड के माहिर खिलाड़ी है और वह रक्षापंक्ति तथा अग्रिम पंक्ति के बीच मजबूत कड़ी साबित होंगे। भारतीय टीम इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का पूरी कोशिश करेगी। रहीम अली ने नौ अक्टूबर को पहले चरण के मुकाबले में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही भारतीय टीम के लिए गोल कर स्कोर बराबर किया था।

### श्रीलंका पर अपनी लय बरकरार रखने उतरेगा न्यूजीलैंड

कोलंबो। पिछले मैच में जीत से उत्साहित पूर्व चैंपियन न्यूजीलैंड मंगलवार को यहां जब आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप के अहम मैच में सह-मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगा तो उसकी कोशिश अपनी लय बरकरार रखना होगा। दूसरी तरफ श्रीलंका अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाया है और उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी।

न्यूजीलैंड की टीम 2000 की चैंपियन है लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे अपने पहले दो मैच में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से हार का सामना करना पड़ा लेकिन इसके बाद वह बांग्लादेश को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने में सफल रही। न्यूजीलैंड की टीम अभी अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है। उसने तीन मैचों में दो अंक हासिल किए हैं और उसका नेट रन रेट -0.245 है, जिसे वे सुधारना चाहेंगे। कप्तान सोफी डिवाइन ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन पारियों में 86.66 की औसत से रन बनाए हैं। उनकी संयमित पारी और पांचवें नंबर की बल्लेबाज़ ब्रुक हॉलिडे के दमदार प्रदर्शन ने बांग्लादेश के खिलाफ टीम को जीत दिलाने में मदद की। न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जो उसके लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है।

### कुलदीप को पिच से ज्यादा मदद मिली : वाशिंगटन

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में तीन और मैच में आठ विकेट लेने वाले कुलदीप यादव की तारीफ करते हुए भारतीय टीम के उनके साथी वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि कलाई का स्पिनर होने के कारण उन्हें पिच से दूसरे गेंदबाजों के मुकाबले ज्यादा मदद मिली। भारतीय गेंदबाजों को दूसरे और अंतिम टेस्ट में वेस्टइंडीज़ को दूसरी पारी में आउट करने के लिए 118.5 ओवरों की जरूरत पड़ी क्योंकि अरुण जेटली स्टेडियम की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान थी। कुलदीप ने गेंदबाजों के लिए मुश्किल पिच पर दोनों पारियों को मिलाकर 55.5 ओवर में 186 रन देकर आठ विकेट लिये जबकि उनकी, वाशिंगटन और रविंद्र जडेजा की स्पिनरों की तिकड़ी ने इस मैच में कुल 13 विकेट चटकाये। अनुभवी जडेजा ने कुल 52 ओवरों में चार विकेट लिए। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रन पर सिमटी जिससे मैच के पांचवें दिन भारत को जीत के लिए और 58 रन की जरूरत है। वाशिंगटन ने दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि उन्होंने (कुलदीप) बहुत अच्छी गेंदबाजी की। कलाई के स्पिनर होने के नाते, उन्हें इससे निश्चित रूप से पिच से अधिक मदद मिली। उन्होंने कहा दूसरे गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी की। तेज गेंदबाजों को भी कड़ी मेहनत करनी पड़ी।

# बांग्लादेश ने द. अफ्रीका को दिया 233 रन का लक्ष्य

एजेंसी



विशाखापत्तनम। बांग्लादेश के लिये महिला क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाली बल्लेबाज बनी शोरना अख्तर के आखिरी ओवरों में आतिशी प्रदर्शन से उनकी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ महिला विश्व कप के मैच में सोमवार को छह विकेट पर 232 रन बनाये।

एक समय लग रहा था कि बांग्लादेश टीम 200 रन तक भी नहीं पहुंच सकेगी लेकिन शोरना ने आखिरी पांच ओवरों में तस्वीर बदल दी। उन्होंने 35 गेंद में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 51 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। रितु मोनी ने उनका बखूबी साथ देते हुए आठ गेंदों में नाबाद 19 रन बनाये। इसी मैदान पर भारतीय टीम ने रविवार को वनडे क्रिकेट में अपना सर्वोच्च स्कोर 330 रन बनाया था और गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करके जीत भी दर्ज की थी लेकिन बांग्लादेश की शुरूआत से लग रहा था कि वह 200 रन नहीं बना सकेगी लेकिन शोरना ने अपनी पावर हिटिंग से काफी प्रभावित किया। पहले बल्लेबाजी चुनने वाली बांग्लादेश के बल्लेबाजों का खराब फॉर्म जारी रहा और कोई भी दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को खुलकर खेल नहीं सकीं। पिछले मैच में भारत को हराने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज दक्षिण अफ्रीका ने लगभग खाली पड़े एसीए वीडीसीए स्टेडियम में जाइंट किलर बांग्लादेश को मैच में पकड़ नहीं जमाने दी। बल्लेबाजों पर दबाव का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बांग्लादेश की पारी का पहला चौका छठे ओवर में लगा जब मसाबाता क्लास की गेंद पर फरजाना हक ने गेंद को मिडआफ में खेलकर सीमारेखा पर पहुंचाया। वहीं पारी का पहला छक्का 42वें ओवर में शोरना अख्तर ने स्पिनर क्लो ट्रायोन को जड़ा। यही नहीं 19वें से 24वें ओवर के बीच सिर्फ नौ रन बने। पहले मैच में पाकिस्तान को हराने के बाद इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से हारी बांग्लादेश की टीम के लिये शोरना ने ही सौ से अधिक की स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने 46वें ओवर में मध्यम तेज गेंदबाज टुमी सेखुखुने को लांग आन पर एक छक्का और दो चौके समेत 18 रन निकाले जो बांग्लादेश की पारी का सबसे अच्छा ओवर भी रहा।

वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में 69 रन पर आउट होने के बाद से शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड और भारत को हराने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम की नजरें रनरेट बेहतर करने पर लगी हैं जिसे अगले दो मैच तालिका में निचले स्थान की टीमों पाकिस्तान और श्रीलंका से खेलना है। बांग्लादेश की शुरूआत बेहद धीमी रही और मरियाने काप के पहले ओवर में सिर्फ तीन रन बने जबकि दूसरे छोर से क्लास ने भी बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए पहले ओवर में एक ही रन दिया। काप के पहले तीन ओवर में सात और क्लास के पहले दो ओवर में दो ही रन बने।

वहीं सेखुखुने ने पहले चार ओवर में सिर्फ पांच रन दिये। पावरप्ले के ओवरों में सिर्फ 28 रन बने। सलामी बल्लेबाजों हक और रूबिया हैदर स्ट्रोक्स नहीं लगा पा रहीं थी और इक्के दुक्के रन चुराने में भी उन्होंने दिलचस्पी नहीं दिखाई। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी 91 गेंद में पूरी हुई। इसके कुछ देर बाद ही ट्रायोन ने दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाते हुए हैदर को मिड आन पर नडाइन डि क्लर्क के हाथों लपकवाया। हैदर ने 52 गेंद में 25 रन बनाये जिसमें सिर्फ दो चौके शामिल थे। नयी बल्लेबाज शरमीन अख्तर ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाकर रनगति बेहतर करने की कोशिश की लेकिन दूसरे छोर पर फरजाना बहुत की धीमा खेल रही थीं। उनकी पारी का अंत 25वें ओवर में स्पिनर नोनकुलुलेको एमलाबा ने पगबाधा आउट करके किया। मैदानी अंपायर ने पहले बल्लेबाज के पक्ष में फैसला दिया था लेकिन डीआरएस से साफ था कि गेंद आफ स्टम्प पर लग रही थी।

# एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे यूपी के युवा टेनिस सितारे

> आइटा सुपर सीरीज अंडर-18 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आइरा, अनुषा सिंह, आशी शमसेरी, ताशी किरन व रमिंदर दीप कौर ने आइटा सुपर सीरीज अंडर-18 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में मुख्य ड्रा के पहले राउंड में जीत से बालिका एकल के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बालक एकल में उत्तर प्रदेश के तीसरी वरीय ऋषि यादव, चौथी वरीय आर्यमान चव्हाण, पांचवीं वरीय अनुरुद्ध कुमार, छठीं वरीय राघव प्रभु, अंश सक्सेना, हर्ष सिंह, अनुज कुमार भी अंतिम 16 में पहुंच गए। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित टूर्नामेंट का प्रायोजन शालीमार ग्रुप ने किया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीएसटी के सेवानिवृत्त चीफ कमिश्नर अजय दीक्षित ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर लामार्टिनियर कॉलेज के प्रधानाचार्य गैरी डोमिनिक एवरेट, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, इंडिया पेस्टीसाइड लिमिटेड के निदेशक विश्वास स्वरुप अग्रवाल व शालीमार ग्रुप के निदेशक कुणाल सेठ की गरिमामयी मौजूदगी रही।

### लक्ष्य ने जीती चतुर्थ महाना शतरंज ओपन की ट्रॉफी

लखनऊ। लखनऊ के प्रतिभावान युवा खिलाड़ी लक्ष्य निगम ने चतुर्थ कृष्ण बलदेव महाना शतरंज ओपन टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी टाईब्रेक स्कोर में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जीत ली। चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्लू-लखनऊ) द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित टूर्नामेंट में लक्ष्य और राज्य कर विभाग के पवन बाथम दोनों ने सातवें व अंतिम राउंड के बाद समान 6-6 अंक हासिल किए लेकिन लक्ष्य को टाईब्रेक में श्रेष्ठता का लाभ मिला। अनरेटेड वर्ग में हिमांशु मिश्रा शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 5 अंक के साथ सर्वश्रेष्ठ अनरेटेड खिलाड़ी रहे। टूर्नामेंट की स्टार खिलाड़ी लखनऊ की नव्या श्रीवास्तव बनी जिन्होंने महिला वर्ग में 7 में से 7 अंक अपने नाम किए।

# सात्विक-चिराग की नजरें खिताब पर

एजेंसी



ओडेंसे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 950,000 डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में देश के अभियान की अगुवाई करते हुए अपने शानदार प्रदर्शन को खिताब में बदलने की कोशिश करेंगे।

इस छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का पहला मुकाबला स्कॉटलैंड के क्रिस्टोफर ग्रिमली और मैथ्यू ग्रिमली से होगा। सात्विक और चिराग इस सत्र में भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। उन्होंने इस सत्र में हांगकांग और चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य पदक भी जीता और कई अन्य टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई।

पुरुष एकल में विश्व के 28वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन का सामना आयरलैंड के नहत गुयेन से होगा। महिला एकल में युवा अनमोल खरब का सामना अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया की सातवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी से होगा।

पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का सामना पहले दौर में चीनी ताइपे के लियू कुआंग हेंग और यांग पो हान से होगा। महिला युगल में रुतपर्णा पांडा और स्वेतापर्णा पांडा का मुकाबला स्कॉटलैंड की जूली मैकफर्सन और सियारा टोरेंस से, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी का बुल्गारिया की गैब्रिएला और स्टेफनी स्टोएवा से होगा। मिश्रित युगल में मोहित और लक्षिता जगलान, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी तथा ध्रुव कपिला और तनिषा कैस्टो की जोड़ियां अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगी।

# भारत की न्याय प्रणाली होंगी सबसे आधुनिक

## नये आपराधिक न्याय कानूनों को लागू करना 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधारः शाह



जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन को 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार (रिफॉर्म) बताते हुए सोमवार को कहा कि इससे लोगों को समय पर, सुलभ तरीके से और सरलता से न्याय मिलेगा।

यहां नए कानूनों पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद शाह ने कहा कि इनके संपूर्ण कार्यान्वयन के बाद देश की आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली बन जाएगी। शाह ने कहा कि मैं विश्वास के साथ कह रहा हूं कि इक्कीसवीं शताब्दी का सबसे बड़ा रिफॉर्म हमारे तीन आपराधिक न्याय कानूनों को आगे लागू करना है।इसके संपूर्ण क्रियान्वयन के बाद हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली पूरी दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली बन जाएगी, इसका मुझे पूरा विश्वास है। पुरानी व्यवस्था के तहत न्याय में होने वाली देरी पर शाह ने कहा कि कुछ मामले बिना सजा के 25 से 30-30 साल तक चलते रहते थे।उन्होंने कहा, लोगों को समय पर न्याय नहीं मिलता था। अब इससे मुक्ति मिल जाएगी। नए कानूनों के तहत प्रकियाओं को समयबद्ध किए जाने का उल्लेख करते हुए, शाह ने कहा कि जब हमने समयसीमाएं तय कीं तब सबके मन में संशय था कि क्या ऐसा हो पायेगा? लेकिन सिर्फ एक साल हुआ है, देश में पचास प्रतिशत से ज्यादा आरोप पत्र समय पर होने लगे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है एक और साल में ये नब्बे प्रतिशत तक पहुंच जायेंगे। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि भारत सरकार ने नयी प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए लाखों पुलिसकर्मियों, हजारों न्यायिक अधिकारियों और फोरेंसिक प्रयोगशालाओं व जेल कर्मचारियों का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। शाह ने कहा कि इन सुधारों से अदालत में प्रत्यक्ष रूप से पेश होने की जरूरत कम हो जाएगी। आरोपियों को जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया जाएगा, जबकि पुलिस अधिकारी, बैंक कर्मचारी, डॉक्टर और फोरेंसिक विशेषज्ञ भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो सकेंगे।इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि इससे विचाराधीन कैदियों के पुलिस हिरासत से भागने की संभावना भी कम हो जाएगी।शाह ने कहा कि देश में लागू तीन नए आपराधिक कानून लोगों को समय पर, सुलभ तरीके से और सरलता से न्याय देने का काम करेंगे। पूरे देश में किसी के भी साथ अन्याय होता है तो वो अदालत में जाना पसंद नहीं करता।हमारी न्यायिक व्यवस्था की छवि न्याय समय पर ना मिले, ऐसी बनी है। मैं विश्वास के साथ बताने आया हूं आपराधिक न्याय प्रणाली के तीन कानून आपको समय पर, सुलभ तरीके से, सरलता से न्याय देने का काम करेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईज ऑफ लिविंग के लिए ढेर सारे परिवर्तन किए लेकिन इन कानूनों के अमल के साथ ईज ऑफ जस्टिस के लिए भी बहुत बड़ा परिवर्तन होगा।इन कानूनों के माध्यम से हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दंड की जगह न्याय से प्रेरित होकर काम करेगी। शाह ने कहा कि पूरे देश में इसका सटीक क्रियान्वयन हो चुका है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के माध्यम से सभी राज्यों को सहायता करने के लिए मार्गदर्शन मिल रहा है।

# भारतीय रेलवे 50 वर्षों से उपेक्षित रही अब इसका कायाकल्प हो रहा है : वैष्णव



वलसाड (गुजरात)।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि भारतीय रेलवे पांच दशक से अधिक समय तक उपेक्षित रही, लेकिन अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के दौरान इसमें आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुजरात के वलसाड में एक सभा को संबोधित करते हुए रेल मंत्री ने यह घोषणा भी की कि आरपीएफ कर्मियों की भर्ती अब हर साल की जाएगी। इससे पहले हर चार से पांच वर्षों में आरपीएफ कर्मियों की भर्ती होती थी। वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि 50-60 वर्षों तक देश में रेलवे उपेक्षित रहा। आज रेलवे आमूलचूल परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। पिछले 11 वर्षों में लगभग 35,000 किलोमीटर पटरियां बिछाई गई हैं। यह रेलवे के इतिहास में अभूतपूर्व है। परिणामस्वरूप, आज अधिक ट्रेन चल रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ।,300 स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 110 स्टेशन का कार्य पूरा होने के बाद उद्घाटन किया जा चुका है, जबकि शेष स्टेशन पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 60,000 किलोमीटर पटरियों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। जब दुनिया भर के लोग रेलवे की इन विशाल उपलब्धियों को देखते हैं, तो वे चकित रह जाते हैं, क्योंकि समृद्ध देश भी इतने कम समय में इतना विद्युतीकरण हासिल नहीं कर पाए हैं। आरपीएफ के आधुनिकीकरण पर वैष्णव ने कहा कि आरपीएफ महानिदेशक के हालिया अनुरोध के अनुसार सभी अधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों को जल्द ही वीएचएफ (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी) वॉकी-टॉकी सेट मिलेंगे। कुछ दिन पहले ही, आरपीएफ महानिदेशक ने अनुरोध किया था कि बल के सभी अधिकारियों और फील्ड कर्मियों के पास वीएचएफ सेट होने चाहिए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष जल्द ही इसे मंजूरी दे देंगे, और मंजूरी मिलने के बाद, आप जितने चाहें उतने वीएचएफ सेट खरीद सकते हैं। पिछले साल आरपीएफ में 452 उप-निरीक्षकों की भर्ती की गई थी और अब 4,208 कांस्टेबल की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

## संक्षेप

### छठ पूजा के लिए समिति गठित

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा उत्सव की तैयारियों की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारिक बयान के अनुसार, कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।समिति छठ पूजा के आयोजन के लिए उपयुक्त स्थानों को चिह्नित करेगी और सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने से पहले श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा, स्वच्छता, परिवहन और समग्र सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करेगी।कपिल मिश्रा के नेतृत्व वाली समिति के सदस्यों में लक्ष्मी नगर के विधायक अभय कुमार वर्मा, संगम विहार के विधायक चंदन कुमार चौधरी, मटियाला के विधायक संदीप सहरावत और बादली के विधायक दीपक चौधरी शामिल हैं। मिश्रा ने कहा, छठ पूजा न केवल पूर्वांचल की बल्कि दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है। यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक है। दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने जानबूझकर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था की अवहेलना की।हालांकि, इस बार दिल्ली सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में त्योहार मनाए।

# निर्वाचन आयोग ने शुरू किया ईवीएम का वितरण

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की प्रभाव क्षमता में उम्मीदवारों का विश्वास बढ़ाने के लिए, निर्वाचन आयोग ने छह नवंबर को होने जा रहे बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण से पहले ईवीएम और पेपर ट्रेल इकाइयों का किसी पूर्व निर्धारित क्रम के बिना वितरण शुरू कर दिया है।

आयोग की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय और राज्य स्तर के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा ईवीएम प्रबंधन प्रणाली (ईएमएस) के माध्यम से किसी पूर्वनिर्धारित क्रम के बिना (रैंडमाइजेशन) मशीनों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा दूसरा वितरण मंगलवार को किया जाएगा। चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद कुल 54,311 बैलट यूनिट (बीयू), 54,311 नियंत्रण यूनिट (सीयू) और 58,123 वीवीपीएटी (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) यूनिटों को 45,336 मतदान केंद्रों वाले 121 विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी पूर्व निर्धारित क्रम के आवंटित किया गया।

# शांति के अवसर का लाभ उठाये इजराइल : ट्रंप



यरुशलम। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को इजराइली सांसदों से कहा कि उनके देश को युद्ध के मैदान में और कुछ हासिल नहीं करना है तथा हमास के खिलाफ दो साल के युद्ध तथा हिजबुल्ला और ईरान के साथ झड़पों के बाद पश्चिम एशिया में शांति के लिए काम करना होगा।

इजराइल और हमास के बीच अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ युद्धविराम समझौता हालांकि अब भी नाजुक स्थिति में है, फिर भी ट्रंप क्षेत्रीय सद्भाव को कायम करने के अवसर का लाभ उठाने के लिए दृढ़संकल्पित हैं। उन्होंने इजराइली संसद नेसेट में घोषणा की, अब से आने वाली पीढ़ियां इसे उस क्षण के रूप में याद करेंगी जब सब कुछ बदलना शुरू हुआ। इजराइली संसद में उनका एक नायक के रूप में स्वागत किया गया। ट्रंप ने कहा कि इजराइल ने हमारी मदद से हथियारों के बल पर वह सब कुछ हासिल कर लिया है जो वह कर सकता था। आप जीत गए हैं। मेरा मतलब है, आप जीत गए हैं। अब समय आ गया है कि युद्ध के मैदान में आतंकवादियों के खिलाफ इस जीत को पूरे पश्चिम एशिया के लिए शांति और समृद्धि के अंतिम पुरस्कार में बदला जाए। ट्रंप ने फलस्तीनियों से आतंक और हिंसा के रास्ते को हमेशा के लिए त्यागने का आग्रह करते हुए संघर्ष के दौरान तबाह हो चुके गाजा के पुनर्निर्माण में मदद का वादा किया। अत्यधिक पीड़ा, मृत्यु और कठिनाई के बाद, अब समय आ गया है कि इजराइल को तोड़ने की कोशिश करने के बजाय अपने लोगों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

# भूटान से आने वाले पानी के कारण बाढ़ आयी : ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि पड़ोसी देश भूटान से बहकर आने वाले पानी के कारण उत्तर बंगाल में बाढ़ आयी और उन्होंने भूटान से मुआवजे की मांग की।

राहत एवं पुनर्वास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर रही मुख्यमंत्री बनर्जी ने जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा में कहा कि भूटान से विभिन्न नदियों के माध्यम से बहकर आने वाले वर्षा जल के कारण क्षति हुई है।बनर्जी ने एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा, भूटान से आने वाले पानी के कारण हमें नुकसान हुआ है... हम चाहते हैं कि वे हमें मुआवजा दें। उन्होंने कहा, मैं पिछले कुछ समय से भारत-भूटान संयुक्त नदी आयोग के गठन पर जोर दे रही हूं और मेरी मांग है कि पश्चिम बंगाल को भी इसका हिस्सा बनाया जाए।हमारे दबाव में इस महीने की 16 तारीख को एक बैठक होनी है और हमारे अधिकारी उसमें शामिल होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने राज्य को आपदाओं से निपटने के लिए मिलने वाली आर्थिक सहायता से वंचित रखा है। बनर्जी ने जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा के बामनडांगा क्षेत्र में कई राहत शिविरों का दौरा किया, जो चार अक्टूबर को हुई भारी बारिश के कारण सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक है।इससे इस क्षेत्र में बाढ़ आ गई थी और दार्जिलिंग तथा उसके निचले इलाकों के ऊपरी इलाकों में जान-माल की व्यापक क्षति हुई थी। उन्होंने शिविरों में रह रहे पीड़ितों को आश्वासन दिया कि बाढ़ का पानी पूरी तरह से उतर जाने के बाद हम उन घरों का सर्वेक्षण करेंगे जो बह गए हैं, तथा उनके पुनर्निर्माण के लिए कदम उठाएंगे।मुख्यमंत्री बनर्जी ने यह भी कहा कि बाढ़ के दौरान पुराना पुल टूट जाने के बाद निकटवर्ती गाठिया और दियाना नदियों पर एक अस्थायी पुल का निर्माण किया गया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि बाढ़ के पानी में बह गए आधार कार्ड, पैन कार्ड, भूमि स्वामित्व आदि जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के नुकसान के कारण पीड़ितों को और अधिक कष्ट न उठाना पड़े, मैं उनसे आग्रह करती हूं कि वे चल रहे शिविरों में अपने नुकसान का पंजीकरण कराएं।

# केंद्र सरकार से नहीं मिली हिमाचल को पर्याप्त मदद : प्रियंका



शिमला। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने सोमवार को केंद्र सरकार पर आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश को पर्याप्त मदद नहीं देने का आरोप लगाया और दावा किया कि केंद्र, कांग्रेस शासित राज्यों की उपेक्षा कर रहा है।

प्रियंका ने यह टिप्पणी छह बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह की एक प्रतिमा का अनावरण किये जाने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए की। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित दौलत सिंह पार्क में वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने कहा, सुखविंदर सुक्खू के मुख्यमंत्री बनने के बाद हिमाचल में भारी बारिश हुई, लेकिन केंद्र सरकार ने कई बार अनुरोध करने के बावजूद कांग्रेस शासित राज्य को पर्याप्त मदद नहीं दी। प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केवल चुनाव जीतने में रुचि रखती है और उसने कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव किया है। इस मानसून में जून से सितंबर तक राज्य में बादल फटने की 47, अचानक बाढ़ की 98 और बड़े भूस्खलन की 148 घटनाएं हुईं, जिनमें वर्षाजनित घटनाओं में 270 लोग मारे गए। कुल नुकसान 5,426 करोड़ रुपये आंका गया। राज्य प्राधिकारियों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में भी हिमाचल प्रदेश में हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। दिवंगत नेता वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण के दौरान प्रियंका ने अपनी मां सोनिया गांधी के साथ मिलकर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी। छह फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ वाई एस परमार, महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्रियों इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं की प्रतिमाओं के पास स्थापित की गई है। बाद में रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, हमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और वीरभद्र सिंह जैसे नेताओं की जरूरत है, जो हमेशा ईमानदारी और सच्चाई के मार्ग पर चलते हुए लोगों के विकास के लिए समर्पित रहे। प्रियंका ने कहा, दुर्भाग्यवश देश में इस रास्ते पर चलने वाले बहुत कम नेता हैं, लेकिन कांग्रेस के राहुल गांधी निडर होकर लोगों के मुद्दे उठा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों के वास्ते काम करने के लिए सोशल मीडिया और पीआर से आगे जाने की जरूरत है। प्रियंका ने कहा, जब मैं पिछले चुनावों में प्रचार के लिए आई थी, तो लोगों ने मुझे वीरभद्र सिंह के लोगों से जुड़ाव और उनके सरल व्यवहार के बारे में बताया था।

## इंटरटेनमेंट...

# मनीष मल्होत्रा की पार्टी में नीता अंबानी का रॉयल लुक





**मुंबई।** डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया था। इस मौके पर जहां कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज ने शिरकत की, वहीं नीता अंबानी ने अपने लुक से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। लेकिन सबसे बड़ी बात यह रही कि सिर्फ उनका लुक ही नहीं, बल्कि उनके हाथ में नजर आ रहा पर्स भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा, जिसकी कीमत

**15 करोड़ के पर्स ने खींचा सबका ध्यान सिल्वर सीक्वेन साड़ी में आईं नजर**

करीब 15 करोड़ रुपए बताई जा रही है। नीता अंबानी ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सिग्नेचर सिल्वर सीक्वेन साड़ी पहनी थी। इस साड़ी पर बारीक शेवरॉन डिटेलिंग थी, जो इसे और भी खूबसूरत बना रही थी। अपने लुक को कॉम्प्लिमेंट करने के लिए उन्होंने हार्ट शेप्ड कोलंबियाई पन्ना वाले झुमके और उससे मेल खाता हुआ पन्ना और हीरे का ब्रेसलेट पहना था। इसके साथ ही उन्होंने हर्मीस का एक स्पेशल एडिशन मिनी बिर्किन बैग कैरी किया था, जिसकी कीमत लगभग 15 करोड़ रुपए है। वहीं, नीता अंबानी की बहू राधिका भी ऑफ वाइट साड़ी में बेहद खूबसूरत लगीं। राधिका की साड़ी शीयर फैब्रिक की थी, जिसे मोतियों से सजाया गया था। पॉपुलर डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने शनिवार को अपने घर में शानदार दिवाली पार्टी रखी, जिसमें बॉलीवुड के कई सेलेब्स ने शिरकत की। इस दौरान मलाइका अरोड़ा, करीना कपूर से लेकर रेखा तक का ग्लैमरस और फेस्टिव लुक देखने को मिला।

कृति सेनन स्टोन स्टड बॉडी फिटेड आउटफिट में पार्टी में पहुंचीं। सारा अली खान बनारसी हल्के नारंगी रंग के लहंगे में पहुंची थीं। करीना कपूर सफेद चिकनकारी सूट में पार्टी का हिस्सा बनीं। करीना कपूर सफेद चिकनकारी सूट में पार्टी का हिस्सा बनीं। मलाइका अरोड़ा ने मनीष मल्होत्रा की पार्टी में फिश ट्रेल मेटेलिक लहंगा पहना, जिसमें बड़े-बड़े स्टोन का वर्क था। जूलरी कैरी न कर एक्ट्रेस ने अपना लुक सिंपल रखा। मलाइका अरोड़ा ने मनीष मल्होत्रा की पार्टी में फिश ट्रेल मेटेलिक लहंगा पहना, जिसमें बड़े-बड़े स्टोन का वर्क था। जूलरी कैरी न कर एक्ट्रेस ने अपना लुक सिंपल रखा।

### सलमान खान-अरिजीत सिंह के बीच हुई सुलह

मुंबई। एक अवॉर्ड शो में सलमान खान और सिंगर अरिजीत सिंह के बीच अनबन हो गई थी, जिसके बाद दोनों का झगड़ा सुर्खियों में आ गया था। इसके बाद सलमान खान की फिल्म सुल्तान से अरिजीत का गाना हटा दिया गया, जिससे विवाद और बढ़ गया। हालांकि सालों बाद अब सलमान और अरिजीत के बीच सुलह हो चुकी है। सलमान ने खुद इस बात का खुलासा किया और साथ ही गलती मानते हुए कहा कि उनकी तरफ से ही मामले में गलतफहमी हो गई थी। हाल ही में बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार एपिसोड में कॉमेडियन रवि गुप्ता बतौर होस्ट पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सलमान से कहा कि उन्हें यहां आने में डर लग रहा था क्योंकि उनकी शक्ल अरिजीत सिंह से काफी मिलती है।

# सैयारा फेम एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने की रैंपवॉक



**मुंबई।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की लीड एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने रविवार को आयोजित लैकमे ग्रैंड फिनाले में बतौर शो स्टॉपर रैंप वॉक की। गोल्डन बॉडी फिटेड गाउन में अनीत पड्डा का बेहद ग्लैमरस लुक देखने को मिला। हालांकि चलने के स्टाइल पर कई लोग

**लैकमे फैशन वीक के ग्रैंड फिनाले में दिखा ग्लैमरस लुक, चलने के स्टाइल पर ट्रोलर्स के निशाने पर आई**

उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। अनीत पड्डा ने लैकमे फैशन वीक के ग्रैंड फिनाले में डिजाइनर तरुण तहलियानी का डिजाइनर आउटफिट पहना। ये डिजाइनर ड्रेस तरुण तहलियानी के न्यूली लॉन्च बीजेवेल्ड कलेक्शन का हिस्सा था। गोल्डन शिमरी आउटफिट को अनीत ने पर्ल ब्रेसलेट के साथ पेयर किया। गोल्डन हाई हील्स और खुले बालों में मिनिमल मेकअप के साथ अनीत ने लुक कंप्लीट किया है।

# 'सोल्जर' के 25 साल प्रीति बॉबी देओल का रीयूनियन



**मुंबई।** मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में शनिवार को कई बॉलीवुड सितारे शामिल हुए। इस दौरान एक्टर बॉबी देओल और एक्ट्रेस प्रीति जिंटा भी नजर आए। जैसे ही दोनों ने एक-दूसरे को देखा तो गले मिले। इनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और यूजर्स भी इस पर कमेंट कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि जैसे ही प्रीति जिंटा और बॉबी देओल आमने-सामने आते हैं तो दोनों खुशी-खुशी एक-दूसरे को गले लगाते हैं। इस दौरान बॉबी देओल की पत्नी तान्या देओल पीछे खड़ी होकर दोनों को देख रही होती हैं, तभी प्रीति जिंटा उनसे भी मिलती हैं और उनका हाथ पकड़कर पैपराजी के सामने पोज देने के लिए कहती हैं। इसके बाद तीनों मिलकर कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए पोज देते हैं। प्रीति के इस मिलनसार व्यवहार की सोशल मीडिया पर खूब तारीफ हो रही है। एक यूजर ने लिखा, मुझे नहीं लगता कि कोई प्रीति से नफरत कर सकता है, वह बहुत प्यारी हैं। वहीं कई लोगों ने तो फिल्म 'सोल्जर 2' की डिमांड भी कर डाली। बॉबी देओल और प्रीति जिंटा की जोड़ी साल 1998 में आई फिल्म सोल्जर में नजर आई थी। यह फिल्म उस साल 'कुछ कुछ होता है' के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। वहीं, प्रीति सनी देओल के साथ 'लाहौर 1947' से वापसी करने वाली हैं। जबकि बॉबी हाल ही में आर्यन खान के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए थे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com